जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 32 संख्याः 2 प्रभात उदयपुर, सोमवार 4 नवम्बर, 2024 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## मेजर मिनरल्स की नीलामी में राजस्थान ने रिकॉर्ड बनाया

### भजनलाल सरकार ने 86 मेजर मिनरल ब्लॉक्स नीलाम किये, वहीं मध्यप्रदेश ने 75, उड़ीसा ने 48 व कर्नाटक ने केवल 45 ब्लॉक्स की नीलामी की

जयपुर, 3 नवंबर। मुख्य मंत्री एवं खान मंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने मेजर मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी में समूचे देश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राजस्थान के माइन्स एवं भूविज्ञान विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में अक्टूबर माह तक भारत सरकार के ई पोर्टल के माध्यम से 32 मेजर मिनरल ब्लॉकों का सफल ऑक्शन कर नया रेकार्ड बना लिया है।

प्रमुख शासन सचिव माइन्स एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की जहां, अवैध खनन पर ज़ीरो टॉलरेंस की नीति रही हैं, वहीं, वैध खनन को बढ़ावा देने के लिए योजनावद्ध तरीके से मेजर मिनरल ब्लॉक्स तैयार कर पारदर्शी तरीके से भारत सरकार के ई पोर्टल के माध्यम से ई-नीलामी पर जोर रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान में पहली बार दो सोने की खानों में से एक की माइनिंग लीज़ व एक के कंपोज़िट लाइसेंस के लिए नीलामी हुई है।

प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने बताया कि नए प्रावधानों के बाद देश भर में अब तक 419 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी हुई है। जिसमें से राजस्थान में सर्वाधिक 86 मेजर मिनरल ब्लाकों की नीलामी हुई है वहीं मध्यप्रदेश में 75, उड़ीसा में 48, कर्नाटक में 45 और महाराष्ट्र में 40 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी हुई है। केन्द्र सरकार ने पहलीबार स्वयं के स्तर से भी क्रिटिकल मिनरल ब्लॉकों की नीलामी शुरु की है और 14 ब्लॉकों की नीलामी की है। राजस्थान सहित देश के खनिज उत्पादक प्रमुख प्रदेशों में मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी जारी है।

- **राजस्थान ने सबसे अधिक ब्लॉक्स नीलामी के साथ-साथ ही अवैध खनन पर ज़ीरो टॉलरैंस की नीति अपनाई है। इसका माइनिंग सैक्टर में बहुत अच्छा प्रभाव पड़ा है।**

रविकांत ने बताया उन्होंने बताया कि राजस्थान सहित 12 प्रदेशों व केन्द्र सरकार द्वारा मेजर मिनरल ब्लॉक्स की तैयारी व ऑक्शन की नियमित समीक्षा की जाती है। नई सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, जो स्वयं खान मंत्री भी हैं, ने अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश के साथ ही अधिक से अधिक ब्लॉक तैयार कर नीलामी पर जोर दिया ताकि वैध खनन को बढ़ावा दिया जा सके। इसी क्रम में राजस्थान में मेजर मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी का रोडमैप तैयार कर नीलामी की जा रही है।

टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य में इस वित्तीय वर्ष में 32 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी हो चुकी है, जिसमें से लाइमस्टोन के 22 ब्लॉकों व गोल्ड के एक ब्लॉक की माइनिंग लीज़ के लिए नीलामी हुई है, वहीं आयरन ओर के 5 ब्लाकों की कंपोजिट लाइसेंस व गोल्ड के एक ब्लॉक और बेसमेटल व एसोसिएटेड मिनरल्स के 3 ब्लॉकों की कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में अवैध खनन को रोकने और मिनरल एक्सप्लोरेशन के योजनावद्ध प्रयासों का ही परिणाम है कि अधिक से अधिक ब्लॉक तैयार कर पारदर्शी व्यवस्था के तहत भारत सरकार के ई पोर्टल के माध्यम से नीलामी की जा रही है।

## फर्रुखाबाद में भाजपा नेता ने आत्म हत्या की

फर्रुखाबाद, 03 नवंबर। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में, बीमारी से तंग आकर भाजपा कार्यकर्ता और पूर्व सभासद, व्यापारी अशोक पालीवाल ने रविवार को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

- **पूर्व सभासद, व्यापारी अशोक पालीवाल ने सुसाइड नोट में लिखा कि, उन्होंने लम्बी बीमारी से तंग आकर आत्म हत्या की।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भीनमाल में महिला व दो बच्चे जले

भीनमाल, 3 नवंबर। जालोर जिले के भीनमाल शहर में महावीर चौराहे पर स्थित एक मकान के कमरे में रविवार को शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। दिल दहला देने वाली आगजनी की इस घटना में एक महिला के साथ दो बच्चे भी जिंदा जल गए। आशंका जताई जा रही है कि ए.सी. में शॉर्ट सर्किट हो जाने की वजह से यह दुर्घटना हुई है। घटना की सूचना पर दमकल वाहन व पुलिस जाब्ता भी समय पर मौका स्थल पर पहुंच गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

ए.एस.आई. मोहनलाल ने बताया कि रविवार दोपहर बाद करीब पौने एक बजे ए.सी. में शॉर्ट सर्किट के कारण चेतन कुमार के मकान में आग लग गई। आग में जलने के कारण चेतन कुमार की पत्नी कविता (35), उसका बेटा ध्रुव ठाकुर (10) और बेटी गौरवी ठाकुर (5) की मौत हो गई है। ए.एस.आई. के अनुसार, महिला का पति, सास और परिवार के बाकी सदस्य सिरोही जिले में अपने रिश्तेदारों से मिलने गए हुए थे। ये तीनों मकान की छत पर बने कमरे में सो रहे थे, जब आग लगी। कमरे से धुआं निकलता देखकर पड़ोसियों ने घर में जाकर देखा लेकिन कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी, लेकिन अंदर सब कुछ जल चुका था। महिला और उसके बच्चों के जले हुए शव मिले। पुलिस ने तीनों के शव कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखे और पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिये।

- **शार्ट सर्किट से ए.सी. में आग लगने से कमरे में सो रहे मां-बच्चों की जलकर मौत हो गई।**
- **चेतन कुमार की पत्नी कविता तथा पुत्र ध्रुव व पुत्री गौरवी छत पर बने कमरे में सो रहे थे, बाकी परिवार सिरोही जिले में रिश्तेदारों के यहाँ गया हुआ था।**

## अमित शाह ने झारखंड में भाजपा का घोषणा पत्र जारी किया

### उन्होंने सोरेन को पेपर लीक पर आड़े हाथों लिया और युवाओं के लिए महत्वपूर्ण घोषणायें कीं

रांची, 03 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज यहां भाजपा का घोषणा पत्र जारी किया। इस मौके पर शाह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पर जमकर हमला बोला और युवाओं के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। रोजगार और पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि बेरोजगारी और पेपर लीक से त्रस्त युवा आज भाजपा के साथ अपना भविष्य ढूंढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हर परीक्षा में पेपर लीक की घटनाएं हुई है। चाहे वो 11वीं जेपीएससी की परीक्षा हो या फिर जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा या फिर लैब अस्टिटेंट की परीक्षा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आयी तो पेपर लीक माफियाओं को उल्टा लटका के सीधा कर देंगे।

शाह ने कहा, भाजपा ने झारखंड की जनता से वादा किया है कि उनकी सरकार आने पर जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा को रद्द करेंगे।साथ ही साथ सभी पेपर लीक मामलों की सीबीआई जांच कराएंगे।

भाजपा ने संकल्प पत्र में घोषणा की है कि वे खाली पड़े सभी 2 लाख 87 हजार खाली पदों को भरेंगे। साथ ही 5 लाख स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।पार्टी का यह भी वादा किया है कि 2 साल तक हर युवाओं को प्रति माह 2-2 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देंगे।

- **भाजपा ने वादा किया कि सरकार बनने पर जे.एस.एस.सी. सीजीएल परीक्षा को रद्द करेगी तथा सभी पेपर लीक मामलों की सी.बी.आई. से जाँच कराएगी।**

भाजपा ने यह भी वादा किया है कि बीएड, नर्सिंग और अन्य पाठ्यक्रमों की सरकारी संस्थानों में मुफ्त शिक्षा मिलेगी। साथ ही साथ निजी संस्थानों में ट्यूशन फीस माफ होगी।

फूलो झानो पढ़ो बीटिया योजना के तहत गरीब और पिछड़े वर्ग की बेटियों को केजी से पीजी तक की मुफ्त शिक्षा देंगे।

उन्होंने कहा कि, झारखंड को कौशल विकास के हब के रूप में विकसित करेंगे। इसके तहत 5 लाख युवाओं को ट्रेनिंग और 1 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे। सभी सरकारी नौकरियों और शैक्षिणक संस्थानों में आरक्षण व्यवस्था यथावत् रखी जाएगी और ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण बरकरार रहेगा।

## दिल्ली में आयोजित होगा पहला एशियाई बौद्ध सम्मेलन

### विभिन्न बौद्ध परंपराओं के विशेषज्ञ एवं विद्वान धर्म पर संवाद को बढ़ावा देने के लिए एक मंच पर एकत्रित होंगे

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 03 नवंबर। राष्ट्रीय राजधानी में पांच और छह नवंबर को पहला एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से किया जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन का विषय, एशिया को सुदृढ़ बनाने में बौद्ध धर्म की भूमिका है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

संस्कृति मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञिप्त के अनुसार, शिखर सम्मेलन के माध्यम से पूरे एशिया के विभिन्न बौद्ध परंपराओं के संघ नेताओं, विद्वानों, विशेषज्ञों और चिकित्सकों को एक साथ लाया जाएगा, ताकि संवाद को बढ़ावा दिया जा सके, समझ को बढ़ावा दिया जा सके और बौद्ध समुदाय के सामने आने वाली समकालीन चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

- **सम्मेलन में, भारत एक धम्म सेतु (पुल) विषय पर विशेष प्रदर्शनी आयोजित होगी।**

गौरतलब है कि, बौद्ध धर्म भारत और पूरे एशिया के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास में एक अद्वितीय स्थान रखता है।

इस दौरान एशिया को जोड़ने वाले धम्म सेतु (पुल) के रूप में भारत विषय पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह शिखर सम्मेलन पूरे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अब्दुल रहीम रादर जम्मू-कश्मीर विधानसभा के स्पीकर होंगे

श्रीनगर, 03 नवंबर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा। रविवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधायक दल की बैठक बुलाई। मीटिंग में कांग्रेस, सी.पी.आई. (एम.), आम आदमी पार्टी और निर्दलीय विधायक पहुंचे।

10 साल बाद हुए विधानसभा चुनाव के बाद नई सरकार में नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ विधायक अब्दुल रहीम रादर स्पीकर होंगे। रादर सातवीं बार विधायक बने हैं और केंद्र शासित प्रदेश की पहली विधानसभा में सबसे उम्रदराज विधायक हैं।

स्पीकर का चुनाव सोमवार सुबह 10:30 बजे से पहले होगा। इसके बाद उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा। बैठक में अब्दुल्ला सरकार की आगामी रणनीति और योजनाओं के बारे में भी चर्चा हो सकती है। बैठक में नेशनल कॉन्फ्रेंस के सभी विधायकों को भी बुलाया गया है।

अब्दुल्ला सरकार डिप्टी स्पीकर का पद भाजपा को दे सकती है। हालांकि, अब तक सरकार की ओर से भाजपा को इससे जुड़ी कोई जानकारी नहीं दी गई है। आज होने वाली बैठक में इस पर भी फैसला हो सकता है।

## बीकानेर में डेंगू मरीजों की संख्या सौ पहुंची

बीकानेर, 3 नवंबर। डेंगू ने इस बार दो साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। पी.बी.एम. हॉस्पिटल के मेडिसिन विभाग में 11 महीने में ही एक हजार पॉज़िटिव केस रिपोर्ट हुए हैं। एम.सी.एच. वॉर्ड में 50 बैड दिवाली पर भी फुल रहे।

पी.बी.एम. के मेडिसिन वॉर्ड के आउटडोर में औसत 800 से एक हजार रोगी वायरल बुखार से पीड़ित होकर आ रहे हैं। हालांकि, दिवाली की छुट्टी होने के कारण आउटडोर का समय सुबह 11 बजे तक ही के कारण मरीजों की संख्या आम दिनों की अपेक्षा कम रही। जानकारी के अनुसार, अधिकांश मरीज थ्रोम्बोसाइटोपेनिया वायरल के आ रहे हैं। ऐसे 60-70 मरीज रोज भर्ती हो रहे हैं, जिनमें से 20-30 के डेंगू पॉज़िटिव रिपोर्ट आ रही है। मेडिसिन विभाग के एच.ओ.डी. डॉ. सुरेंद्र कुमार वर्मा का कहना है कि सभी मरीजों का उपचार डेंगू मानकर ही किया जा रहा है। गंभीर हालत वालों को भर्ती किया जा रहा है। डेंगू के कारण हार्ट में प्रॉबलम, बार-बार बेहोश होने वाले केस भी इस बार आ रहे हैं।

मानसून में बारिश अच्छी होने के कारण शहर और गांवों में जगह-जगह पानी भरा है जिसमें डेंगू के मच्छर पनप गए हैं। हालांकि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने एंटी लार्वा अभियान चला रखा है, लेकिन उसके बाद भी डेंगू के रोगी पिछले सालों की तुलना में इस साल सबसे ज्यादा रिपोर्ट हुए हैं। वर्ष 2022 में पूरे साल में 783 और 2023 में 337 डेंगू के रोगी रिपोर्ट हुए थे, जबकि इस साल अब तक यह आंकड़ा एक हजार तक पहुंच गया है। हालात ये हैं कि हर दूसरे घर में लोग बुखार से पीड़ित हैं। घर में किसी एक सदस्य के डेंगू पॉज़िटिव आने पर धीरे-धीरे सभी उसकी जकड़ में आ रहे हैं। क्योंकि डेंगू का मच्छर स्वस्थ व्यक्ति को काटने के बाद यदि वहीं पर दूसरे स्वस्थ व्यक्ति को काट लेता है तो वो व्यक्ति भी डेंगू पीड़ित हो सकता है।

- **वर्ष 2022 में 783 डेंगू के मरीज आये थे।**
- **बीकानेर के पी.बी.एम. अस्पताल में रोज एक हजार वायरल पीड़ित मरीज आ रहे हैं। इनमें से 20-30 मरीज डेंगू पॉजिटीव आ रहे हैं।**

## राहुल गांधी बहन प्रियंका के लिए चुनाव प्रचार करने वायनाड पहुंचे

वायनाड, 03 नवंबर। राहुल गांधी आज वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए बहन प्रियंका गांधी के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे।

राहुल ने कहा कि, मैं पहली बार अपनी बहन के लिए प्रचार करने आया हूं, अब तक वही मेरे लिए प्रचार करती थी। मैं जब यहां सांसद रहा तो आपकी बहन, बेटी या मां नहीं बन सका। लेकिन अब मेरी बहन ये तीनों भूमिकाएं निभाएंगी।

- **राहुल गांधी ने कहा, प्रियंका आपकी बहन, बेटी और मां तीनों भूमिकाएं निभाएंगी।**

प्रियंका ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, मोदी जी का मकसद आपको बेहतर जीवन देना, नई नौकरियां, बेहतर स्वास्थ्य या शिक्षा देना नहीं है। वे बस किसी भी तरह से सत्ता में बने रहना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने गांधी परिवार की पारंपरिक रायबरेली सीट को चुना था।

## शिमला में शाही महात्मा गैंग के आठ तस्कर गिरफ्तार

### हिमाचल प्रदेश में नशीले पदार्थों की तस्करी में यह गैंग सबसे अधिक सक्रिय है

शिमला, 3 नवंबर। हिमाचल प्रदेश में नशीले पदार्थों के कारोबार को अंजाम देने वाले, अपर शिमला के सबसे बड़े शाही महात्मा गिरोह के आठ तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि इस गिरोह में स्थानीय युवकों के अलावा अंतरराज्यीय ड्रग पैडलर भी शामिल हैं। ज्यादातर तस्कर रोहड़ू के रहने वाले हैं। गिरफ्तार किए गए इन तस्करों में अल्तमस मकरानी (21) निवासी बिजनोर उत्तर प्रदेश, नवदीप नेगी (39) निवासी रोहड़ू, संदीप शर्मा (29) निवासी रोहड़ू, खुशी राम ठाकुर (28) निवासी रोहड़ू, सोमेश्वर (32) निवासी रोहड़ू, हनीश रांटा (25) निवासी कोटखाई और पुरूष्कृत वर्मा (33) निवासी रोहड़ू शामिल हैं।

शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने कहा कि इस वर्ष अब तक 210 मामलों में 462 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

- **इस गैंग के अधिकांश तस्कर रोहड़ू के रहने वाले हैं।**

गौरतलब है कि, इस गिरोह का खुलासा तब हुआ था जब कोटखाई पुलिस ने पिछले माह जम्मू-कश्मीर के रहने वाले एक तस्कर से 468 ग्राम चिट्टा पकड़ा था। इस तस्कर ने शाही महात्मा गैंग की पोल खोली थी। इसके बाद पुलिस ने गिरोह के सदस्यों को पकड़ने का जाल बिछाया और अब तक 26 सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह गिरोह पिछले कई सालों से सक्रिय था और वॉट्सएप के जरिये नशीले पदार्थों की तस्करी को अंजाम दे रहा था।

## पैंथर की चहल कदमी से पुष्कर मेले में दहशत का वातावरण

पुष्कर, 3 नवंबर। पुष्कर पशु मेला क्षेत्र के पास करीब छह फीट लंबा पैंथर वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में पकड़ में नहीं आया है। पुष्कर के ग्रामीणों में दशहत का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, पुष्कर में अंतर्राष्ट्रीय पशु मेला शुरू हो चुका है। ऐसे में पुष्कर आने वाले पशुपालकों के साथ पशुओं पर भी खतरा मंडराने लगा है। मेला मैदान से लगे हुए क्षेत्र शामला की ढ ाणी के खेतों में पैंथर की चहल कदमी देखी गई थी। पैंथर ने एक युवक पर भी हमला किया था।

वन विभाग के ए.सी.एफ. मुल्केश सालवान व पुष्कर थाना प्रभारी सी.आई. घनश्याम सिंह राठौड़ के नेतृत्व में वन विभाग व पुलिस टीम पूरे दिन पैंथर को कैद करने के प्रयास में जुटी रही, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। वन विभाग ने पिंजरा भी लगाया लेकिन पैंथर पिंजरे में कैद नहीं हुआ। वन विभाग के वनपाल सौरभ जैन ने बताया कि रविवार की सुबह विभाग की टीम ने मूवमेंट स्थल का दौरा किया। पैंथर के पग मार्क के आधार पर अनुमान है कि पैंथर पहाड़ी की ओर चला गया है।

- **मेला मैदान से सटी शामला की ढाणी में पैंथर दिखाई पड़ा, एक युवक पर हमला भी किया।**
- **वन विभाग व पुलिस की टीम दिन भर पैंथर को पकड़ने का प्रयास करती रही, पर उसे कामयाबी नहीं मिली।**
- **पुष्कर मेले में ग्रामीणों व पशुपालकों का आना शुरू हो गया है। पैंथर के मूवमैंट से भय का वातावरण बन रहा है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## श्रीनगर में ग्रैनेड हमले में 11 घायल

### रविवार को भीड़ भरे संडे मार्केट में तैनात सुरक्षा बलों को निशाना बना कर ग्रैनेड फेंका गया

श्रीनगर, 3 नवंबर। श्रीनगर में टूरिस्ट रिसेप्शन सैंटर (टी. आर. सी.) के पास भीड़भाड़ वाले संडे मार्केट में रविवार को आतंकवादियों के ग्रेनेड हमले में कम से कम 11 नागरिक घायल हो गए। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस हमले को 'बेहद परेशान करने वाला' बताया।

अधिकारियों ने बताया कि ग्रेनेड श्रीनगर में टी. आर. सी. के पास संडे मार्केट में तैनात सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर ग्रेनेड फेंका गया था, जो चूक गया और सड़क पर फट गया। जिससे 11 पैदल यात्री घायल हो गए। विस्फोट के बाद अफरातफरी मच गई और दुकानदार छिपने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

घायलों को इलाज के लिए महाराजा हरि सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया, घायलों में नौ पुरुष और दो महिलाएं हैं, जिनकी हालत फिलहाल स्थिर है।

- **घायलों में नौ पुरुष तथा दो महिलायें हैं। सभी की हालत स्थिर बताई गई है।**
- **पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने हमले के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है।**

घटना के तुरंत बाद पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने हमले के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी।

पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आई.जी.पी.) वी के बिरदी ने अस्पताल में घायल नागरिकों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।

आई.जी.पी. ने पीड़ितों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और आश्वासन दिया कि इस अपराध के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक वरिष्ठ पाकिस्तानी आतंकवादी कमांडर, उस्मान लश्करी उर्फ छोटा वलीद के श्रीनगर के पुराने शहर में सुरक्षा बलों द्वारा मारा गया था, जिसके एक दिन बाद यह ग्रेनेड हमला हुआ। ग्रेनेड हमले की व्यापक रूप से निंदा की गई है।

उमर अब्दुल्ला ने कहा,पिछले कुछ दिनों से घाटी के कुछ हिस्सों में हमलों और मुठभेड़ों की खबरें सुर्खियों में छाई हुई हैं। श्रीनगर के 'संडे मार्केट' में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की आज की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता

मुख्यमंत्री ने कहा,सुरक्षा तंत्र को जल्द से जल्द हमलों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि लोग बिना किसी डर के अपना जीवन जी सकें।

जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख, तारिक कर्रा ने ग्रेनेड हमले की निंदा करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस को ऐसे क्रूर और अमानवीय हमलों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं हंदवाड़ा के विधायक सज्जाद लोन ने कहा कि हिंसा का यह कृत्य, जिसका उद्देश्य डर पैदा करना और नुकसान पहुंचाना है, प्रत्येक नागरिक के लिए सुरक्षित और शांतिपूर्ण भविष्य की दिशा में काम करने के संकल्प को मजबूत करता है। उन्होंने कहा,हम इस तरह के मूर्खतापूर्ण कृत्यों के खिलाफ एकजुट हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

## केदारनाथ के पट शीतकाल के लिए बंद

श्री केदारनाथ धाम, 03 नवंबर। विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट रविवार को भैया दूज के पावन पर्व पर प्रातः साढ़े आठ बजे शीतकाल के लिए बंद हो गए।

ऊं नमः शिवाय, जय बाबा केदार के जय घोष तथा भारतीय सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच वैदिक विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के साथ कपाट बंद किए गए। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय समेत 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। मंदिर को दीपावली के दिन से ही भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था।

अजेन्द्र अजय की उपस्थिति में रविवार प्रातः पांच बजे कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। बीकेटीसी के आचार्य, वेदपाठियों, पुजारीगणों ने भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की समाधि पूजा की। स्वयंभू शिवलिंग को भस्म, स्थानीय पुष्पों, बेल पत्र आदि से समाधि रूप दिया गया। प्रातः 08:30 बजे बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर से बाहर लाया गया इसके बाद श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए।

- **वैदिक विधि-विधान के साथ कपाट बंद होने के समय 15 हजार से अधिक श्रद्धालू मौजूद थे।**

कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने अपने पहले पड़ाव, रामपुर के लिए प्रस्थान किया। हजारों श्रद्धालु बाबा की पंचमुखी डोली के साथ पैदल ही रवाना हुए। श्रद्धालुओं के लिए जगह - जगह भंडारे आयोजित किये गये थे।

कपाट बंद होने के अवसर पर अजय ने कहा कि इस यात्राकाल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी**

# दिवाली भी हो ली!

पूरे साल जिस पर्व का व्याकुलता से इंतज़ार रहता है वह जैसे पलक झपकते ही आता है और अतीत हो जाता है। क्या केवल मुझको ऐसा लगता है, या आपको भी ऐसा ही लगता है? कितने दिनों से हम इस त्योहार की तैयारियों में जुटे रहते हैं! घरों की सफाई करते हैं, अनावश्यक सामान घर से बाहर निकालते हैं और जिसे हम अब ज़रूरी मानने लगे हैं उसे खरीदने की योजनाएं बनाते हैं। लोग नई खरीद के लिए बजट में प्रावधान करते हैं और अब तो हालत यह हो गई है कि बड़ी चीज़ें खरीदने के लिए आपको पहले से ज़्यादा इंतज़ार करना पड़ता है। पहले आप कुछ खरीदते थे तो बेचने वाला उपकृत अनुभव करता था, अब आप खरीदने जाते हैं तो बेचने वाला जैसे आप पर एहसान करता है। ख़ास तौर पर बड़े उपभोक्ता उत्पादों के मामले में ऐसा होने लगा है। आप बड़ा टीवी, बड़ी कार या ऐसी ही कोई चीज़ खरीदना चाहें तो बहुत सम्भावना यही है कि उसके लिए आपको न केवल प्रतीक्षा करनी पड़े, बेचने वाले की चिरौरी भी करनी पड़े, कि वह आपको आपकी इच्छित तिथि को ठीक वही उत्पाद दे दे जो आप लेना चाहते हैं, जैसे किसी ख़ास मॉडल का टीवी या किसी ख़ास रंग और मॉडल की कार। उपभोक्ता राजा है वाली बात अतीत हो चुकी है।

इस बात की मैं शिकायत नहीं कर रहा हूं। समय बदलता है और समय के साथ काफी कुछ बदलता है। जिस काल में मैं बड़ा हो रहा था उस काल में अगर हमें बैंक की किसी सेवा की ज़रूरत होती थी तो बैंक वह सेवा देकर हमें उपकृत करता था। बैंक में खाता खुलवाना, चैक बुक लेना बहुत बड़ी बात होती थी। लॉकर मिल जाना तो जैसे लॉटरी लग जाना था। अब स्थितियां उलट गई हैं। बैंक वाले आपके आगे-पीछे घूमते हैं कि आप खाता खुलवा लें, लॉकर ले लें। यह एक उदाहरण है। ऐसे बहुत सारे बदलाव हम देख रहे हैं।

ये सारे बदलाव हमारे रिश्तों, सामाजिक संबंधों, रीति-रिवाज़ों और त्योहारों के मनाने के तौर-तरीकों में भी नज़र आ रहे हैं। इन्हें मुझ जैसे लोग अधिक लक्ष्य इसलिए कर पाते हैं कि हमने वो ज़माना भी देखा है और यह ज़माना भी देख रहे हैं। देख तो सभी रहे हैं, लेकिन हम जैसों के पास थोड़ा और पीछे की स्मृतियां भी हैं और हम कल और आज की तुलना कर सकते हैं। मैं अपनी बात को केवल बदलावों को बताने तक सीमित रखना चाहता हूं। कोई मूल्य निर्णय करना, किसी एक स्थिति या तरीके को अच्छा और दूसरे को बुरा कहना मुझे ठीक नहीं लगता। मेरी पीढ़ी के बहुत सारे लोग अतीत पर मुग्ध और वर्तमान से स्थायी रूप से क्षुब्ध रहते हैं। उनके हिसाब से कल जो भी था महान था और आज जो भी है वह पतन की पराकाष्ठा है। मेरा सोच ऐसा नहीं है। मैं मानता हूं कि बहुत सारे बदलावों ने हमारे जीवन को बेहतर भी बनाया है। और यह भी कि बहुत सारे बदलाव समय की मांग हैं। उन्हें होना ही था।

दीपावली के संदर्भ में मैंने बाज़ार की स्थिति की चर्चा की। वैसे तो दीपावली का संबंध लक्ष्मी जी से और इसलिए समृद्धि से है, इसलिए उसके संदर्भ में बाज़ार की अनदेखी की ही नहीं जा सकती है, लेकिन मैंने देखा है कि समय के साथ इस त्योहार में बाज़ार की भूमिका बढ़ती गई है। और इस त्योहार में ही क्यों, उसके अतिरिक्त भी। ध्यान दीजिए कि अब साल में कितनी बार ऐसे मुहूर्त आते हैं जब खरीददारी करना शुभ और मंगलकारी होता है। मेरे बचपन और किशोरावस्था में ऐसे मुहूर्त नहीं आते थे। अब जैसे ही कोई त्योहार आता है, मेरे घर आने वाले अख़बारों की पृष्ठ संख्या बढ़ जाती है, और यह कहने की ज़रूरत तो नहीं है, फिर भी कह देता हूं कि ये बढ़े हुए पृष्ठ विज्ञापनों के होते हैं। रंग-बिरंगे और आकर्षक। हमें ललचाते हुए। केवल दिवाली पर ही नहीं, अन्य करीब-करीब सारे पर्वों और त्योहार के अवसरों पर ऐसा ही होता है। बाज़ार खूब सजते हैं, आवाज़ देकर हमें अपने पास बुलाते हैं, और हम भी खुद को रोकते-रोकते उसके पास जाने से बच नहीं पाते हैं।

**हमारे अधिकांश त्योहार धर्म के इर्द-गिर्द बने हुए हैं। उन्हें मनाने में भी पहले धर्म और धार्मिक परंपराओं का भाव प्रबल रहता था। अब आए बदलावों की वजह से इसकी जगह वैभव प्रदर्शन और चमक-दमक, चकाचौंध और शोर-शराबे ने ले ली है। धर्म व तत्संबंधी परंपराएं नेपथ्य में चली गई हैं। पारिवारिकता और सामाजिकता के स्थान पर भी औपचारिकता का निर्वाह अधिक होने लगा है।**

पहले त्योहारों पर अधिकांश काम हम खुद करते थे, अब अपनी-अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार वे काम दूसरों से करवाते हैं। लगभग ढाई तीन दशक पहले मेरी मां घर में पुताई भी ख़ुद करती थीं, सफाई वगैरह तो करती ही थीं। अब यह काम हम औरों से, पैसे देकर करवाने लगे हैं। पहले त्योहारों पर मिठाई घर में बनाई जाती थी और पूरा परिवार कई दिन इस गृह उद्योग में जुटा रहता था। अब सब कुछ बाज़ार से आता है। इसमें भी फ़र्क़ आ गया है। मैं अपनी ज़िंदगी के काफी बड़े भाग में बहुत छोटे कस्बों में रहा हूं। त्योहारों पर, ख़ास तौर पर दिवाली पर हम लोग बस में बैठ कर पास के अपेक्षाकृत बड़े कस्बे से मिठाई लाते हैं। अब ऐसा करने के लिए हममें से बहुत सारे लोग स्विगी ज़ोमैटो जैसी डिलीवरी सेवाओं पर निर्भर हो गए हैं। पहले दिवाली पर हम हाथ से शुभ कामना संदेश लिखकर और उन संदेशों पर जैसी-तैसी चित्रकारी करके डाक से भेजते थे, फिर छपवा कर कार्ड भेजने लगे और अब वॉट्सएप और अन्य सोशल मीडिया पर शुभ कामनाओं का आदान-प्रदान हो जाता है। हर्र लगे ना फिटकरी। एक ज़माना था जब त्योहारों पर लोग अपनों के घर जाते थे, तसल्ली से बैठकर गपशप करते, घर में बने पकवान खाते और उनकी सराहना करते। फिर उपहारों के आदान-प्रदान का चलन हुआ, और अब त्योहारों पर अपनों के घर आना-जाना भी जैसे समाप्त ही हो गया है। मोबाइल पर शुभ कामनाओं का आदान-प्रदान हो जाता है। अगर उपहारों का आदान-प्रदान होना है तो उसके लिए भी स्वयं जाना ज़रूरी नहीं रह गया है। बहुत मज़े की बात यह कि मिठाई की दुकानें खूब सजती हैं, मिठाइयों में नवाचार भी बहुत होते हैं, समाचार माध्यमों में उनकी अत्यंत महंगी किस्मों की रस ले लेकर चर्चा होती है, शाम होते-होते मिठाई की दुकानें खाली हो जाती हैं लेकिन लोग मिठाई खाते बहुत कम हैं। वजह यह कि लोग अब अपनी सेहत के प्रति ज़्यादा जागरूक हो गए हैं।

हर त्योहार पर उसकी कुछ परंपराओं को लेकर वाद-विवाद होने लगा है और लोग सीधे-सीधे दो गुटों में बंटकर टकराने लगे हैं। दिवाली पर पटाखों को लेकर, तो होली पर पानी को लेकर, बकरा ईद पर जीव हत्या को लेकर तो नव वर्ष पर उसके विदेशी होने को लेकर विवाद अब इतने आम हो चुके हैं कि ऐसा लगता है जैसे ये विवाद भी त्योहार का ही हिस्सा हैं। ऐसे ज़्यादातर विवाद तार्किक न होकर पूर्वाग्रह और ज़िद से भरे होते हैं और इनका अंत कटुता में होता है। अब यह बात भी समझ में आने लगी है कि इनमें से बहुत सारे विवाद बाकायदा प्रायोजित होते हैं। उदाहरण के लिए देखें कि एक ख़ास समय पर चीन में बनी हुई झालरों का विरोध शुरु होता है। और जब विरोध करने वालों को उसमें फायदा नज़र नहीं आता तो विरोध होता ही नहीं है, जैसे इस बरस नहीं हुआ। ऐसे बहुत सारे प्रसंग याद किए जा सकते हैं। ये विवाद इस बात का भी संकेत देते हैं कि हममें से बहुत सारे लोग अब पहले से ज़्यादा असहिष्णु हो गए हैं। हमें अपनों से ज़्यादा दूसरों की बुराइयां नज़र आती हैं और हम बढ़-चढकर उनकी चर्चा करते हैं। जब हमें कोई अपनी किसी कमी की याद दिलाता है तो हम जवाब में दूसरों की कमियां गिनाने लगते हैं या यह सवाल करने लगते हैं कि तुम हमारी बात क्यों कर रहे हो, उन की बात क्यों नहीं कर रहे?

हमारे अधिकांश त्योहार धर्म के इर्द-गिर्द बने हुए हैं। उन्हें मनाने में भी पहले धर्म और धार्मिक परंपराओं का भाव प्रबल रहता था। अब आए बदलावों की वजह से इसकी जगह वैभव प्रदर्शन और चमक-दमक, चकाचौंध और शोर-शराबे ने ले ली है। धर्म व तत्संबंधी परंपराएं नेपथ्य में चली गई हैं। पारिवारिकता और सामाजिकता के स्थान पर भी औपचारिकता का निर्वाह अधिक होने लगा है।

लेकिन जैसा मैंने कहा, ये सारे परिवर्तन कुछ तो समय और स्थितियों की वजह से हो रहे हैं और कुछ हमारी मानसिकता में आए बदलावों के कारण हो रहे हैं। इन सबके बावज़ूद त्योहार हमारे लिए अपरिहार्य हैं। वे हमारी ज़िंदगी की एकरसता को तोड़ते हैं और बदले वक्त में जितनी भी गुंजाइश बची हुई है उतनी सामाजिकता का पोषण करते हैं।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# जो दूण राखे निज धर्म को तेहि राखे करतार -बटेंगे तो कटेंगे- जुमले का पर्याय



प्रो. वीर बहादुर सिंह

वाक्य प्राचीन होते हुए भी सार्वभौमिक है। इस शीर्षक का पहला भाग आगरा के जिस महाविद्यालय में मैंनें शिक्षा प्राप्त की, उसके मुख्य भवन पर लिखा है। वर्तमान परिपेक्ष में राजनीतिक हल्कों में विशेष रूप से उत्तरप्रदेश में उपरोक्त जुमला काफी प्रयुक्त हो रहा है, परिपेक्ष चुनाव हो सकता है अथवा हिन्दू मुसलमान कनफ्लिक्ट अथवा संघर्ष। ये संघर्ष छोटे-मोटे, यदा-कदा और लोकल पॉकेट्स से लेकर व्यापक स्तर तक के हो सकते हैं। व्यापकता और पुनरावृति इस बात पर निर्भर करेगी कि संघर्ष या विरोध का कारण क्या है ? और क्या उसे लोकल स्तर पर ही नहीं सुलझाया जा सकता? और क्या उस संघर्ष में कोई राजनीतिक पक्ष भासित हो रहा है? ऐसे अनेक प्रश्न हो सकते हैं उस संघर्ष के बारे में। ग्रामीण परिवेश के अनेक साधारण मसले बहुधा वहीं बैठ कर सुलझा लिए जाते हैं। लेकिन जब छोटे मसले भी राजनैतिक दृष्टि से इतना अधिक उलझा दिए जाते हैं कि उनका समाधान फिर स्थानीय स्तर पर करना असंभव हो जाता है।

राजनैतिक पार्टिओं ने देश का सामाजिक वातावरण कहीं अधिक दूषित और धूमिल कर दिया है जिससे ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी, समस्या का समाधान निकालना दूभर हो जाता है और उन्हें अनदेखा छोड़ने से उनकी व्यापकता विकराल हो जाती है फिर उठा जनता संसाधनों को नष्ट करने लगती है, जिससे आम जनता भी त्रश्त होती है और पुलिस का जमावड़ा संलग्न होने से व्यवस्था सुधरने के वजाय और अधिक जटिल बनती जाती है। अब तो हालात ऐसे हैं कि सरकार के हर काम में राजनितिक हस्तक्षेप होने लगा है।

विरोधी पार्टियां समाधान के पक्ष में कुछ कर पाने के वजाय अपने वक्तव्यों से स्तिथि को और जटिल बना देते हैं। देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तरप्रदेश जहाँ जनसँख्या भी सर्वाधिक और उसका घनत्व भी। ऐसा माहौल राजनैतिक पार्टिओं को खूब भाता है। जहाँ कभी-कभी ये पता नहीं चलता कि कौन और कितने पक्ष में हैं और कितने विपक्ष में ? लॉज़िक की दृष्टि से भी समस्या को आंकना दुस्कर हो जाता है। इसी प्रदेश से इस लेख का जुमला निकला है। 'बटोगे तो कटोगे'। जहाँ मंदिर मस्जिद विवाद सदिओं तक चला और सर्वोच्च न्यायलय में न जाने योग्य मसले को भी सुप्रीम कोर्ट को हल करना पड़ा।

मैं समझता हूँ कि इस देश की जनता वाकई शांति पसंद है और जीवन में शांति ही चाहती है तो फिर ऐसे विवाद उत्पन्न होने ही नहीं चाहिए। जनता का कोई एक वर्ग किसी असंतोष के कारण यदि दो-तीन हाईवे भीड़ से जाम कर दें और महीनों तक आवागमन रुका रहे जनता को उससे कितनी ही परेशानी हो, सरकार लाचार होकर देखती रहती है। समस्या को सुलझाने के स्थान पर उलझाने वाले अधिक तर विरोधी पार्टिओं के होते हैं। मैंनें आज तक नहीं देखा जब किसी विरोधी पार्टी की संलग्नता के कारण कोई समस्या का समाधान निकला हो? व्यवधान और विरोध ही कुछ लोगों का लक्ष्य रहता है। अतिरिक्त इसके बहुधा अपराध प्रवर्ति के कारण स्तिथि बिगड़ती ही है सुधरती नहीं। उपरोक्त जुमला मुसलमानों की बढ़ती जनसख्या और उससे उपजती समस्याओं के कारण उपजा है। नॉन मुस्लिम देश लगभग सभी अब इस प्रवर्ति को रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

इतिहास साक्षी है कि मुसलमानों ने सदैव तलवार और अराजकता, से अन्य देशों पर अपना प्रभुत्व कायम किया। आज दुनिया में लगभग 57 देश मुस्लिम हैं और मुस्लिम धर्म को मानने वाले हैं। उनकी विस्तारवादी प्रवर्ति से अन्य धर्मालम्बी परेशान हैं। हिन्दुओं का केवल भारत देश ही है जो अशोक साम्राज्य के बाद बिघटित होता गया, रही-सही कसर आज़ादी के बाद बटवारे के फलस्वरूप बने पाकिस्तान और बांग्लादेश ने पूरी कर दी। बटवारे के समय धर्म के आधार पर मुस्लिमों को पाकिस्तान और बांग्लादेश दे दिए गए, जिससे भारत भूभाग काफी छोटा रह गया। इसके उपरांत भी गाँधी की मुस्लिम परस्त सोच ने बिना किसी विधान और राजनैतिक विचार व् कानून के एक बड़ी संख्या मुसलामानों की भारत में रोक ली गयी। किसी ने भी इस पर एतराज नहीं किया और न कहीं आंदोलन हुए। समय के साथ यही वर्ग कांग्रेस पार्टी का वोट बैंक बन गया। कांग्रेस और नेहरू जो कि पहले प्रधान मंत्री बने उन्होंने इस काम को अंजाम दिया। इस पर भी गाँधी को राष्ट्रपिता का ख़िताब देकर उनका चित्र भारत की करेंसी पर छापा जाने लगा जो आज भी हो रहा है।

लेखक का यहाँ यह प्रश्न है कि पाकिस्तान देश बनने पर जिन्ना तो पाकिस्तान के प्रधान मंत्री बने और डेमोक्रेसी को अलग छिड़कते हुए भारत में सुभाष बोस की जगह नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया। फिर भी तत्कालीन राजनीतिज्ञों का पेट नहीं भरा, और गाँधी को ह्यराष्ट्रिपता' और नेहरू को चाचा घोषित कर दिया । यह काम कितना मूर्खता का था कि गाँधी ने पाकिस्तान बनाया और बांग्लादेश, जबकि वे बटवारे के विरोधी कहे गए। सिद्धान्तः गाँधी पाकिस्तान और बांग्लादेश के राष्ट्रपिता होने चाहिये थे। भारत तो बहुत पहले से ही एक राष्ट्र मौजूद था, वहां दुबारा कोई पिता कैसे हो सकता है? इस पर भी बटवारे के समय तथाकथित शांति के पुजारी ने इतनी अशांति उत्पन्न कर दी कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से विस्थापित हिन्दुओं की मुसलमानों ने मारकाट, बलात्कार महिलाओं के अंग भग कर भीमत्स नज़ारा उत्पन्न किया और वो दशा कर दी जो विश्व ने कभी देखी न होगी और न आगे कभी देख सकेंगे। रेल गाड़ियां गंभीर घायल, क्षत विक्षिप्त और मृतकों को लेकर भारत पहुंची थी।

वाह मेरी आज़ादी और शांति के पुजारी, तुझ पर बलि बलि जाऊं। इतिहास की पृष्टभूमि से सबक लेते हुए शीर्षक 'बटेंगे तो कटेंगे' का जुमला सोशल मीडिया और राजनैतिक गलियारों में प्रमुखता से प्रसिद्धि पा रहा है जो संज्ञान और शिक्षा लेने लिए उचित उदाहरण प्रस्तुत करता है। वैसे भी कोऑपरेशन का सिद्धांत मैंनें पढ़ा था कि 'यूनियन इज़ स्ट्रेंथ' अथवा संघठन में ही शक्ति है। इसलिए जुमला का सर्वत्र प्रचार-प्रसार बहुत जरुरी है और उससे भी जरुरी संचार और प्रिंट मीडिया जो व्यक्तिगत न होकर समाज विशेष के हों सक्रीय होने चाहिए। आज़ादी और उसके उपरांत सभी मीडिया नपुंसक और बिकाऊ बन गए हैं, उन्हें जाग्रत नहीं किया जा सकता, दूसरी और इतिहास कार है जिन्होंने अपना फर्ज ईमानदारी से नहीं निभाया और अभी भी नहीं निभा रहे हैं। इसलिए समाज के विद्युत जन बीड़ा उठायें आज़ादी और उसके बाद के समय का वो इतिहास /घटनाएं/सरकारी निर्णय जिनसे जनता प्रभावित हुयी अथवा हो रही है को प्रभावी ढंग से लिपिबध्य किया जाय। इससे आगे की इस देश की पीढ़ी अपने पूर्वजों और उनके काल की सही स्तिथि पढ़ कर सही जानकारी कर सकें। ध्यान रहे यह काम सरकार का नहीं है यदि हम चाहते हैं कि घटनाओं का सही विवरण अगली पीढ़ी को पढ़ने को मिले तो समाज को यह पुण्य कार्य करना ही होगा अन्यथा भविष्य की पीढ़ियां अपने भूतकाल से बेखबर और अनजान ही बनी रहेंगी। अतः जुमला बटोगे तो कटोगे बहुत ही उपयुक्त है, जब दूसरे धर्म के अनुयायी एकजुट रह सकते हैं तो सनातनी समुदाय को क्या हिचक है?

भारत में मुसलमान आतंक मचाते हुए आये, दिल्ली नरेश पृथ्वीराज चौहान की वीरता से मोहम्म्द गोरी खौफ खाता था उसने दसिओं बार भारत पर आक्रमण किया परन्तु पृथ्वीराज चौहान से उसको शिकष्त ही मिली। और भी राजा उस समय देश में थे लेकिन एक कन्नौज का जयचंद जो उनका सम्बन्धी भी था, चौहान का धुर विरोधी होकर किसी ऐसी युति में संलग्न था जिससे पृथ्वीराज चौहान को शिकष्त दे सके। इसी योजना के तहत मोहमम्द गोरी जयचंद से मिल कर पृथ्वीराज को मार पाया और देश में मुसलमानों का आवागमन सुगम होता चला गया और मुस्लिम बाबर से लेकर बहादुरशाह तक हिन्दुस्तान पर राज किया और अनेक अत्यचार किये।

अकबर के शासन में जयपुर घराने के तत्कालीन राजा मानसिंघ अकबर की सेना के सेनापति होते थे, लेकिन मेवाड़ के महाराणा प्रताप अकेले ऐसे हिन्दू राजा थे जिन्होंने अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की। यदि देश के तत्कालीन राजा उस समय एकजुट होकर आक्रांताओं का सामना करते तो देश में मुस्लिम और अंग्रेजी शासन कभी नहीं होता। इसलिए अपने-अपने समाज, देश और संस्कृति की सुरक्षा के लिए एकजुटता आवश्यक है। जिस दिन ऐसा हो जायेगा जयचंद लोग चुप बैठ जायेंगे और अन्य देशों के साथ मिल कर भारत को कमजोर करने वाले भी अलग-थलग होकर आम जनता से बहिस्कृत कर दिए जायेंगे। आकाश में जिस प्रकार अनगिनित तारे विचरण करते दीखते हैं सब अपनी-अपनी राह पर और निश्चित दूरी पर ही रहते हैं। ऐसे ही हम सभी एक साथ रहे, एक साथ काम करें और किसी से अनायास ही न भिड़ें। अंत में एकता में ही शक्ति निहित है याद रखे, कोई प्रलोभन आपको अपने उद्देश्य से डिगा न सके, देश को आपसे ऐसी ही आशा है।

**–अतिथि लेखक,**
**प्रो. वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व कुलपति एवं खाद्य विज्ञ,**
**महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर।**

# ग्राइंडिंग मिनरल्स से निकलने वाली धूल ग्रामीणों के लिये आफत बनी

**आसींद, (निसं.)।** उपखंड क्षेत्र के बोरेला ग्राम पंचायत के अंतर्गत बाजुंदा मार्ग पर रघुनाथपुर की ढाणी के निवासियों का ग्राइंडिंग मिनरल्स से निकलने वाली धूल से जीना दुश्वार हो रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि आबादी क्षेत्र में संचालित ग्राइंडिंग मिनरल की मिलें पिछले 30 वर्ष से संचालित है तथा इन ग्राइंडिंग मिनरल्स की मिलो में पत्थर पिसाई का कार्य किया जाता है। पत्थर पिसाई के दौरान निकलने वाला अपशिष्ट भी चारागाह भूमि में अस्त-व्यस्त तरीके से डाल रखा है जिससे ग्रामीणों के मवेशियों को विचरण करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार तो मवेशी इन सफेद पाउडर के दलदल में फंसकर अपने प्राण तक त्याग चुके हैं।

गांव के ही धर्मीचंद ने बताया कि उसकी एक चाय की होटल संचालित थी लेकिन इन मिनरल फैक्ट्री से निकलने वाले धूल के कारण आज बेरोजगार होकर घर पर कृषि कार्य करने को मजबूर हैं। आए दिन मिनरल फैक्ट्री से निकलने वाले धूल के गुबार के कारण आसपास के घरों में सफेद मिट्टी की चादर परतों के रूप में जम जाती है जिससे कस्बेवासियों को सिलिकोसिस नामक गंभीर बीमारी होने का खतरा बना हुआ है। पूर्व में भी गांव में पांच सिलिकोसिस के रोगी पाए गए हैं तथा यदि समस्या का निराकरण नहीं होता है तो वहां निवासरत परिवारों के सदस्यों को भी इस गंभीर बीमारी के होने का अंदेशा बना हुआ है। कई बार इन मिनरल्स संचालकों को ग्रामीणों के द्वारा समस्या के बारे में अवगत करवाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है तथा गांव के ही कुछ लोग जो इन मिनरल्स में काम करते हैं वह भी सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित होकर अपने दुख की दास्तां बयां कर रहे हैं। सिलिकोसिस नामक गंभीर बीमारी जिसकी पहचान दांत पीले और हड्डी जाम जो वहां पर ग्रामीणों में देखने को मिली।



**कई ग्रामीण सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित होकर अपने दुख की दास्तां बयां कर रहे हैं।**

- **आबादी क्षेत्र में संचालित ग्राइंडिंग मिनरल की मिलें पिछले 30 वर्ष से संचालित है**
- **कस्बेवासियों को सिलिकोसिस नामक बीमारी होने का खतरा बना हुआ है**

कई ग्रामीणों का तो यहां तक आरोप है कि खेतों में फसल बुवाई के दौरान सफेद मिट्टी की समस्या का पुरजोर सामना करना पड़ता है। जिससे फसल खराबी की भी आशंका बनी रहती है।

साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारी जांच के नाम पर केवल लीपापोती करके चले जाते हैं। ग्रामीणों की मांग है कि इन औद्योगिक क्षेत्र में चल रहे ग्राइंडिंग मिनरल्स फैक्ट्री से निकलने वाले धूल के गुबार को नियंत्रित करके फिल्टर युक्त मशीन से धूल को फैक्ट्री में ही संग्रहित किया जाए, जिससे कस्बे वासियों को सिलिकोसिस नामक गंभीर बीमारी होने से राहत मिल सके। ग्रामीणों के द्वारा जब फैक्ट्री संचालकों से धूल संबंधी समस्या के बारे में बात की गई तो फैक्ट्री संचालकों के द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया जिससे कस्बेवासियों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता है तो इस समस्या को लेकर आगामी दिनों में जिला कलेक्टर को अवगत करवाया जाएगा।

# प्रदेश के 19 हजार उच्च माध्यमिक स्कूलों में व्याख्याता के 17 हजार से अधिक पद रिक्त

**बीकानेर, (निसं)।** प्रदेश के 19 हजार उच्च माध्यमिक स्कूलों में व्याख्याता के वर्तमान में 17 हजार से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं। हालांकि रिक्त पदों को भरने के लिए लोक सेवा आयोग ने व्याख्याता पदों की भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया है।


आयोग की ओर से लेक्चरर के 24 विषयों में 2202 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अगले महीने 5 नवंबर से शुरू होगी। अभ्यर्थी 4 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे। नई भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को लेक्चरर पदों पर नियुक्ति के बाद भी पद रिक्त रहेंगे। दरअसल, वर्तमान में रिक्त चल रहे पदों में से नई भर्ती से केवल 12 फीसदी पद ही भर पाएंगे। पिछले साल से सेकंड ग्रेड से व्याख्याता पदों पर प्रमोशन नहीं होने के कारण डीपीसी कोटे के 50 फीसदी पद रिक्त चल रहे हैं। हालांकि शिक्षा विभाग ने शिक्षा सत्र 2021-22 और 2022-23 की डीपीसी के प्रस्ताव आरपीएससी को भिजवाए दिए हैं। लेकिन आरपीएससी से फिलहाल डीपीसी का अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है।

- **हालांकि रिक्त पदों को भरने के लिए लोक सेवा आयोग ने व्याख्याता पदों की भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया है, वर्तमान में रिक्त चल रहे पदों में से नई भर्ती से केवल 12 फीसदी पद ही भर पाएंगे**
- **पिछले साल से सेकंड ग्रेड से व्याख्याता पदों पर प्रमोशन नहीं होने से डीपीसी कोटे के 50 फीसदी पद रिक्त चल रहे हैं**

यदि दो साल की बकाया डीपीसी होती है तो करीब 10 हजार सेकंड ग्रेड शिक्षक व्याख्याता पदों पर पदोन्नत होंगे। ऐसे में नई भर्ती के साथ-साथ बकाया प्रमोशन होने पर ही राज्य के स्कूलों में व्याख्याताओं के सभी रिक्त पद भर पाएंगे। राज्य के 19 हजार उच्च माध्यमिक स्कूलों में व्याख्याता के लगभग 55 हजार पद स्वीकृत है।

जिसमें से 37 हजार पदों पर व्याख्याता वर्तमान में कार्यरत है। जबकि 17 पद रिक्त चल रहे हैं। दो महीने बाद 12 दिसंबर से अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू होनी है। शिक्षक अगले महीने तक बकाया डीपीसी की मांग कर रहे हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 4 नवम्बर, 2024**

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, अनुराधा नक्षत्र सोमवार प्रातः 8:04 तक, सौभाग्य योग दिन 11:39 तक, बालव करण प्रातः 9:14 तक, चन्द्रमा वृश्चिक राशि में संचार करेगा। **ग्रह स्थितिः** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में। आज राजयोग सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। आज चन्द्र दर्शन, उत्तर श्रृंगोन्नति, भैरव दूज, यम द्वितीया, विश्वकर्मा दिवस, चित्रगुप्त पूजा, कलम दवात पूजा (बिहार) है। **श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 8:04 से 9:26 तक, लाभ-अमृत 9:26 से 12:10 तक, शुभ 1:32 से 2:55 तक। **राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:42, सूर्यास्त 5:39

**मेष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आज नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।

**वृष**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।

**मिथुन**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आवश्यक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**कर्क**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आज खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आवश्यक कार्य के लिए यात्रा संभव है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**धनु**
परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

**मकर**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**कुंभ**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है।

## होटल और 2 चाय की थडिया जलकर खाक

**डूंगरपुर।** दोवड़ा थाना क्षेत्र के देवसोमनाथ गांव में एक होटल, 2 चाय नाश्ते की थडिय़ों में बदमाशों ने आग लगा दी। आग लगने से होटल, 2 चाय नाश्ते की थडिय़ां जलकर खाक हो गई। डूंगरपुर से पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से होटल संचालक को बड़ा नुकसान हुआ है।

दोवड़ा थाना क्षेत्र के देवसोमनाथ महादेव मंदिर के पास चौराहे पर कई दुकानें और थडिय़ां लगी हुई हैं। देवसोमनाथ निवासी अशोक पुत्र हरिलाल सेवक होटल चलाता है, जबकि नरेश पुत्र धुला अहारी निवासी देवसोमनाथ और नाथू पुत्र गांगजी अहारी निवासी घोड़ी आमली चाय नाश्ते की थड़ी चलाते हैं। शनिवार आधी रात को अज्ञात बदमाशों ने होटल और थडिय़ों में आग लगा दी। इससे आग और धुंआ उठने लगा। ये देख रास्ते से जा रहे लोगों ने होटल, थड़ी चलाने वालों को सूचना दी। गांव के लोग दौडक़र आए और आग बुझाने के प्रयास किए। दोवड़ा थाना पुलिस और डूंगरपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी आ गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक सामान जलकर खाक हो गया।

# वागड में होते हिन्दू संस्कृति के वास्तविक दर्शन : मुरली भाई साहब

- संस्कारों की जनक जननी है विद्या भारती
- पूर्व छात्र परिषद का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित


समारोह में शामिल पूर्व छात्र-छात्राएं।

**डूंगरपुर।** जीवन में मां के पश्चात संस्कारों की प्रथम सीढ़ी गुरु होता है। व्यक्ति के जीवन में शिक्षा, संस्कारों, आचरण, सिद्धांतों का सृजन गुरु ही कराते है। इसी क्रम में रविवार को विद्या भारती के पूर्व छात्र परिषद का दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम शहर के विद्यानिकेतन गोकुलपुरा विद्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चित्तौड़ प्रांत प्रचारक मुरली भाईसाहब, बांसवाड़ा विभाग प्रचारक विकासराज भाई साहब, पूर्व छात्र परिषद जिलाध्यक्ष भूपेश सुथार तथा नगर छात्र संयोजक हर्षवर्धन सिंह रहे। प्रारंभ में मां सरस्वती, तथा भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसके बाद पूर्व छात्रों ने अपना परिचय देते हुए विद्यालय समय के दौरान पूर्व की छवियों को साझा करते हुए अपने अनुभव बतलाए।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मुरली भाईसाहब ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या भारती में अध्ययन किया हुआ विद्यार्थी संस्कारों से परिपूर्ण होता है और वह चरित्र का निर्माण करना नहीं भूलता उन्होंने छात्रों से समाज में संस्कारों का पुण्य स्थापित करने का आठाह करते हुए कहा कि विद्या भारती का बालक अपने जीवन में एक दीपक की तरह ज्योतिर्मान रहता है जो विभिन्न अंधेरी रूपी बाधाओं को पार कर उजियाले से परिपूर्ण होकर अपने कर्म क्षेत्र में रोशनी भरता हैं। उन्होंने कहा कि विद्या भारती एक ऐसी संतान है जो शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय संस्कृति, परम्परा के साथ ही शिक्षा पद्धित पर क्रियाशील होकर अपना कार्य करती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश के दक्षिणी भाग में हिंदू संस्कृति का दर्शन होता है वैसे ही राजस्थान के दक्षिणी वागड़ क्षेत्र में हिंदू संस्कृति के दर्शन कराता है। वागड़ के गावों में आज भी हिंदू संस्कृति जीवित है। उन्होंने छात्रों से कहा कि समाजसेवा ही वर्तमान युग में जो बुरी शक्तियां समाज को नष्ट करने का काम कर रही है उनके लिए एक ब्रह्मास्त्र साबित होगी। उन्होंने छात्रों को सेवा, पर्यावरण, ओर स्व का भाव, कुटुंब मित्र नामक मूल मंत्र देकर अपने जीवन में अपनाने के साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करने का कहा। छात्रों से संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि अंठोजी बोलना अथवा सीखना गलत नहीं है किन्तु हिंदी का अपमान भी नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व भारत से सिख रहा है और उसकी संस्कृति से प्रेरित हो रहा है।

इस अवसर पर प्रबंध समिति अध्यक्ष केशव सुथार, विद्या भारती जिला सचिव जितेंद्र जोशी, सह सचिव गजेंद्र चौबीसा, छात्र मार्गदर्शक विक्रम जोशी, विकास व्यास, वीणा चौबीसा, महाश्वेता चौबीसा, चंद्रकांत मेहता, कन्हैयालाल शर्मा, लोकेश शाह, हिमांशू राज सिंह और जगप्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में वर्ष पूर्व छात्र – छात्राएं उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### कार्यभार ग्रहण किया



**मंडफिया।** श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल मंडफिया की नवनियुक्त मुख्य निष्पादन अधिकारी प्रभा गौतम ने भगवान सांवलिया जी सेठ के दर्शन कर कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर नवनियुक्त एडीएम प्रभा गौतम का मंदिर कार्यालय में मंदिर मंडल की ओर से मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर, मंदिर बोर्ड सदस्य अशोक शर्मा, ममतेश शर्मा, श्री लाल पाटीदार, संजय कुमार मंडोवरा, भादसोड़ा सरपंच एवं मंदिर बोर्ड सदस्य शंभू लाल सुथार ,कांठोस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर, नायब तहसीलदार घनश्याम जरवाल, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, सुरक्षा प्रभारी भेरु गिरी गोस्वामी आदि ने ऊपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।

### सामान्य प्रेक्षक पहुंचे डूंगरपुर

**डूंगरपुर।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चौरासी विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री के. विवेकानंदन को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक विवेकानंदन रविवार को डूंगरपुर पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में उन्होंने अधिकारियों से चौरासी विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्रों की संख्या, मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं, मतदान दलों का प्रशिक्षण, ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन, कमीशनिंग, डाक मतदान, वेब कास्टिंग, सुरक्षा व्यवस्था, एसएसटी, एफएसटी दलों द्वारा कार्यवाही सी-विजिल एप पर शिकायतों का निपटारा, आचार संहिता की पालना, कानून व्यवस्था आदि की जानकारी ली। सामान्य प्रेक्षक श्री विवेकानंदन ने कहा कि मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप, व्हील चेयर व अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हों। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करवाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। सामान्य प्रेक्षक श्री के. विवेकानंदन ने बताया कि विधानसभा उप चुनाव-2024 के संदर्भ में आमजन अपनी परिवेदना के लिए मोबाइल नंबर 7726823742 पर सीधे संपर्क कर सकते हैं। सुबह 10 से 11 बजे तक सर्किट हाउस, डूंगरपुर के कमरा नंबर 104 में व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी अपनी परिवेदना लिखित रूप में दे सकते हैं।

### लालीवाव में धूमधाम से मनाया अन्नकूट महोत्सव

**बांसवाड़ा ।** लालीवाव मठ में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर महंत हरिओमदास महाराज के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान पद्मनाभ की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार कर छप्पन भोग धराये गये। महोत्सव के अन्तर्गत मठ के प्रधान देवता भगवान श्रीपद्मनाभ की पांच वृहद महा आरतियां उतारी गई। महामण्डलेश्वर हरिओमदास महाराज ने बताया कि भगवान पद्मनाभ का हर उत्सव-पर्व एवं त्यौहार पर विशेष मनोहारी श्रृंगार होता है और इसी परम्परा में इस वर्ष अन्नकूट के उपलक्ष में भगवान पद्मनाभ की विशेष झांकी तैयार की गई। बडी संख्या में भक्तों ने भगवान की अद्भुत झांकी के फोटो भी लिए। महंत हरिओमदास महाराज ने भक्तों को गोवर्धन पूजन का महत्व बताया और इसकी पौराणिक कथा सुनाते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा एवं परिक्रमा से जीवात्मा के सभी पाप कर्म नष्ट होते हैं। इस अवसर पर भगवान के मनोहारी एवं आकर्षक श्रीविठाह एवं परिकर के दर्शन के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### डॉ. यादव को ज्योतिबा फुले सम्मान से नवाजा

**बांसवाड़,।** वागड़ के युवा साहित्यकार डॉ. कान्ति लाल यादव को बिहार की राजधानी पटना में जन लेखक संघ की ओर से ज्योतिबा फुले सम्मान से सम्मानित करने पर वागड़ के साहित्यकारों ने हर्ष जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ साहित्यकार सतीश आचार्य ने डॉ. यादव के वागड़ आगमन पर शोल ओढ़ाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व नर्सिंग अधीक्षक शंकर लाल यादव, आकाश संडेरा, डॉ. शुभम यादव, रीना यादव, आंचल यादव, नित्यम यादव, जगदीश बंजारा, राकेश, मीना यादव, मनाली संडेरा, शांता यादव ने भी डॉ. यादव का स्वागत किया।

### राजकीय सेवानिवृत्तों को निःशुल्क जीवन प्रमाण पत्र के प्रारूप की सुविधा

**राजसमंद,** । राजकीय सेवा से सेवानिवृत हो चुके अधिकारी कर्मचारियों को अपनी पेंशन जारी रखने के लिए प्रतिवर्ष 1 नवंबर से 3० नवंबर के बीच अपना जीवन प्रमाण पत्र कोष कार्यालय में देना होता है। राजस्थान राज्य सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी महासंघ के संभाग महामंत्री प्रभु गिरि गोस्वामी तथा जिलाध्यक्ष घनश्याम जोशी ने बताया कि यह सुविधा ऑनलाइन तथा हार्ड कॉपी द्वारा भी स्वीकार की जाती है। उन्होंने बताया कि यदि कोई सेवानिवृत्त हार्ड कॉपी के द्वारा जीवन प्रमाण पत्र कोष कार्यालय में देना चाहता है तो वह प्रारूप पलवल जनरल स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध करवा दिया जाएगा तथा उसे भरवाने एवं राजपत्रित अधिकारी के हस्ताक्षर के लिए भी पूर्ण मदद की जाएगी। साथ ही उसे कोष कार्यालय में पहुँचाने में भी मदद की जाएगी। जो कोई भी सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी अपना जीवन प्रमाण पत्र भरना चाहे वह यहां पर संपर्क करके इस प्रमाण पत्र को प्राप्त कर सकता है।

### पोरवाड सलुम्बर में बने पर्यवेक्षक

**राजसमंद,** । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एससी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा की अनुसंशा पर राजस्थान में हो रहें विधानसभा उपचुनाव में पार्टी को मजबूत करने एवं पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में काम करने के लिए अपनी टीम को मैदान में उतारा है। इसके तहत राजसमंद कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड को सलुम्बर उपचुनाव में बतौर पर्यवेक्षक लगया है।

## बस्ती में आग लगने से बस्ती ही जलती है आसमान नहीं : मुनि सुधींद्र

**डूंगरपुर।** प्रातः अभिषेक शांतिधारा गुरु भक्त तपस्वी शिष्टाचारी ब्रह्मचारी समाजसेवी अनिल कुमार जैन शांति धारा का लाभ प्राप्त कियापश्चात धर्म सभा हुई श्री अनिल जैन ने जानकारी दी मुनि श्री ने कहा कम कमाई कम पूंजी वाला धर्म ध्यान नहीं कर सकता क्योंकि इसके जंजाल ही इतने होते है वो दो वक्त की रोटी के जुगाड में दौड़ लगता है किंतु गेजी में सभी सम्पन्न परिवार है सुबह एक घंटा सांय काल एक घंटा नित्य दो घंटे मंदिर में बिताओ क्यों की शरीर के लिए महिला हो यपुरुष या बच्चे नित्य दो घंटे देता है नहाने में खाने में तैयार होने में ओर शरीर नश्वर है आत्मा अजर अमर हे दो घंटे आत्म हितार्थ के लिए पुरुषार्थ क्यों नहीं । किसी भी परिस्थित में निज को समय देकर निज का चिंतन करो । जैसे बस्ती में आग लगने से बस्ती ही जलती है आसमान नहीं जलता ऐसे ही सांसारिक जीवन खराब हो जाए तो अध्यात्म जीवन बचता हे कभी भी जीवन से हार मान कर जहर ,फांसी, खाकर ट्रेन की पटरीपर सो कर आत्म हत्या मत कर देना ,शराबी ,जुआरी चोर, मत बन जाना अध्यात्म जीवन जी कर अपने जीवन को सार्थक बना लेना जैसे सडक़ की दो साइड होती है एक खराब है दूसरी साइड चल कर निश्चित गंतव्य स्थान तक पहुंचा जाता हे ऐसे ही जीवन जीने की दो साइड है सांसारिक और आध्यामिक सांसारिक जीवन अस्त व्यस्त हो जाये आध्यात्मिक जीवन जी कर निश्चित स्थान मोक्ष वैकुंठ पहुंचा जा सकता है दीपावली महोत्सव की शुभकामना देने गुरुदेव के दर्शन लाभ लेने उदयपुर अहमदाबाद नाथद्वारा जालौर बालोतरा हरियाणा पंजाब कहीं राज्यों से श्रावकों ने गुरु भक्ति की और देवगुरु शास्त्र के नाच गानों के साथ गुरु भक्ति में नव वर्ष की शुभकामनाएं दी इस मौके पर समाजसेवी धर्म प्रेमी शिष्टाचारी अनिल कुमार जैन के द्वारा बाहर से पधारे हुए श्रावकों का हास्य उल्लास के साथ अभिनंदन और स्वागत किया गया।

## गणेश मेले में उमडा जन सैलाब

**डूंगरपुर।** दीपावली के बाद भाई-दूज का त्यौहार परम्परागत श्रद्धां व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर से 2 किलोमीटर दूर स्थित मुरला गणेश मंदिर पर मेले का आयोजन किया गया जिसमे शहर व आसपास के ग्रामीण जनों ने भाग लिया। तथा मेले का उत्साह के साथ आनंद उठाया।

इस अवसर पर मुरला गणेश मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा का सिंह पर आसन की मनोहारी झांकी तैयार की तथा भगवान गणेश की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। मेले में लोगों के आने का क्रम प्रारंभ हो गया तथा मेले में लगे झूलें विभिन्न मनीहारी की स्टॉलों तथा गन्नों की खरीददारी में आम जन जुटा रहा। वही शहरवासी अपने साथ विभिन्न प्रकार के पकवान भी बना कर अपने साथ ले गये तथा भगवान गणेश की दर्शनार्थ के बाद वहां स्थित बगीचें मे सामुहिक रूप से पकवानों का आनंद लिया। मेले में बच्चों के लिए खिलौनो के साथ साथ झूलों का खूब आनंद लिया गया।

# जिहादी विचारधारा का सबसे बडा चेहरा बन गई है कांग्रेस : माहेश्वरी

**राजसमंद,** । विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस अब जिहादी विचारधारा का सबसे बडा चेहरा बन चुकी है। उन्होंने कांग्रेस की राजनीति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह पार्टी अब देश में तुष्टिकरण, अवैध घुसपैठ और कट्टरपंथियों के संरक्षण का प्रतीक बन गई है। वे सावरकर स्मृति के दीपावली मिलन समारोह में सदस्यों एवं प्रबुद्ध जनों के साथ चर्चा कर रही थी।

माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब मुस्लिम लीग के एक नए संस्करण के रूप में सामने आ रही है, जो भारत की सुरक्षा और अखंडता के लिए गंभीर खतरा बन रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा लगातार आतंकवादियों और राष्ट्र विरोधी तत्वों को समर्थन देना एक दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक बात है। कांग्रेस का नया चेहरा अब उन तत्वों का समर्थन कर रहा है जो देश की एकता और अखंडता को प्रभावित करते हैं। माहेश्वरी ने जनता से अपील की कि वे कांग्रेस की इस विभाजनकारी और राष्ट्र विरोधी राजनीति के खिलाफ खडे हों और देश की सुरक्षा तथा अखंडता को बनाए रखने के लिए एकजुट हों। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस का यह रवैया देश के संविधान और सामाजिक ताने-बाने को तोडने वाला है। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि यह समय की मांग है कि जनता तुष्टिकरण और अवैध घुसपैठ के खिलाफ खडी होकर एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करें और कांग्रेस की विचारधारा का मुखर विरोध करें।

प्रदेश की शांति, समृद्धि और प्रगति के लिए जलाए दीपक दीपावली पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने प्रदेश में शांति, समृद्धि और विकास की कामना करते हुए दीप प्रज्वलित किए। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आग्रह का अनुसरण करते हुए प्रदेश की उन्नति और जन मंगल के लिए एक दीपक जलाने की अपील को साकार किया।

वे सावरकर स्मृति के दीपावली मिलन समारोह में भाग ले रही थी। माहेश्वरी ने प्रदेशवासियों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि दीपावली का पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर जाने की प्रेरणा देता है। इस दिन हम सभी को अपने जीवन में सकारात्मकता का दीप जलाकर समाज और प्रदेश की उन्नति में योगदान देना चाहिए। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की प्रगति और जन मंगल के लिए दीप जलाने का संदेश हमारे लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। विधायक ने कहा कि दीपावली का पर्व आपसी सौहार्द, भाईचारे और समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस पवित्र अवसर पर एकजुट होकर प्रदेश को समृद्ध और शांतिपूर्ण बनाने में अपना योगदान दें।

# गायत्री धाम का शिलान्यास समारोह 18 को

**राजसमंद,** 3 नवम्बर। अखिल विश्व गायत्री परिवार राजसमंद द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन पर जगेला गांव, कोठारिया नाथद्वारा में बनने जा रहे गायत्री धाम का शिलान्यास समारोह 18 नवंबर को प्रातः 9 बजे से होगा। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक गिरजा शंकर पालीवाल ने बताया कि इस समारोह आयोजन की भव्यता को देखते हुए गायत्री परिवार के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक गायत्री धाम कोठारिया में वरिष्ठ गायत्री परिजन भंवरसिंह चौहान और शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि घनश्याम पालीवाल के सानिध्य में संपादित हुई। बैठक में विभिन्न कार्यों के दायित्व के प्रभारी नियुक्त किए गए। अब तक के प्रचार -प्रसार की समीक्षा कर पूरे क्षेत्र में संघन प्रचार -प्रसार करने के दायित्व देकर क्षेत्रवार टोलियां गठित की गई। जिसमें टैंट व माइक व्यवस्था, भोजन एवं जल व्यवस्था, आवास व्यवस्था, अनुदान काउंटर व्यवस्था के दायित्व दिए गए। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी, मंडल के चारों सांसद महिमा कुमारी मेवाड, सीपी जोशी, मन्नालाल मीणा, चुन्नीलाल गरासिया, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड, कुंभलगढ विधयक सुरेंद्रसिंह राठौड, राजसमंद दीप्ति माहेश्वरी, भीम विधायक हरिसिंह रावत अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का सहयोग लेकर 51 कुंडी संकल्प सहयोग यज्ञ के रूप में ईटों का पूजन किया जाएगा एवं अतिथियों एवं मुख्य यजमान द्वारा मन्दिर के गर्भगृह स्थान पर अभिजीत मुहूर्त में शिलान्यास पूजन किया जाएगा। इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबन्ध ट्रस्टी भंवरलाल पालीवाल, घनश्याम गेलडा, भगवती लाल व्यास, मनोहरलाल माहेश्वरी, चंद्रकांत पालीवाल, विष्णु दत्त पालीवाल, शंकरलाल शर्मा, नानालाल गुर्जर, हिम्मतसिंह राव, भगवान सिंह राव, घनश्याम शर्मा, डॉ तन्मय पालीवाल, प्रकाश सालवी, चतुर्भुज सेन, बहादुर सिंह फौजदार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाइकों की टक्कर में दो युवकों की दर्दनाक मौत

**डूंगरपुर।** वरदा थाना क्षेत्र में रणोली घाटी में दो बाइक आमने-सामने टकरा गई। हादसे में दोनों बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को सागवाड़ा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई रविवार सुबह की जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

वरदा थाने के हेड कॉन्स्टेबल बाबूलाल डामोर ने बताया कि वरदा गांव निवासी कमलेश पुत्र रतनलाल यादव बाइक लेकर रणोली की तरफ जा रहा था। वहीं, ठाकरडा निवासी मनोज यादव बाइक लेकर रणोली से ठाकरडा की तरफ आ रहा था। इस दौरान रणोली घाटी में दोनों बाइक आपस में टकरा गई। हादसे में कमलेश और मनोज गंभीर घायल हो गए। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सागवाड़ा अस्पताल लाया गया।

# सांसद सीपी जोशी का जन्मदिन कल

**जयपुर,** । भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौडगढ सांसद सीपी जोशी का जन्मदिन सोमवार को सामाजिक सरोकार के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने व्यापक तैयारी की है। विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर, चिकित्सा शिविर, वृक्षा रोपण होगा, मंदिरों में पूजा अर्चना, अस्पतालों और अन्य स्थानों पर जरूरत मंदों को भोजन एवं फल वितरित करने सहित अनेक प्रकार के सामाजिक सरोकार के कार्य किए जाऐंगे। सांसद सीपी जोशी अपने जन्मदिन की शुरूआत दुर्ग स्थित कालिका माता के दर्शन से करेंगे, इसके बाद प्रातः 8:30 बजे गोपाल गौशाला में गौमाता के लापसी भोग लगाकर गुड व चारा खिलाएंगे। 9:30 बजे पुराना चिकित्सालय भवन में 5 दिवसीय फिजियोथैरेपी का शुभारंभ होगा व निराश्रित बच्चों में वस्त्र वितरण किया जाऐगा। 10:15 बजे शहीद मेजर नटवर सिंह राजकीय विद्यालय में दो हजार से अधिक दिव्यांगों को मोटराईज्डट्राई साईकिल, ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, वाकिंग स्टिक, ब्रेलकिट, सुगम्य केन सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए जाऐंगे, सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाते खोले जाऐंगे व कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। सांय 4:30 बजे गंभीरी नदी पर दीपदान कर चुनरी अर्पण करेंगे, सांय 6 बजे बस्सी में दीपदान, अन्नकूट एवं भजन संध्या और रात्रि 8 बजे नेतावल महाराज में क्रिकेट टूर्नामेंट समापन एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। इसके अलावा प्रातः 9 बजे प्रतापगढ़ नगर स्थित गौशाला में गौमाता को गुड व चारा खिलाया जाऐगा।

## ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार का सत्याग्रह आंदोलन 64वें दिन भी जारी

**राजसमंद,** । जिला मुख्यालय पर ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार इकाई राजसमंद का सत्याग्रह आंदोलन रविवार को 64वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर जिला कार्यकारिणी सहित जिलाध्यक्ष रतनलाल पूर्बिया तथा महासचिव महेश श्रीमाली उपस्थित थे। आगामी रणनीति के तहत संगठन ने निर्णय लिया है कि आगामी 15 नवम्बर को सुबह 1० बजे वीर नदी मां चंबल के आंचल में मध्यप्रदेश और राजस्थान की सीमा पर मुरैना धौलपुर के बीच चंबल के पुल के नीचे बने चंबल के तट पर देशभक्तों और ठगी पीडितों की महापंचायत आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रत्येक देशवासी को आमंत्रित किया जाएगा। शासन ने हमारी न्यायपूर्ण विधिसम्मत मांगों को स्वीकार नहीं किया तो 15 नवम्बर को ही हम सब सत्याग्रही देशभक्त नागरिक मां चम्बल के तट से संसद भवन नई दिल्ली के लिए पदयात्रा आरम्भ करेंगे और 25 नवम्बर को संसद भवन दिल्ली पहुंचकर सर्वप्रथम लोकतंत्र के मंदिर का नदियों के पवित्र जल से शुद्धिकरण किया जाएगा ताकि सत्ता में बैठे हुए लोगों को ईश्वर सद्बुद्धि प्रदान कर संगठन की मांगों पर समुचित ध्यान देते हुए शीघ्र भुगतान की कार्यवाही करें। जिलाध्यक्ष पूर्बिया ने बताया कि हम सब की जानकारी के अनुसार कभी हमारा प्यारा भारतवर्ष विश्व गुरु था और संकट के समय हमने सदा दुनिया को सत्य और न्याय की राह दिखाई है। वर्तमान में दुनिया ठग और बेईमानों के कारण एक गंभीर संकट में फंस गई है। शासकों की हवस, ईर्ष्या और बेईमानी के कारण न केवल पूरी दुनिया के अपितु भारत के भी लगभग 42 करोड से ज्यादा नागरिक ठगी के शिकार बन चुके हैं और लाखों कम्पनीज एवं सोसाइटी आदि में फंसा अपना जमाधन वापस लेने के लिए संघर्षरत हैं। लेकिन इन बेईमान भुगतान अधिकारियों और विशेष अदालतों ने आज तक किसी पीडित का भुगतान नहीं किया। जिस वजह से हमारे लाखों साथी आत्महत्या करने को मजबूर हुए और लाखों एजेंट्स को अपना घर, परिवार, गांव छोडना पडा। ठगों ने हमारे फौजी भाई और शहीदों की विधवाओं तक को नहीं छोडा। जिस वजह से सैकडों फौजी भाइयों ने भी आत्महत्या की है। न्याय और भुगतान पाने के लिए ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार (तपजप) के बैनर तले गत 1 सितम्बर 2०24 से लगातार पूरे देश में असहयोग आंदोलन चल रहा है फिर भी केंद्र एवं राज्यों की सरकारों के कान पर जूं नहीं रेंगी और केंद्र एवं राज्य एक दूसरे पर भुगतान की जिम्मेदारी डालकर एजेंट्स निवेशकों के परिवारों के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं।

# औदिच्य समाज पालोदा की प्रतिभाओं का किया सम्मान

**बांसवाड़ा ।** श्री सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज पालोदा के आदर्श युवा मंडल की ओर से दीपावली पर प्रतिभा-भामाशाह सम्मान व स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। युवा मंडल अध्यक्ष राजेश दिनेश व्यास ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षा, कला, खेल, राजकीय सेवा में चयनित, प्रौद्योगिकी, नवाचार कौशल, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व एवं विभिन्न क्षेत्र में प्रतिनिधित्व करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।


श्री सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज पालोदा के स्नेह मिलन समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान करते पदाधिकारी।

पंडित ध्रुव व्यास के मंत्रोच्चार व अतिथियों के स्वागत एवं दीप मंत्र के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई। स्वागत परिचय उपाध्यक्ष प्रशान्त जानी ने दिया। इस अवसर पर समाज के बाल कलाकरों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांधा। प्रबुद्धजनों ने कहा कि औदिच्य समाज की प्रतिभाएं राजकीय सेवाओं के साथ प्रत्येक क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर तक लोहा मनवा रही है। नए संकल्प के साथ युवा चेतना का विकास करना हम सभी का ध्येय है। महिला मंडल अध्यक्ष नैना देवी व्यास ने भी मातृ शक्ति के सामथ्र्य से परिचित कराया व आयोजनों में सहयोग प्रदान करने पर बल दिया। इस अवसर पर देवीलाल व्यास, भवानीशंकर जानी, कांतिलाल जानी, समाज के अध्यक्ष जयप्रकाश व्यास, उपाध्यक्ष अश्विन जानी, कोषाध्यक्ष जैकी जोशी, सचिव कमलेश भट्ट, लालशंकर जोशी, नरेश जानी एवं युवा मंडल के भरत भट्ट, निमेष जानी, नयन व्यास, दैनिक व्यास, प्रशांत व्यास, जयेश जोशी, अनिल भट्ट, मिलन व्यास, यकीन जानी, राहुल जोशी, सचिन व्यास, प्रतीक व्यास, यश व्यास, पंडित परेश व्यास मौजूद रहे। संचालन अभिषेक जानी व विशाल व्यास ने किया जबकि आभार रोशन व्यास ने माना।

## कोटे में कोटा के लिये मालवीया के समर्थन से आरक्षण मंच का बढा हौसला

**बांसवाड़ा ।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा कोटे में कोटा के निर्णय को लागू करने की मांग को लेकर आदिवासी आरक्षण मंच को पूर्व केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया का समर्थन मिलने से मंच के कार्यकर्ताओं का हौसला चौगुना हो गया है। मंच की केन्द्रीय कमेटी सलाहकार प्रो. कमलकांत कटारा एवं प्रो. मणिलाल गरासिया ने बताया कि आगामी 24 नंबवर को विशाल जनसमर्थन महारैली को सफल बनाने के लिये हर ठाम पंचायत से लोगों को गोविन्द गुरु राजकीय महाविद्यालय खेल मैदान में लाने पर चर्चा की गयी। वक्ताओं ने कहा कि मंच की ओर से जिन मुद्दों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है वह जनजाति वर्ग के हक में हैं अगर राज्य सरकार कोटे में कोटा लागू करती है तो टीएसपी क्षेत्र में रहने वाले जनजाति वर्ग के सैकडो युवा राज्य प्रशासनिक सेवाओं में जायेंगे। इस संबंध में लोगों में भ्रान्ति है कि अगर कोटे में कोटा लागू किया जाता है तो जनजाति वर्ग के दोनों समुदाय में विवाद होगा पर ऐसा नहीं है। टीएसपी क्षेत्र के युवा एमबीबीएस में प्रवेश नहीं ले पा रहे थे ऐसे में राज्य सरकार ने 12 में से 5.5 प्रतिशत टीएसपी में कोटा लागू किया जिससे आज टीएसपी क्षेत्र के सैकडो युवा डॉक्टर बने हैं।


उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णयानुसार टीएसपी क्षेत्र में कोटे में पृथक कोटा लागू होता है तो कई युवा प्रशासनिक अधिकारी बनेंगे। टीएसपी क्षेत्र में जनजाति वर्ग को जो 45 प्रतिशत आरक्षण मिला है वह कोटे में कोटा का ही परिणाम है। बैठक में डॉ. सोमेश्वर गरासिया, रूपजी बारिया, बलवंत सिंह मछार, कमलेश, राजेन्द्र, केसर सिंह, कैलाश, विनोद, सरपंच रमेश, मोहन लाल, सरपंच संघ अध्यक्ष दिलीप, गणेश, मोतीलाल, सुरेश, हकजी महाराज, राकेश पटेल, मगन, कांतिलाल, विनोद, भास्कर, राकेश, पंकज, राजेश सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। मालवीया से समर्थन लेने के दौरान जिला प्रमुख रेशम मालवीया ने भी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को राज्य में लागू करने की जरुरत बताई।

# ई.डी. के असिस्टेंट डायरेक्टर को धमकी देने व चोरी का आरोपी गिरफ्तार

## जुलाई माह में पीड़ित अधिकारी ने अलवर गेट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था

**अजमेर, (कासं)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के असिस्टेंट डायरेक्टर जयकिशन हिंगोरानी के घर में चोरी करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में फरार आरोपी आलोक भारद्वाज को गिरफ्तार किया है। जुलाई माह में पीड़ित अधिकारी ने अलवर गेट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

जानकारी के अनुसार एमडी कॉलोनी नाका मदार निवासी जय किशन हिंगोरानी ने 28 जुलाई को अलवर गेट में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने अपने पड़ोसी आलोक भारद्वाज पर आरोप लगाया था कि उसने उनके घर से सीसीटीवी चोरी कर लिए। आरोपी ने दिल्ली से धमकी भरे वीडियो भेजे थे, जिसमें उसने दावा किया था कि एक बटन दबाने से वह हिंगोरानी के पूरे परिवार को खत्म कर सकता है। हिंगोरानी वर्तमान में राजकोट (गुजरात) में पोस्टेड हैं और घटना के चलते उनके परिवार को गंभीर खतरे का सामना करना पड़ा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को उसके घर के पास गार्डन से गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार किया।

**राजकोट में तैनात है हिंगोरानी:**-जय किशन हिंगोरानी का पुश्तैनी मकान अलवर के नाका मदार इलाके में स्थित है। वे राजकोट में तैनात हैं। हिंगोरानी के पड़ोसी आलोक पर पहले भी 2020 में उनकी पत्नी के साथ बदसलूकी का मामला दर्ज हुआ था, जो अभी न्यायालय में लंबित है। हिंगोरानी ने पुलिस को बताया था कि आरोपी ने उन्हें वीडियो कॉल कर जान से मारने की धमकी दी थी। हिंगोरानी ने इन वीडियो को राजकोट के त्रिलोक बाग थाने में प्रस्तुत कर नए सिरे से मामला दर्ज करवाया था।

- **मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को उसके घर के पास गार्डन से गिरफ्तार किया**

थाने के हैड कांस्टेबल रूपसिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले दर्ज मामलों की जांच पहले से ही चल रही थी। सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू किए थे, जिसमें सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के बाद जांच के दायरे को बढ़ाया है। आरोपी अपने आपको यू-ट्यूबर पत्रकार बताता है। दिल्ली और आस पास के क्षेत्र में सोशल साइट पर वीडियो अपलोड करता है।

# गर्दन में नुकीला पाइप मारकर मजदूर की हत्या की

## शव झाड़ियों में छिपाया, पुलिस ने दो आरोपियों को डिटेन किया

**बीकानेर, (निसं)।** रीको के करणी औद्योगिक क्षेत्र में ऊन मिल में काम करने वाले मजदूरों ने साथ बैठकर शराब पी। नशा सिर के चढ़कर बोला तो आपस में झगड़ पड़े। इस दौरान एक युवक के सिर और गर्दन में सीमेंट का नुकीला पाइप मारकर उसकी हत्या कर दी गई और शव झाड़ियों में छिपा दिया। पुलिस ने दो आरोपियों को डिटेन किया है जिनसे पूछताछ की जा रही है।

बिहार के छपरा जिले में फिरसा फुलरिया निवासी पप्पू शाह (33) करणी औद्योगिक क्षेत्र में कोठारी वूलन मिल में काम करता था। उसकी फैक्टरी में चौकीदारी का काम करने वाला गोविन्दा, पड़ोस की वूलन में काम करने वाला विपुल और अन्य लोगों ने शुक्रवार की शाम को दो नंबर रोड पर पानी की टंकी परिसर में बैठकर शराब पी और नशे की हालत में आपस में झगड़ पड़े। बात इतनी बढ़ गई कि युवकों ने वहां पड़े सीमेंट के नुकीले पाइप से पप्पू शाह के सिर, गर्दन व शरीर के अन्य हिस्सों में वार किया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मुक्ताप्रसाद नगर पुलिस थाना एसएचओ धीरेन्द्रसिंह शेखावत ने बताया कि शनिवार को सुबह पानी की टंकी परिसर में झाड़ियों में शव देखकर लोग इकट्ठा हो गए। इत्तला मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीबीएम अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। हत्यारों की खोजबीन शुरू की गई और शक होने पर गोविन्दा और विपुल को डिटेन कर लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है। आपस में झगड़ा क्यों हुआ, पुलिस को अभी इसका पता नहीं चल पाया है। पप्पू शाह के भाई मिथलेश शाह ने रिपोर्ट दी है जिस पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

- **शराब पीने के बाद नशे की हालत में झगड़ पड़े थे**

सुबह पानी की टंकी परिसर में झाड़ियों में पप्पू शाह का शव पड़ा होने पर भीड़ जमा हो गई। मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे और पहचान की। फैक्टरी मालिक को बताया गया और इत्तला मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। शाम पांच बजे के आसपास फैक्टरी के सीसीटीवी में पप्पू शाह अपनी मां और भाभी के साथ नजर आया।

इस दौरान चौकीदार गोविन्दा भी वहां आता दिखा जो पप्पू शाह को अपने साथ ले गया। रात को गोविन्दा और एक अन्य शख्स फैक्टरी में आते दिखे। लेकिन, पप्पू शाह उनके साथ नहीं था। पुलिस ने गोविन्दा से पूछताछ की तो पहले उसने गुमराह करने का प्रयास किया। बाद में हत्या की वारदात का खुलासा कर दिया और विपुल के बारे में पुलिस को जानकारी मिल गई। पुलिस ने विपुल को भी डिटेन कर लिया।

# नौ लाख रूपये के जाली नोट व बाइक जप्त

## पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया

**बालोतरा, (निसं)।** डीएसटी बालोतरा व जसोल पुलिस ने रविवार को करीब नौ लाख रूपये के जाली नोट व मोटरसाइकिल जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

बालोतरा पुलिस अधीक्षक कुन्दन कंवरिया ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जारी दिशा निर्देशानुसार गोपालसिंह भाटी आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा एवं अनिल पुरोहित आरपीएस, वृताधिकारी बालोतरा के सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम बालोतरा व चन्द्रसिंह उनि. थानाधिकारी जसोल के नेतृत्व में गठित अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा जाली नोटों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुलजिम भरत कुमार के कब्जे से करीब 9 लाख रूपये के जाली नोट बरामद कर भरत कुमार को गिरफ्तार किया।

डीएसटी बालोतरा को सूचना मिली कि भरत कुमार पुत्र हरचंदराम माली निवासी मालीयों का वास बोरावास तिलवाडा हाल गांधीपुरा बालोतरा के कब्जा में भारी मात्रा में जाली नोट बरामद हो सकते हैं। भरत कुमार जाली नोटों को असली में उपयोग में ले रहा है। सूचना पर चन्द्रसिंह उनि. थानाधिकारी जसोल मय जिला स्पेशल टीम बालोतरा द्वारा नाकांबदी की गई। दौराने नाकाबन्दी भरत कुमार पुत्र हरचंदराम को दस्तयाब कर तलाशी ली गई तो भरत कुमार के पास 500-500 रूपये कुल 1795 नोट (8,97500 रूपये) पाये गये। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जप्त कर आरोपी भरत कुमार से जाली नोट लाने व उपयोग में लेने के संबंध पूछताछ की जा रही है।

# खेत पर रोटावेटर मशीन में फंसने से युवक के टुकड़े-टुकड़े हुये

## मशीन को खोलकर शरीर के टुकड़े निकाले और प्लास्टिक तिरपाल में लपेटकर शव को अस्पताल पहुंचाया

**राजसमंद, (निसं)।** जिले के केलवा थाना क्षेत्र में जेतपुरा गांव में एक खेत पर एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। खेत की जुताई के वक्त रोटावेटर मशीन में उलझने से ट्रैक्टर व मशीन चालक की दर्दनाक मौत हो गई। मशीन में फंसने से उसके शरीर के कई टुकड़े हो गए। बाद में मशीन को खोलकर शरीर के टुकड़े निकाले और प्लास्टिक तिरपाल में लपेटकर क्षत विक्षत शव को अस्पताल पहुंचाया। घटना स्थल पर पहुंचे लोग भी हालात देखकर स्तब्ध रह गए। कमजोर दिल वाले लोग तो नजदीक भी नहीं जा पाए। शव का केलवा अस्पताल में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

- **मशीन में फंसी घास को निकालने के दौरान हादसा हुआ, घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर**

केलवा थाना प्रभारी ओम सिंह चुंडावत ने बताया कि जेतपुरा पंचायत के सेंगनवास निवासी नारायण गुर्जर (33) पुत्र छगनलाल उर्फ छग्गू गुर्जर ट्रैक्टर चालक है, जो डिंगरोल निवासी दिनेश पुत्र किशनलाल गुर्जर का ट्रैक्टर व रोटावेटर चलाता है। जेतपुरा गांव में कितेला तालाब के पास मांगीलाल गुर्जर के खेत पर जुताई के लिए ट्रैक्टर मय रोटावेटर मशीन लेकर नारायण गुर्जर पहुंचा था। खेत की हकाई की जा रही थी, तभी मशीन में घास फंस गई, जिसे निकालने के लिए नारायण गुर्जर ट्रैक्टर से नीचे उतरा और मशीन के पास गया, तभी मशीन चालू होने से वह मशीन में घुस गया।

हादसे के वक्त मौके पर खेत मालिक मांगीलाल गुर्जर का पुत्र गणेश व किशनसिंह पास में ही मौजूद थे, जो दौड़कर पहुंचे, मगर तब तक नारायण गुर्जर मशीन में बुरी तरह से फंस चुका था। सूचना पर केलवा थाने से हैड कांस्टेबल विनोद मय जाब्ते के घटना स्थल पर पहुंचे। मशीन को खोलकर शव के टुकडों को एकत्रित कर तिरपाल में लपेटकर केलवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मोर्चरी में रखवाया। अब प्रकरण की जांच सहायक उप निरीक्षक रूपसिंह द्वारा की जा रही है। रोटावेटर मशीन के अंदर लगी ब्लेड (लोहे की पत्ती) में उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए थे। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई।

## युवकों ने एक-दूसरे पर पटाखे फेंके

**सरवाड़, (निसं.)।** शहर में घास भैरू की सवारी धूमधाम के साथ निकली। वहीं घास भैरू की सवारी के दौरान शनिवार की रात्रि को जलते हुए पटाखों के बीच घास भैरू की सवारी निकालकर नगर परिक्रमा करवाई जा रही थी। शहर में शनिवार की रात्रि के समय निर्धारित समय पर शहर के माली मोहल्ले से घास भैरू की सवारी शुरू हुई वही घास भेरू की नगर परिक्रमा के दौरान मौके पर मौजूद युवकों द्वारा एक दूसरे पर जलते हुए पटाखे फेंके गए। यही परिक्रमा ट्रैक्टर के द्वारा घास भैरू की सवारी निकाली गई। वहीं युवकों ने ट्रैक्टर पर भी जलते हुए पटाखे फेंके।

# पेट और सीने में चाकू मारकर युवक की हत्या

## युवक पड़ोस में चल रही बर्थ डे पार्टी से लौट रहा था

**डूंगरपुर, (निसं)।** बाइक पर आए दो बदमाशों ने युवक के पेट और सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी। युवक पड़ोस में चल रही बर्थडे पार्टी से लौट रहा था। मामला रामसागड़ा थाना क्षेत्र के गामड़ी अहाड़ा अमूलवा फला का शनिवार रात करीब नौ बजे का है।

युवक की हत्या से परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हैं। उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार करने और मुआवजा दिए जाने की मांग की है। इसे लेकर वे आरोपियों के घरों के पास ही बैठकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे दोनों पक्षों के बीच तनातनी का माहौल है। तनाव की स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस तैनात है। परिजन को समझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किए गए चाकू को बरामद कर लिया है।

- **परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग की, आरोपियों के घरों के पास ही बैठकर प्रदर्शन जारी**
- **तनाव की स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस तैनात, परिजन को समझाने के प्रयास किए**

रामसागड़ा थानाधिकारी गोपालनाथ ने बताया कि गामड़ी अहाड़ा अमूलवा फला निवासी कांति पुत्र रजिया डामोर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया कि उसका बेटा पंकज डामोर (18) गुजरात के मोरबी में मजदूरी करता था। दीपावली के लिए वह पांच दिन पहले घर आया था। शनिवार शाम पंकज पड़ोस में रहने वाले सुरेश की छोटी बेटी भावना के बर्थडे की पार्टी में डीजे पर चल रहे डांस कार्यक्रम को देखने गया था। मां बाड़ी केंद्र स्कूल के पास के रास्ते से होते हुए पैदल ही घर लौट रहा था। इसी दौरान पंकज के पीछे से एक बाइक पर राकेश डामोर निवासी कांकरादरा और राहुल कोटेड निवासी रातापानी आए। उन्होंने बाइक रोकी। बाइक पर पीछे बैठे राहुल ने नीचे उतर कर पंकज के गले में हाथ डाला। फिर चाकू निकाल कर पंकज के सीने और पेट में वार किए। इससे पंकज लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए। अचानक हुए इस हमले से पंकज के साथ चल रहे अन्य युवक घबरा गए। युवकों के चिल्लाने पर आसपास के लोग दौड़कर आए। गंभीर घायल पंकज को निजी वाहन से डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव मॉर्च्युरी में रखवाया है।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** सिद्धमुख थाने के गांव चैनपुरा छोटा के पास भादरा से पैदल खाटूश्याम जी जा रहे एक श्रद्धालु को एक मोटरसाइकिल चालक द्वारा तेजगति व लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाकर पीछे से टक्कर मारने से मौत हो गई। रविवार सुबह 11 बजे मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद सिद्धमुख थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया।

थानाधिकारी रामकरण सिद्धू ने बताया कि महेन्द्र सिंह पुत्र सादुल सिंह राजपूत निवासी डूंगरबास पीएस भादरा जिला हनुमानगढ़ ने दी रिपोर्ट में बताया है कि आज सुबह 6.15 बजे उसका चचेरा भाई सुरेश सिंह भादरा से खाटूश्यामजी पैदल जा रहा था। जब सुबह चैनपुरा छोटा के नजदीक पहुंचा तो पीछे से मोटरसाइकिल के चालक ने अपने मोटरसाइकिल को तेज गति गफलत लापरवाही से चलाकर उसके चचेरे भाई सुरेश सिंह के टक्कर मार दी। जिससे सुरेश सिंह की दुर्घटना से आई चोटों के कारण मौके पर मौत हो गई। सिद्धमुख थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सुपूर्द कर दिया है।

# हादसे में ट्रैक्टर चालक की दर्दनाक मौत

**राजसमंद, (निसं)।** खड़े चालू ट्रेक्टर को बंद करने के लिए नीचे से हाथ ऊपर किया, तो चाबी तो नहीं निकली और गियर लगने से चल पड़े ट्रेक्टर के टायर तले चालक कुचला गया। गंभीर घायल चालक को आरके जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। यह हादसा राजसमंद जिले में केलवा थाना क्षेत्र के सार्दूल गांव में हुआ।

केलवा थाने के सहायक उप निरीक्षक कमलेंद्रसिंह ने बताया कि सार्दुल निवासी मुरलीलाल (32) पुत्र जीतु तेली ट्रेक्टर को स्टार्ट करने के बाद साफ-सफाई के लिए नीचे उतरा। ट्रेक्टर की सफाई करने के बाद खड़े चालू ट्रेक्टर को बंद करने के लिए चाबी घुमाने का प्रयास किया, तभी गियर पर हाथ लग गया। इससे चाबी नहीं निकली और ट्रेक्टर चल पडा और वह नीचे खडा होने से ट्रेक्टर के बडे टायर तले कुचला गया। एक हाथ व सिर में गंभीर चोट लग गई। दुर्घटना के बाद उसे तत्काल आरके जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर कर दिया गया। उदयपुर के महाराणा भूपाल चिकित्सालय में उपचार के दौरान मुरलीलाल तेली ने दम तोड़ दिया। बाद में केलवा थाने से पुलिस उदयपुर के एमबी चिकित्सालय पहुंची, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद सार्दूल गांव में कोहराम मच गया और बडी तादाद में परिजन, रिश्तेदार व ग्रामवासी गांव में एकत्रित हो गए।

- **ट्रैक्टर की चाबी निकालने के प्रयास में गियर लग गया था**
- **टायर के निचे दबने से युवक गंभीर घायल हो गया था**

## युवक ने आत्महत्या की

**बीकानेर, (निसं)।** मोहतासराय में एक व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पिता ने आरोप लगाया है कि पुत्र को उसकी पत्नी प्रताड़ित करती थी जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। मोहतासराय क्षेत्र में नाले के पास रहने वाले फतह अली ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसके पिता हुसैन अली ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए फतह की पत्नी के खिलाफ गंगाशहर पुलिस थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि फतह की पत्नी रोजाना झगड़ा करती थी और मरवाने की धमकी देती थी। इससे परेशान होकर फतेह ने आत्महत्या कर ली।

## युवक ने आत्महत्या की

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के पालबडा गांव में एक युवक ने घर के पास पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के लोग खेतों पर गए हुए थे। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सदर थाने के हैड कॉन्स्टेबल दिनेश कुमार ने बताया कि पालबड़ा निवासी नितेश फन्नात ने रिपोर्ट दी है। जिसमें बताया है कि वह किसी काम से खेरवाड़ा गया था। वहीं, परिवार के लोग खेतों पर गए हुए थे। उसका भाई देवीलाल फन्नात घर पर अकेला था। जब देवीलाल की पत्नी खेतों से लौटी तो देवीलाल घर के पास बबूल के पेड़ से लटका हुआ था। पति को फंदे से लटका देख वह चिल्लाई। जिस पर परिवार के लोग अन्य लोग भी मौके पहुंचे। देवीलाल को फंदे से नीचे उतारा और उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आये। जहां परा डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# सड़क दुर्घटना में सास-बहू की मौत

## शराब के नशे में पिकअप चालक ने कार को टक्कर मार दी थी

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ के वार्ड नंबर 36 में एक ही परिवार में सास-बहू की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पहले बहू की अर्थी निकली तथा दूसरे दिन सास की मौत होने के कारण अर्थी निकली। रविवार को मिली जानकारी में सड़क हादसे में उपचार के दौरान सास बहू की मौत हो गई।

अपने रिश्तेदारी में गमी में शामिल होने के लिए कार में सवार होकर जा रहे एक ही परिवार के लोगों के सामने से शराब के नशे में दौड़ता हुआ एक पिकअप जीप चालक पिक जीप को लेकर आया तथा उनकी कार को टक्कर मार दी, जिसके कारण बहू की मौके पर ही मौत हो गई तथा सास ने उपचार के दौरान दूसरे दिन दम तोड़ दिया। जबकि अन्य सभी लोग घायल हो गए। मोनू पुत्र सीताराम नाई वार्ड 36 राजगढ ने भादरा थाने में मामला दर्ज करवाकर बताया कि 30 अक्टूबर 2024 को उसका भाई मुकेश राजगढ से डुंगराना की तरफ जा रहा था, उसका भाई मुकेश अपनी कार को खुद चला रहा था। उसके साथ उसकी माता सुंदर देवी, भाभी कविता देवी पत्नी मुकेश, मामा देवकीनंदन, भाई गोपाल कार में सवार थे। जब कार भाडी मोड गौशाला के पास पहुंची तो एक पिकअप जीप चालक पिकअप को सामने से तेज गति ओर लापरवाही से चलाता हुआ लाया और कार को सीधी टक्कर मार दी तथा तेज गति से टक्कर लगने के कारण कार पलटा खा गई। जिसमें सभी को चोट आई। मौके पर एंबुलेंस से सभी को भादरा अस्पताल पहुंचाया तथा भाभी कविता की मौत हो गई। अस्पताल से उसके माता सुंदर देवी मामा देवकीनंदन, भाई मुकेश तथा गोपाल की हालत गंभीर होने के कारण के हिसार रेफर कर दिया। तथा उपचार के कारण उसकी माता सुंदर का भी निधन हो गया। दर्ज मामले में बताया कि पिकअप जीप चालक की लापरवाही से दुर्घटना घटित हुई तथा बाद में वह हिसार पहुंचा तो देखा कि उसका भाई गोपाल होश में था। जिसने घटना की जानकारी दी।

## युवक पर चाकू से हमला

**बीकानेर, (निसं)।** बड़ी जसोलाई क्षेत्र में बाबा रामदेव मंदिर के पास एक ही गली में रहने वाले दो युवक आपसी रंजिश में झगड़ पड़े। इस दौरान एक ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया जिससे उसके पीठ और गर्दन पर चोटें आई हैं। बड़ी जसोलाई में बाबा रामदेव मंदिर के पास एक ही गली में रहने वाले प्रताप और मुकेश में अनबन चल रही थी। शाम को दोनों आपस में झगड़ पड़े। इस दौरान प्रताप ने चाकू से मुकेश पर वार किए। वारदात के बाद फरार हुए प्रताप को पुलिस ने शांतिभंग में गिरफ्तार किया है। मुकेश के चाचा की किशनलाल मेघवाल की ओर से कोटगेट थाना पुलिस को रिपोर्ट दी गई है।

वहीं जयमलसर में देर रात को जयमलसर बाइपास मार्ग पर पर पशु को बचाने के चक्कर में बोलेरो कैंपर गाड़ी अनियंत्रित होकर एक दीवार से जा टकराई। इसमें कैंपर में सवार दो जनों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। बोलेरो में जितेंद्र सिंह भाटी, कालू सिंह भाटी और जितेंद्र का पुत्र भैरूं सिंह सवार थे। घायलों को ग्रामीण इलाज के लिए हॉस्पिटल ले गए। रास्ते में कालू सिंह ने दम तोड़ दिया। जितेंद्र सिंह ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। वहीं जितेंद्र के बेटे भैरू सिंह का पीबीएम हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

# चप्पल के गोदाम में लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख

## जलते पटाखे से चप्पल के गोदाम में लगी आग भीषण हो गई थी

**बिजयनगर, (निसं.)।** भटेवड़ा गली में स्थित सज्जन एजेंसी के चप्पल गोदाम में शुक्रवार रात्रि को भीषण आगजनी की घटना में लाखों रुपए की चप्पल का स्टाक जलकर राख गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि को आतिशबाजी के दौरान भटेवड़ा गली में जलते पटाखे से चप्पल के गोदाम में लगी आग देखते-देखते भीषण आग में तब्दील हो गई। चप्पल के गौदाम में धुएं को देखकर आस पड़ोस के लोगों ने पानी से आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग बुझाने में विफल रहे।

आगजनी की सूचना गोदाम मालिक सज्जन बिरावत को दी गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल बोहरा ने मौके पर पहुंचकर आगजनी की घटना की सूचना पुलिस प्रशासन देते हुए पालिका प्रशासन को अवगत करवाया। थाना अधिकारी करण सिंह खंगारोत आगजनी की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचे नगर पालिका अग्निशमन एवं आगूचा माइंस अग्निशमन केंद्र पर सूचना देते हुए बचाव कार्य शुरू करवाया। दीपावली के पर्व पर पालिका प्रशासन द्वारा जगह-जगह शहर की सजावट के लिए लगाए गए लगाए गए टेंट की वजह से अग्निशमन वाहन को घटनास्थल पर पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। भटेवडा गली संकरी होने के कारण दमकल कर्मचारियों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। दीपावली के दूसरे दिन शहर में हुडदंगियों द्वारा एक दूसरे पर पटाखे फेंकने की परंपरा से निपटने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। शहर में देर रात्रि तक पटाखों के धमाकों की आवाज गूंजती रही पुलिस द्वारा कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया।



सज्जन एजेंसी के चप्पल गोदाम में भीषण आग से माल जल गया।

- **धुएं को देखकर आस पड़ोस के लोगों ने पानी से आग बुझाने की कोशिश की**

# मुख्यमंत्री भजनलाल की घोषणा के मुताबिक 'हाईटेक सिटी' को जयपुर में धरातल पर उतारने की तैयारियां

## बताया जा रहा है कि नगरीय विकास विभाग और जयपुर विकास प्राधिकरण ने राजधानी जयपुर के नजदीक फागी, चाकसू और आगरा रोड पर सर्वे का कार्य पूरा करवा लिया है

- राजस्थान सरकार इस प्रोजेक्ट में गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' और हैदराबाद के 'साइबराबाद' की तर्ज पर सुविधाएं विकसित करेगी
- माना जा रहा है कि जयपुर में प्रस्तावित ''हाईटेक सिटी'' में हाईटेक टाउनशिप, आई.टी., फिनटेक, फाइनेंशियल मैनेजमेंट सहित कई आधुनिक तकनीक पर काम करने वाली संस्थानों को इसमें स्थापित किया जाएगा।
- जयपुर में यह 'हाईटेक सिटी' विकसित करने से न सिर्फ शहर की अर्थव्यवस्था का पहिया तेज गति से घूमेगा, बल्कि हजारों युवाओं को रोजगार भी मिलेगा, क्योंकि वर्तमान में आई.टी.क्षेत्र से जुड़े युवा हैदराबाद, अहमदाबाद, गुरुग्राम जैसे शहरों का रुख कर रहे हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में ''हाईटेक सिटी'' की तैयारी तेजी से चल रही है। जमीन को लेकर फागी, चाकसू और आगरा रोड पर सर्वे हो गया है। माना जा रहा है कि जयपुर की हाईटेक सिटी को हैदराबाद के साइबराबाद और अहमदाबाद के गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक (गिफ्ट) सिटी की तर्ज पर विकसित करने की तैयारी है। यही वजह है कि पूर्व में जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) की एक टीम ने अहमदाबाद का दौरा किया था और रिपोर्ट बनाकर राज्य सरकार को भेज दी है।

गौरतलब है कि फरवरी में राज्य सरकार ने अपने पहले बजट लेखानुदान में हाईटेक सिटी की घोषणा की थी। सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बजट घोषणा के मुताबिक जयपुर में प्रस्तावित ''हाईटेक सिटी'' में हाईटेक टाउनशिप, आई.टी., फिनटेक, फाइनेंशियल मैनेजमेंट सहित कई आधुनिक तकनीक पर काम करने वाली संस्थानों को इसमें स्थापित किया जाएगा। ऐसा करने से न सिर्फ शहर की अर्थव्यवस्था का पहिया तेज गति से घूमेगा, बल्कि हजारों युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। वर्तमान में आई.टी.क्षेत्र से जुड़े युवा हैदराबाद, अहमदाबाद, गुरुग्राम सहित अन्य शहरों की रुख कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो जयपुर में हाईटेक सिटी तैयार होने के बाद भविष्य में देश-विदेश की कम्पनियां यहां निवेश करेंगी, इससे रोजगार के द्वार खुलेंगे। आई.टी. हब, साइबर सिटी सहित स्टार्टअप शुरू किए जाएंगे। एक्सपर्ट्स की मानें तो अहमदाबाद की गिफ्ट सिटी के काम में तेजी आते ही वहां के रियल एस्टेट मार्केट में भी ग्रोथ हुई है।

ज्ञात रहे कि नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव वैभव गालरिया को बीते दिनों बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) ने जयपुर विकास प्राधिकरण मुख्यालय में हाईटेक सिटी को लेकर प्रजेंटेशन दिया। प्रोजेक्ट लीडर रमन ने हाईटेक सिटी विकसित करने के विकल्पों, इसके लाभ और रोजगार को लेकर जानकारी दी। प्रजेंटेशन के दौरान उन्होंने शहर से हाईटेक सिटी की कनेक्टिविटी, मिक्स यूज जोनिंग, सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट सिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर, क्वालिटी यूटीलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर आदि के बारे में जानकारी दी।

बैठक में बताया गया कि हाईटेक सिटी को पहचान दिलाने के लिए सरकार रियायत दे ताकि निवेश के लिहाज से कम्पनियां आएं। निवेशकों, डपलपर्स से सम्पर्क साधा जाए। उनको प्रोत्साहित किया जाए।

बैठक में वैभव गालरिया ने बताया कि फागी, चाकसू और आगरा रोड पर जमीन का सर्वेक्षण करवाया जा रहा है।

गौरतलब है कि वर्तमान में देश में दो बड़ी हाईटेक सिटी है। इनमें गुजरात के अहमदाबाद की ''गिफ्ट सिटी'' में अभी 450 से अधिक कम्पनियां हैं और यहां 20 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिल रहा है। वर्ष 2020 में यहां 129 कंपनियां थीं। इसी तरह हैदराबाद के ''साइबराबाद'' में आईटी कॉरिडोर में माइक्रोसॉफ्ट, विप्रो, टीसीएस से लेकर इंफोसिस जैसी नामी कम्पनियों के कार्यालय हैं। आइटी क्षेत्र के काम करने वाले हर युवा का सपना साइबराबाद में काम करने का होता है।

सूत्रों की मानें तो जे.डी.ए. की एक टीम ने अहमदाबाद, पुणे और हैदराबाद का दौरा किया। रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जा चुकी है। फागी में जेडीए के पास करीब 400 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध है। वहीं, आगरा रोड स्थित रिंग रोड के पास जेडीए की 100 हेक्टेयर जमीन है। वहीं, बस्सी में जेडीए के पास जमीन कम है। यहां जमीन अवाप्त करनी पड़ेगी।

# सूदखोरों से तंग आकर बिजनेसमैन ने घर छोड़ा

- पीड़ित व्यापारी ने अपने परिजनों के नाम पत्र छोड़ा, जिसमें लिखा है कि ''उसने 5 लाख रु. उधार लेकर 17.50 लाख रु. चुका दिए, फिर भी उससे 5.72 लाख रु. और मांगे जा रहे हैं, इसलिए मेरे पास अब मरने के सिवा और कोई रास्ता नहीं है।''

**जयपुर**। दिवाली से एक दिन पहले, सूदखोरों की धमकियों से परेशान होकर राजधानी जयपुर के प्रताप नगर इलाके में एक बिजनेसमैन घर छोड़कर चला गया। जाने से पहले उसने अपने परिवार को तीन पत्र लिखकर पीड़ा व्यक्त की। इनमें से एक पत्र मुख्यमंत्री को संबोधित है, जबकि दो अन्य परिवार के लिए हैं। बताया जा रहा है कि पत्र में व्यवसायी ने लिखा है कि, उसने 5 लाख रुपए उधार लेकर अब तक 17.50 लाख रुपए चुका दिए हैं, लेकिन सूदखोर अब भी 5.72 लाख रुपए का दावा कर उसे धमकियां दे रहे हैं।

पीड़ित ने लिखा कि 'मेरे पास मरने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है, मेरा शव पानी में मिलेगा। मामला प्रताप नगर इलाके का है। रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने व्यवसायी की तलाश शुरू कर दी है। गोमती अपार्टमेंट, प्रताप नगर निवासी ममता सैनी ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उनके पति कमल किशोर सैनी कुर्तियों का ऑनलाइन व्यवसाय करते हैं, उन्होंने मई 2016 में रामफूल और अभिषेक पारीक से 5 लाख रुपए उधार लिए थे। कमल ने 17.50 लाख रुपए चुकाए, फिर भी सूदखोर धमकी देते रहे और लगातार अवैध वसूली का दबाव बनाते रहे। दो गाड़ियां भी छीन ले गए। धमकियों और वसूली से परेशान होकर दिवाली से एक दिन पहले कमल घर छोड़कर चले गए। उनका मोबाइल भी बंद आ रहा है, जिससे उनका पता नहीं चल सका है। ममता ने रिपोर्ट में यह भी बताया कि उनके पति से जबरन कागजात पर हस्ताक्षर करवा लिए गए थे। इसके अलावा, रामफूल ने मोबाइल पर रिवॉल्वर की फोटो भेजकर धमकाया, जो कमल ने सुरक्षित रखने के लिए ममता को भेज दी थी। उनके लिखे हुए तीन पत्र फ्रिज के ऊपर रखे मिले, जिनमें से एक में उन्होंने सूदखोरों की धमकियों और वसूली के बारे में लिखा है।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सालासर बालाजी मंदिर में की पूजा

## राजस्थान के विधानसभा उपचुनाव में सातों सीटों पर भाजपा की जीत के लिए भगवान से प्रार्थना की



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को सालासर बालाजी धाम पहुंचकर दर्शन किए और पूजा-अर्चना की ।

**जयपुर** (कासं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को सालासर बालाजी धाम पहुंचकर दर्शन किए और प्रदेश की खुशहाली और आगामी विधानसभा उपचुनाव में सातो सीटों पर भाजपा की विजय के लिए पूजा-अर्चना की । इस अवसर पर मंदिर प्रशासन पदाधिकारियों ने मदन राठौड़ को तिलक निकालकर दुपट्टा पहनाया और विशेष पूजा कराई। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राठौड़ का गर्म जोशी से स्वागत किया।

प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीति-नीति में देश का युवा विश्वास जता रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से देश की आंतरिक और ब्राह्य सुरक्षा को मजबूत करने का काम किया है, उसी प्रकार वैश्विक पटल पर भी राष्ट्र का मान बढ़ाया है। देश का युवा, महिला, किसान और गरीब हर वर्ग मोदी की योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान का चहुंमुखी विकास हो रहा है जो राजस्थान में सुरक्षा और स्थिरता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पंच निष्ठाओं को मानते हुए कार्यकर्ता पार्टी की रीति-नीति पर विश्वास करता है। इन ही कार्यकर्ताओं की बदौलत आज भाजपा सुदृढ़ संगठन बन पाया है। भाजपा देश के अन्य राजनीतिक दलों से पूर्ण रूप से भिन्न है, क्योंकि यहां पारदर्शी रूप से आंतरिक लोकतंत्र की कार्य पद्धति पर कार्य किया जाता है। भाजपा के जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को उपचुनावों के साथ संगठन चुनावों की भी जिम्मेदारी निभानी होगी। राठौड़ ने कहा कि उपचुनावों में भाजपा की सभी सातों सीटों पर जीत से जहां सरकार को ओर अधिक मजबूती मिलेगी, वहीं दूसरी ओर कार्यकर्ताओं के उत्साह में भी अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिलेगी।

## बदमाशों ने युवक से मोबाइल छीना

**जयपुर**। लाल कोठी इलाके में बस का इंतजार कर रहे युवक का बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीन कर फरार हो गए।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों की तलाश में नाकाबंदी भी कराई लेकिन बाइक सवार बदमाशों का कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि महावीर नगर दुर्गापुरा निवासी अवधेश दाधिच गुरुवार सुबह 10 बजे अमजेरी गेट बस स्टैण्ड पर बस के इंतजार में खडा था। तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर उसे धक्का देकर फरार हो गए। पीड़ित ने बदमाशों को पकडने के लिए शोर मचाया, लेकिन तेज रफ्तार बाइक सवार बदमाश कुछ ही देर में आंखों से ओझल हो गए। घबराहट में पीड़ित बाइक के नंबर भी नहीं देख पाया।

# महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय के कृतित्व और व्यक्तित्व पर विद्वानों ने साझा किए अपने विचार

- राजस्थानी कवियों ने ढुंढाड़ी भाषा में सुंदर काव्य पाठ से समां बांधा

**जयपुर**। जयपुर के संस्थापक, महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय की जयंती के उपलक्ष में रविवार को सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में व्याख्यान एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्वानों ने महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और राजस्थानी कवियों ने ढुंढाडी भाषा में सुंदर काव्य पाठ से समां बांध दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय की तस्वीर पर सामने पुष्पांजलि अर्पित करने और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाराजा सवाई मान सिंह (एमएसएमएस) द्वितीय संग्रहालय और संग्रहालय के चेयरमैन, हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह की पहल पर हुआ।

इस अवसर पर एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय की कार्यकारी ट्रस्टी, रमा दत्त ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय द्वारा बसाये गए जयपुर शहर को यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड हैरिटेज सिटी के रूप में पहचान मिली है। महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय एक असाधारण व्यक्तित्व थे, जिन्हें एस्ट्रोनॉमी, गणित, ज्योतिष, वास्तुकला और खगोल विज्ञान का अद्भुत ज्ञान था। उन्होंने अपनी राजधानी जयपुर सहित भारत के कई स्थानों पर जंतर मंतर ऑब्जर्वेटरीज का निर्माण भी कराया। संस्कृत कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रिंसिपल, सुभाष चंद्र शर्मा ने महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से 11 वर्ष की अल्प आयु में महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने राज्यभार संभाला था और उन्हें औरंगजेब से सवाई की उपाधि मिली थी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सवाई जयसिंह द्वितीय पहले ऐसे शासक थे, जिन्होंने 105 कुंडीय यज्ञ सम्पन्न कराया था।

वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार, जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि पृथ्वी राज चौहान के बाद महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय पहले ऐसे राजा थे, जिन्होंने हिंदू धर्म को आगे बढ़ाने के लिए सभी हिंदू शासकों को एक साथ लाने का प्रयास किया।

उन्होंने बताया कि जयपुर के संस्कृत साहित्य संरक्षण और वैदिक विद्वानों पर एक पुस्तक लिखी गई है, जिसका जल्द ही विमोचन किया जाएगा। सिटी पैलेस के कला एवं संस्कृति, ओएसडी, एवं वैदिक चित्रकार रामू रामदेव ने अपने द्वारा चित्रों के माध्यम से महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय की जीवनी, जंतर-मंतर और अश्वमेध यज्ञ पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महाराजा सवाई जयसिंह कला प्रेमी थे और उन्होंने देश भर से कलाकारों को जयपुर में लाकर बसाया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने उनकी कला के नाम से मोहल्ले भी बनवाए और उनकी आजीविका की व्यवस्था भी की।

## देश-विदेश के 44 कलाकार जयपुर में उकेरेंगे आकृतियां

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में देश-विदेश के 44 कलाकारों की अनूठी कला यात्रा रविवार को शुरू हुई। इस यात्रा में यह कलाकार जयपुर की कला-संस्कृति का वॉटरकलर वर्कशॉप टूर के जरिए जीवंत करेंगे। आयोजक शिखा गर्ग ने बताया कि इस यात्रा के तहत रविवार शाम को देश-विदेश के कलाकर जयपुर पहुंचे।

भारत के साथ-साथ स्वीडन, यूएसए, आस्ट्रेलिया, ताइबान और थाइलैंड के कलाकारों की कला यात्रा सोमवार को होटल ग्रांड उनियारा में शुरू होगी, जिसमें अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता वॉटरकलरिस्ट सभी कलाकारों वाटर कलर से पेंटिंग बनाना सिखाएंगे। शिखा गर्ग ने बताया कि यह वर्कशॉप पूरे दिन चलेगी। 4 नवंबर को सभी कलाकर सुबह 8 बजे सबसे पहले जलमहल पर वाटर कलर से पेंटिंग बनाएंगे। इसमें आमेर -नाहरगढ की पेंटिंग बनाएंगे। प्रतिभागियों को जयपुर की संस्कृति और सुंदर धरोहर जानने ओर उससे पेंटिग में उतारने का अवसर मिलेगा। चूंकि जयपुर की शानदार वास्तुकला और समृद्ध इतिहास पूरी दुनिया के लिए उदाहरण है। कलाकार अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता वॉटरकलरिस्ट एंडी एवांसन के मार्गदर्शन में अपनी कला कौशल को निखार सकेंगे। एंडी लैंडस्केप्स, रोशनी एवं छाया के खास प्रयोग के लिए जाने जाते हैं।

## मस्तान बाबा का 3 दिवसीय उर्स पांच नवंबर से

**जयपुर**। अलहाज अमीर अब्दुल्ला खान उर्फ मस्तान बाबा का सालाना 19 वां उर्स मुबारक मंगलवार से यहां दिल्ली रोड स्थित चुंगी नाका दरगाह परिसर में शुरू होगा। दरगाह खादिम करीम शेख़ के मुताबिक, तीन दिवसीय उर्स के पहले दिन सुबह कुरआनख्वानी और रात में मीलाद शरीफ पढ़ा जाएगा।

उर्स के दूसरे दिन महफिल-ए-समा में शहर की कव्वाल पार्टियां कौल, नात, मनकबत आदि सूफी कलामों का गुलदस्ता पेश करेंगी। इसी दिन फूर्टा-खुर्रा स्थित लाल हवेली से चादर शरीफ पेश की जाएगी। इसके साथ ही महफिल-ए-कव्वाली भी होगी, जिसमें अमीन साबरी कव्वाल अपनी प्रस्तुति देंगे। उर्स के समापन पर तीसरे दिन यहां चार दरवाजा स्थित डागर हाउस से मस्तान बाबा के आस्ताने पर चादर शरीफ पेश की जाएगी। इस दौरान डागर हाउस में कव्वाली भी होगी।

# सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर वाल्मीकि समाज विरोध करेगा

**जयपुर**। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले वाल्मीकि समाज की ओर से सफाई कर्मचारी भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को एक विशाल धरना-प्रदर्शन करने जा रहा है। यह विशाल धरना-प्रदर्शन गवर्नमेंट हॉस्टल शहीद स्मारक पर दिया जाएगा।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व अध्यक्ष राज्य सफाई कर्मचारी आयोग किशनलाल जैदिया ने बताया कि वाल्मीकि समाज कई मांगों को लेकर सोमवार को गवर्नमेंट हॉस्टल शहीद स्मारक पर विशाल धरना-प्रदर्शन करने जा रहा है। वर्तमान में चल रही सफाई भर्ती प्रक्रिया में समझौता शर्तो की पालना नहीं किए जाने से सफाई कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। जिसके चलते वाल्मीकि समाज के लोग विरोध प्रदर्शन में वह भाजपा सरकार से यह मांग करेंगे कि सफाई भर्ती प्रक्रिया में वाल्मीकि समाज के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाए और साथ ही आवेदन की तिथि बीस दिन बढ़ाई जाए। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों की भर्ती मस्टररोल के आधार पर की जाए।

जिसमें एक साल तक पहले कर्मचारी से काम करवाया जाए, उसके बाद नियुक्ति दी जाए। साथ ही पूर्व की जिन भर्तियों में कोर्ट में मामला विचाराधीन है या जिन पर निर्णय हो चुका है उनमें नियुक्ति के आदेश जारी किए जाए। किशनलाल जैदिया ने बताया कि भर्ती में वाल्मीकि समाज को अनदेखा किया गया है। वाल्मीकि समाज का हक छीनकर अन्य को वरीयता दी जा रही है, जो सरासर गलत है अगर सरकार इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं करती है कि तो सम्पूर्ण राजस्थान में वाल्मीकि समाज द्वारा प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# कहासुनी के बाद दो भाईयों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया

## वारदात के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हुआ, पुलिस तलाश में जुटी

- जयसिंहपुरा खोर इलाके में तीन भाईयों के बीच आपसी कहासुनी में हुई वारदात

**जयपुर** (कासं)। जयसिंहपुरा खोर इलाके में रहने वाले तीन भाईयों के बीच मामूली कहासुनी ने विकराल रुप धारण कर लिया। गुस्से में आग बबूला हुए एक भाई चाकू से ताबड़तोड़ वार कर अपने ही दो भाईयों को बुरी तरह से घायल कर दिया। लहूलुहान हालत में दोनो भाईयों को पडोसियों ने अस्पताल भिजवाया। जहां से उपचार के बाद दोनो भाईयों को छुट्टी दे दी गई। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, नाई की थड़ी निवासी शाहिद, शाबिर और ताहिर कुरैशी तीन भाई है। शनिवार रात को तीनों भाईयों में पारिवारिक बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते शाहिद व शाबिर व ताहिर में हाथापाई शुरु हो गई। गुस्साए ताहिर ने चाकू से शाहिद व शाबिर पर ताबड़तोड़ वार करना शुरु कर दिया। ताहिर ने शाहिद व शाबिर को लहूलुहान हालत में जमीन पर गिरा देख मौके से फरार हो गया। परिजनों ने पडौसियों की मदद से दोनो भाईयों को घायल अवस्था में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हे उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

## घर में बने गार्डन में आग लगी

**जयपुर** (कासं)। श्याम नगर इलाके में शनिवार देर शाम घर में बने गार्डन में भीषण आग लग गई। जिससे आसपास दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन दमकलों की सहायता से आग पर काबू पाया। लेकिन आग बुझाने से पहले ही गार्डन में रखा सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया और लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया। एएफओ तपेंद्र सिंह ने बताया कि श्याम नगर में स्थित कृष्णा मार्ग पर एक घर के अंदर बने गार्डन में देर शाम करीब 7 बजे अचानक से आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। आग से गार्डन में रखा लाइट डेकोरेशन का सामान व एक बाइक जल कर राख हो गई।

# जेल में कैद भाईयों को राखी बांधते हुए बहनों की आंखों में छलके आंसू

## पुख्ता सुरक्षा के बीच जयपुर सेंट्रल जेल में मनाया गया भाई दूज का पर्व





भाई-बहन के अटूट प्रेम व विश्वास के पावन पर्व ''भाई दूज'' पर रविवार को जयपुर सेंट्रल जेल में महिलाओं का भीड़ उमड़ी। जेल की सलाखों में कैद अपने भाईयों को रक्षा सूत्र बांधते हुए बहनों की आंखों में आंसू छलक पड़े। फोटो-राष्ट्रदूत

- करीब 550 से ज्यादा महिलाओं ने जेल पहुंचकर बांधी भाईयों को राखी

**जयपुर** (कासं)। केंद्रीय कारागृह में रविवार को भाई दूज मनाई गई। भाई दूज पर भाईयों को तिलक लगाने के लिए करीब 550 से अधिक बहने सेंट्रल जेल पहुंची। बढ़ती भीड़ को देखते हुए जेल प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए। इस मौके पर जेल परिसर में भावुक माहौल दिखाई दिया। जेल परिसर में बहनों ने सलाखों के बीच मे से भाईयों को तिलक लगाया और मिठाई खिलाकर उनकी लंबी आयु की कामना की।

जयपुर जेलर राकेश मोहन शर्मा ने बताया कि भाई दूज के उपलक्ष्य पर सुरक्षा की दृष्टि से जेल में तिलक लगाने आई बहनों को बिना जांच के जेल परिसर में प्रवेश नहीं दिया गया। वैसे तो जेल में बंदियों की मुलाकात के लिए सप्ताह में दो से तीन दिन का समय रहता है । लेकिन त्यौहार को देखते हुए जेल प्रशासन की ओर मुलकात के लिए कुछ छूट दी गई। तिलक लगाने आई बहनों अपने भाईयों से मुलाकात के लिए 4 से 5 बजे तक का समय दिया गया। जेल प्रशासन की ओर से जेल में तिलक लगाने आई बहनों के सामान की पुख्ता जांच की गई। इसी के साथ जेल में बनी केंटीन में भी मिठाई की व्यवस्था की गई। ताकी कैदी केंटीन से मिठाई ले सके।

भाई दूज पर जेल में आने वाली बहनों की भीड को देखते हुए जेल प्रशासन ने एक दिन पहले ही पुख्ता तैयारी कर ली। जेल प्रशासन ने बिना पर्ची और मोहर के किसी को भी जेल परिसर में एंट्री नहीं दी। पर्ची और मोहर लगाने के साथ ही सामान की तलाशी के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की व्यवस्था की गई। सलाखों के पीछे खड़े अपने भाई को तिलक लगाते समय बहने अपने आंसू नहीं रोक सकी और काफी भावुक नजर आई। बहनों को रोता देख कैदी भाई की आखों से भी आसू झलक पड़े। बहनों ने अपने भाईयों से विदा में अपराध नहीं करने की कसम दिलवाई।

# 10 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों के लिए डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड तय किया

- राज्य सरकार ने विकास प्राधिकरण, आवासन मंडल और नगर विकास न्यासों के लिए बनाया नियम

**जयपुर**। राजधानी जयपुर समेत प्रदेश के कई शहरों में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे हैं। रखरखाव, मॉनिटरिंग मामले में एकरूपता नहीं होने से इंजीनियर व प्रशासनिक अफसर भी घिरते रहे। ऐसी स्थिति को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने पहली बार विकास प्राधिकरण, आवासन मंडल और नगर विकास न्यासों के काम पर डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड (डीएलपी यानि अनुबंधित फर्म द्वारा ठीक करने की मियाद) एक समान रूप से लागू कर दिया है।

इसमें विकास कार्यों की गुणवत्ता और अनुबंधित फर्म की जिम्मेदारी के लिए एक समान नियम होंगे। डी.एल.पी. 6 माह से 5 वर्ष तक रहेगी। 10 लाख रुपए से अधिक लागत के कार्यों पर यह लागू होगा। सड़कों के पेच रिपेयर में यह नियम लागू नहीं होगा। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। अभी तक हर निकाय ने अपने-अपने नियम बनाए हुए हैं।

सूत्रों की मानें तो यदि कार्य 10 लाख रुपए से कम का है, लेकिन अतिरिक्त कार्य के कारण उसकी लागत 10 लाख रुपए से अधिक हो जाती है तो उस पूरे काम पर डी.एल.पी. का नियम लागू होगा। यदि कार्य 10 लाख रुपए से अधिक का था, लेकिन काम पूरा होते समय किसी कारणवश उसकी लागत 10 लाख रुपए से कम रह जाती है तो डीएलपी का नियम काम पूरा होने के बाद छह महीने तक या मानसून तक, दोनों में जो भी भी बाद में उस अवधि तक लागू रहेगा।

आदेश के मुताबिक फ्लाईओवर व आरओबी पर यह समयावधि 5 वर्ष होगी। इसके अलावा क्रॉस ड्रेनेज वर्क, सीमेंट कंक्रीट सड़क, पेवमेंट क्वलिटी कंक्रीट, सीमेंट कंक्रीट टाइल्स, कर्ब स्टोन, मीडियन व नाला निर्माण पर भी डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड 5 वर्ष का रहेगा। टू लेयर डब्ल्यूबीएम, जीएसबी सड़क निर्माण 6 माह या मानूसन तक (दोनों में से जो अवधि बाद में हो) रहेगा। सड़क नवीनीकरण, 30 एम.एम. मोटाई की डामर सड़क पर यह समयावधि 2 वर्ष होगी। 30 से लेकर 90 एममए मोटाई वाली डामर सडक के लिए यह समयाविध 3 वर्ष रखी गई है। इसी प्रकार चारदिवारी निर्माण कार्य के लिए 3 वर्ष, 90 एमएम से अधिक मोटाई वाली सड़क संबंधी कार्य के लिए 5 वर्ष, 90 एमएम तक की मोटाई वाली नई डामर सड़क के लिए 3 वर्ष, 90 एमएम से अधिक मोटाई वाली नई डामर सड़क के लिए 5 वर्ष तथा सैनेट्री, विद्युत व पेंटिंग कार्य के लिए 3 वर्ष तय किए गए हैं। जबकि भवन निर्माण-अन्य सिविल कार्य के लिए यह समयावधि 5 वर्ष होगी।

# युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## मामले में तीसरा आरोपी अभी भी फरार चल रहा है, घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया

**राजसमंद, (निसं)।** जिले की दिवेर थाना पुलिस ने 31 अक्टूबर को पुरानी रंजिश के माामले में मोटरसाइकिल सवार युवक को रोककर जानलेवा हमला करने के तीन आरोपियों में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तीसरा आरोपी अभी भी फरार चल रहा है। घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। जिसको न्यायालय में पेश किया।

थानाधिकारी भवानी शंकर ने बताया 31 अक्टूबर को प्रार्थी मूलसिंह (22) पुत्र लक्ष्मणसिंह रावत निवासी वजातो की गवार छापली ने रिपोर्ट पेश कि कि 30 अक्टूबर को मैं मोटरसाइकिल लेकर घर से कामलीघाट जा रहा था। शाम को करीब 7.30 बजे खिमाखेड़ा से बड़ी हथाई जा रहा था कि हैंडपम्प के पास सुरेन्द्रसिंह पुत्र जीवनसिंह रावत निवासी खिमाखेड़ा, सुनीलसिंह पुत्र अजमाल सिंह रावत निवासी नयागाव व एक अन्य ने मेरी मोटरसाइकिल को रोकने का इशारा किया पर मैंने उन तीनों को देखकर मोटरसाइकिल लेकर वहां से निकल जाना चाहा। इन लोगों ने चाकू व लात-मुक्कों, पत्थरों से




दिवेर थाना पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जानलेवा हमला कर दिया। जिससे मुझे काफी गम्भीर चोटें आई हैं। मेरे को अस्पताल ले जाया गया। जहां से मुझे राजसमन्द रेफर कर दिया, जहां पर मेरा इलाज चल रहा है। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

एसपी मनीष त्रिपाठी एवं एएसपी महेन्द्र पारीक तथा डीएसपी भीम पारस चौधरी के निकटतम सुपरविजन में

- घटना के आरोपी सुरेन्द्रसिंह व सुनीलसिंह दोनों बाहर भागने की फिराक में थे

मुलजिमान की गिरफ्तारी के लिए 2 टीमों का गठन कर तलाश की गई। मगर आरोपी फरार चल रहे थे। घटना के बाद आरोपियों का जंगलों मे भाग जाना बताया गया। घटना के आरोपी सुरेन्द्रसिंह व सुनीलसिंह दोनों बाहर भागने की फिराक में थे, जिस पर टीमों ने दोनों की तलाश कर डिटेन किया। जिनसे घटना के सम्बंध मे पूछताछ की गई तो आरोपियों ने बताया कि मलसिंह व उसके भाइयों ने पूर्व में हमारे साथ मारपीट की थी। उसी का बदला लेने के लिए घटना की। जिस पर आरोपी सुरेन्द्रसिंह (19) निवासी खीमाखेडा व सुनीलसिंह (20) निवासी नयागांव खीमाखेड़ा को गिरफ्तार किया गया, जिनसे घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी प्रकरण दर्ज है।

# बीकानेर में तीन जनों ने मौत को गले लगाया

**बीकानेर, (निसं)।** जिले में आत्महत्या रोकने के प्रयास लगभग असफल से प्रतीत हो रहे हैं। हालांकि पुलिस, स्वयंसेवी संस्थाएं अपने स्तर पर आत्महत्या रोकथाम के लिये भरसक जतन कर रही है। उसके बाद भी उनके ये प्रयास नाकाम साबित हो रही है। पिछले तीन दिनों में आत्महत्या के लगभग चार मामले सामने आए हैं। शहर के गंगाशहर व कोटगेट थाना इलाके में दो जनों ने मौत को गले लगाया तो श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र में एक जने ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला को समाप्त कर लिया है।

जानकारी मिली है कि पवनपुरी कॉलोनी में रहने वाले 48 वर्षीय संजीव कुमार मेहता ने चौखूंटी फाटक के पास दीपावली वाले दिन ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि मेहता दो-तीन दिनों से मानसिक तनाव में थे। जिसके चलते ये खौफनाक कदम उठाया। इसको लेकर मृतक के बेटे कार्तिक मेहता ने कोटगेट थाने में मामला दर्ज करवाया है। वहीं गंगाशहर थाना इलाके के मोहतासराय में एक व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मोहतासराय क्षेत्र में नाले के पास रहने वाले फतह अली ने अपने घर में फांसी लगा ली। मृतक के पिता का आरोप है कि उनके पुत्र को उसकी पुत्रवधु प्रताड़ित करती थी, जिसके कारण उसने ये कदम उठाया। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि फतह की पत्नी रोजाना झगड़ा करती थी और मरवाने की धमकी देती थी। इससे परेशान होकर फतेह ने आत्महत्या कर ली।

एसएचओ समरवीर सिंह ने बताया कि आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है। इधर श्री डूंगरगढ़ क्षेत्र में अलसुबह करीब 3.30 बजे एक युवक ने अपने घर के कमरे में ही फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। गांव बापेऊ निवासी 37 वर्षीय परमाराम पुत्र भंवराराम राईका ने कमरे में पंखे के हुक से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सेरूणा थाने के हैड कांस्टेबल महेश कुमार ने बताया कि परिजनों ने युवक के गत एक वर्ष से मानसिक रूप से परेशान होने की रिपोर्ट दी है। आज सुबह परिजन पांच बजे उठे तो युवक फंदे पर लटक रहा था। परिजनों ने उसे तुरंत उतारा और श्रीडूंगरगढ़ अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# हथियार सहित युवक को पकड़ा

**बीकानेर, (निसं)।** फायरिंग करके फरार हुआ पांच हजार रुपए का इनामी बदमाश गंगाशहर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी मुरलीमनोहर मंदिर के पीछे, भीनासर निवासी रेवंतराम कुम्हार को पुलिस ने एक पिस्टल सहित गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी एक मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस को अवैध हथियार रखने के संबंध में सूचना मिली थी। जिस पर सब इंस्पेक्टर नगेंद्र सिंह मय टीम ने रामदेव नगर क्षेत्र के पानी के प्लांट के समीप एक ठिकाने से युवक को हथियार सहित पकड़ा। आरोपी रेवंत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में पता चला कि यह वही बदमाश है जिस पर पांच हजार का इनाम घोषित है। कुछ समय पहले आरोपी रेवंत ने सुजानदेसर निवासी अपने मामा के लड़के मोहन कुम्हार पर फायरिंग की थी। जिसके बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने उस पर इनाम घोषित किया। पिछले कई दिनों में थानाधिकारी समर वीर सिंह की टीम उसे अहमदाबाद सहित कई जगह तलाशने गई, मगर वह नहीं मिला। पुलिस उसे बीकानेर से बाहर तलाश कर रही थी, इस बीच उसकी लोकेशन बीकानेर में ही आने लगी। पुलिस उसे पकड़ नहीं पाए, इसलिए वह नकाबपोश बनकर मोटरसाइकिल पर घूमने लगा। आरोपी ने बताया है कि वह मोहन को गोली मारने के बाद नागौर, अहमदाबाद, जयपुर सहित कई जगहों पर फरारी काट रहा था।

# नशे की ओवरडोज से दस दिन में सात मौतें

**श्रीगंगानगर/ केसरीसिंहपुर, (निसं)।** जिले में नशे का प्रभाव बड़े शहरों से छोटे शहरों के रास्ते होकर गांवों और ढाणियों तक पहुंचकर जड़ें जमा चुका है। चिंता की बात यह है कि बीते 10 दिनों में नशे की ओवरडोज से 7 मौतें हो चुकी हैं। जिन लोगों की मौत हुई है, उनकी उम्र 18 से 32 साल के बीच है। सभी मृतक गरीब परिवार के सदस्य हैं और परिवार पर इन हादसों से दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

जानकारी के अनुसार यह स्थिति तब है जब जिला पुलिस हर रोज नशा बेचने वालों को पकड़ रही है। इसके बावजूद नशा बेचने और करने वालों में सुधार नहीं हो रहा। जिला पुलिस ने साल 2021 में नशा तस्करी के 86 मुकदमे दर्ज किए थे। इसमें 146 तस्करी के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से डेढ़ किलो हेरोइन/स्मैक, 5 किलो अफीम, 49 कलो गांजा, 6 क्विंटल 72 किलो डोडा चूरा पोस्त तथा एक लाख 62 हजार 318 नशे की गोलियों को बरामद किया गया था। 30 अक्टूबर की शाम को हनुमानगढ़ रोड की हाई रेजीडेंसी निवासी 32 वर्षीय रोबिन की नशे की ओवर डोज से मौत हो गई। उसका शव रिद्धि-सिद्धि प्रथम से बरामद हुआ। मृतक की पत्नी सिमरन ने पुलिस को बताया कि उसका पति नशे का आदी था।

30 अक्टूबर को केसरीसिंहपुर थाना क्षेत्र के गांव मलकाना में एक युवक की नशे से मौत हो गई थी। केसरीसिंहपुर के वार्ड 16 में 1 नवंबर को 30 वर्षीय बंशीलाल नायक पुत्र लक्ष्मणराम की नशे की ओवरडोज से मौत हो गई। वह 31 अक्टूबर से गायब था। गोशाला के पास खाली भूमि में शव मिला। घटना स्थल पर इंजेक्शन पड़े थे। श्रीकरणपुर के वार्ड 6 का राहुल वाल्मीकि पुत्र शशि वाल्मीकि 24 अक्टूबर शाम से लापता था।

अगले दिन सुबह श्रीकरणपुर में गंदे पानी के गड्ढे के पास वह मृत मिला था। इसी के साथ राहुल वाल्मीकि की छाती पर इंजेक्शन पड़ा मिला। 26 अक्टूबर की शाम को वार्ड नंबर 8 के राहुल धानक (26) पुत्र राजेंद्र धानक की नशीले इंजेक्शन की ओवरडोज से मौत हो गई। घर के बाथरूम में ही अचेत मिला था। डॉक्टरों ने नशे की ओवरडोज से मौत होना बताया। 30 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर खेत्रपाल मंदिर के निकट 32 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र कृष्णलाल का शव मिला।

मृतक के भाई विपिन की ओर से मर्ग दर्ज की गई। युवक कैप्सूल का नशा करने का आदी था। अधिक खाने से मौत हो गई। एक नवंबर को डूंगरसिंहपुरा निवासी 18 वर्षीय प्रदीप पुत्र मघाराम मेघवाल की नशे की ओवरडोज से मौत हो गई। युवक को बेहोशी की हालत में गांव की गुवाड़ से जिला अस्पताल पहुंचाया। वह घर पर हेयर ड्रेसर का काम करता था।

# कलेक्टर नमित मेहता ने परिवार संग वृद्धाश्रम में दीपावली मनाई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला कलेक्टर नमित मेहता परिवार सहित दीपावली की खुशियां साझा करने के लिए मंगरोप रोड स्थित ओम शांति सेवा संस्थान के वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के बीच पहुंचे। आश्रम में जिला कलेक्टर ने बुजुर्गों के साथ दीपावली मनाई, उन्हें भोजन परोसा और उनके साथ समय बिताया। जिला कलेक्टर की यह पहल वृद्धजनों के लिए एक विशेष उपहार जैसी थी, जिसने उनके चेहरे पर मुस्कान ला दी।

जिला कलेक्टर नमित मेहता ने वृद्धाश्रम में लक्ष्मी पूजन भी किया। उन्होंने बुजुर्गों के साथ मिलकर दीप जलाए और प्रार्थना की। मेहता ने आश्रम के सभी वृद्धजनों और स्टाफ को दीपावली की शुभकामनाएं दी। यह एक अनोखा और यादगार पल था जिसने



जिला कलेक्टर नमित मेहता ने बुजुर्गों को भोजन परोसा।

आश्रम के वातावरण को और भी पवित्र बना दिया।

इस अवसर पर, उन्होंने कहा, "आइए हम दीपावली के इस पावन अवसर पर वृद्धजनों के प्रति अपनी सेवा और समर्थन को बढ़ावा देने का संकल्प लें।" जिला कलक्टर ने बुजुर्गों के लिए खुशी का मौका बनाया।

# ब्यूटी पार्लर मालकिन की हत्या का आरोपी फरार

**जोधपुर, (कासं)।** ब्यूटी पार्लर की मालकिन अनीता की हत्या की गुत्थी और उलझती जा रही है। हत्या के आरोपी की तलाश में पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी की है।मगर वह चार दिन गुजरने के बाद भी पुलिस की पकड़ में नहीं आया है।मामले में प्रॉपर्टी डीलर और डॉक्टरों के शामिल होने की बात सामने आ रही है।

रविवार को अनीता का दुकान से निकल कर रिक्शे में बैठते हुए कह सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वह पीले सूट में हाथ में बैग लिए रिक्शे में बैठती नजर आ रही है। लाश के पास ये बैग पुलिस को बरामद नहीं हुआ। इससे पहले आए ऑडियो की पुष्टि अनीता के पति मनमोहन ने की है। इसमें सहेली सुमन कह रही है कि दीदी के पास ऐसा कुछ था जिसके कारण उनकी हत्या कर दी गई। फिलहाल मामले को लेकर पुलिस कुछ कहने से बच रही है। आरोपी गुलामुद्दीन फरार है जबकि उसकी पत्नी आबिदा परवीन को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया था।

31 अक्टूबर को पुलिस को जोधपुर के गंगाना में महिला शव जमीन में गढ़ा होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने गड्ढा खुदवाया तो महिला की लाश मिली। इस लाश को 6 टुकड़ों में काटा गया था। पुलिस ने पड़ताल की तो पास ही के घर में रहने वाले गुलामुद्दीन और उसकी पत्नी आबिदा पर शक गया। गुलामुद्दीन घर से फरार था और पत्नी से पूछताछ की तो लूट और हत्या के मामले का खुलासा हुआ। वहीं गुलामुद्दीन का भी सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लगा है।

# चलते-फिरते भंडारे में भक्तों ने सांवलिया सेठ की प्रसादी पाई

**मंडफिया, (निसं)।** मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलियाजी सेठ मंडफिया के दरबार में दीपोत्सव एवं अन्नकूट पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपावली पर्व पर शुक्रवार को मंदिर कार्यालय में पंडित विश्वनाथ आमेटा के मंत्र उच्चारों के साथ महालक्ष्मीजी की व भंडार की एवं वाहनों की पूजा-अर्चना की गई।

दीपावली पर्व पर मंदिर को रंग बिरंगी विद्युत चलित लाइटों से सजाया गया एवं मंदिर परिसर में दीप प्रज्ज्वलित किए गए। कस्बे में शनिवार को अन्नकूट पर्व पर सवेरे गांव के गणमान्य नागरिकों एवं मंदिर पदाधिकारियों की उपस्थिति में चंदा उगाही की गई। जिसमें परंपरा के अनुसार चलता फिरता भंडार ठेला गाड़ी में रखकर सभी मोहल्ले में घुमाया गया। यहां के स्थानीय निवासियों में भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के प्रति अटूट श्रद्धा है। इस चंदे उगाही में सभी धर्मों के लोगों बगैर भेदभाव के अपनी इच्छा अनुसार चंदा के रुपए भंडार में डाले। इस चंदे



ग्रामवासियों ने अन्नकूट चंदा राशि की गिनती की।

उगाई की पेटी को मंदिर कार्यालय में लाकर रुपयों की गणना की गई। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि इस अन्नकूट चंदे की उगाई में एक लाख एक हजार 533 रुपए नगद प्रात हुए। इसके अलावा एक भक्त ने अपना नाम गुप्त रखकर अन्नकूट चंदे के नाम से ऑनलाइन 24 लाख रुपए दान किए। इसी दिन शनिवार दोपहर 3 बजे मंदिर से 3 किलोमीटर दूर गौशाला परिसर में गोवर्धन पूजा-अर्चना की गई।

अन्नकूट एवं दीपोत्सव कार्यक्रम में

- श्री सांवलियाजी सेठ मंडफिया के दरबार में दीपोत्सव एवं अन्नकूट पर्व मनाया

मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर, नवनियुक्त मुख्य निष्पादन अधिकारी प्रभा गौतम, मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, मंडफिया पूर्व सरपंच हजारी दास वैष्णव, मंदिर बोर्ड सदस्य अशोक शर्मा, ममतेश शर्मा, संजय कुमार मंडोवरा, श्रीलाल पाटीदार, भादसोड़ा सरपंच एवं मंदिर बोर्ड सदस्य शंभू लाल सुथार, प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, सुरक्षा प्रभारी भेरू गिरी गोस्वामी, मंदिर के स्थाई कर्मचारी गुलाब सिंह राजपूत, कालू लाल तेली, लेहरी लाल गाडरी, दीपक तिवारी, रमेश मेघवाल सहित गांव के गणमान्य नागरिक एवं मंदिर कर्मचारी उपस्थित थे।

# दिवाली पर आतिशबाजी के कारण 50 से ज्यादा लोगों की आंखों की रोशनी गई

**कोटा, (निसं)।** संभाग में 150 करोड़ से ज्यादा की आतिशबाजी की बिक्री दुकानों पर हुई थी और जमकर लोगों ने आतिशबाजी की। ग्रीन के साथ-साथ भारी धूम धड़ाके और तेज आवाज वाले पटाखे बड़ी संख्या में चले। ऐसे में इनसे झुलसने के मामले भी बड़ी संख्या में आये। दूसरी तरफ आंख पर चोट लगने के भी करीब 50 से ज्यादा मामले कोटा संभाग के अस्पतालों में पहुंचे हैं। सर्वाधिक 20 मामले तो मेडिकल कॉलेज के एमबीएस अस्पताल में ही आए हैं जबकि शेष निजी और अन्य जिला अस्पतालों में पहुंचे हैं। इनमें कुछ की आंखों की रोशनी फिलहाल चली गई है।

मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग अध्यक्ष डॉ.अशोक मीणा का कहना है कि बीते तीन से चार दिनों में दिवाली पर पटाखे चलने की वजह से करीब 24 मरीजों की आंखों की परेशानी हुई है। यह सभी एमबीएस अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में दिखाने के लिए पहुंचे थे। पटाखे जलाने की वजह से मरीजों को

- सर्वाधिक 20 मामले तो मेडिकल कॉलेज के एमबीएस अस्पताल में ही आए हैं जबकि शेष निजी और अन्य जिला अस्पतालों में पहुंचे
- 'पटाखे जलाने की वजह से मरीजों को आंखों में सामान्य से गंभीर चोट आई है। इनमें अधिकांश मरीज की उम्र 10 से 22 साल के बीच हैं'

आंखों में सामान्य से गंभीर चोट आई है। इनमें अधिकांश मरीज की उम्र 10 से 22 साल के बीच हैं। ज्यादातर मरीजों को सामान्य चोट आई है लेकिन चार मरीजों को गंभीर चोट होने की वजह से उनको दिखना बंद हो गया था। डॉ.मीणा का यह भी कहना है कि इन मरीजों की रोशनी वापस लौटती है या नहीं यह रिकवरी पर ही निर्भर है। एक मरीज की रोशनी तो बढ़ गई है। डॉ. मीणा ने कहा कि ज्यादातर मरीजों का दवाई देकर इलाज किया जा रहा है। एक मरीज का पटाखे (रॉकेट) चलाने की वजह से कांच का टुकड़ा आंख में चला गया जिससे मरीज की आंख फट गई साथ में आंख की पलक भी कट गई और दिखना बंद हो गया। इसके लिए मरीज की आंख का ऑपरेशन किया गया। एक मरीज का पटाखे (अनार) चलाने की वजह से चेहरा झुलस गया है।

सुवि नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ. सुरेश पांडेय का कहना है कि कोटा संभाग से उनके अस्पताल में पटाखे से आंखों में कई तरह की चोट लगने के करीब 12 मरीज आए हैं। इनमें भी अधिकांश बच्चे ही हैं। इनमें कॉर्निया या पारदर्शी पुतली पर जख्म बनना, आंखों में खून उतर आना, पलकों का जल जाना, पलकों या कॉर्निया पर पटाखों की राख चिपकना और आंखों में इन्फेक्शन के मामले हैं। इसके अलावा बारां निवासी 23 साल के युवक की आंख में पटाखा जाने की वजह से मोतियाबिंद भी बन गया। 12 साल की बालिका के पटाखे जलाते समय आंख में चोट लग गई जिसके चलते उसे भी मोतियाबिंद हो गया। अब उसकी रोशनी भी चली गई। ऐसे में करीब एक महीने बाद ऑपरेशन कर कृत्रिम लेंस का प्रत्यारोपण किया जाना है। सांगोद में 18 साल का युवक स्टील के लोटे में रखकर बम को जला रहा था। ऐसे में बम के फटने के साथ ही स्टील के लोटे के भी टुकड़े-टुकड़े हो गए। इस लोटे के स्टील के कई टुकड़े इस युवक के शरीर में भी घुस गए। कंधे में एक बड़ा स्टील का टुकड़ा घुस गया और काफी बड़ा कट कंधे पर लग गया है। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया जहां पर ऑपरेशन कर इस टुकड़े को बाहर निकाला है।

# दो नाबालिग बच्चों का अपहरण का प्रयास

**बीकानेर, (निसं)।** शहर के नयाशहर थाना इलाके में दो नाबालिग बच्चों को किडनैप करने का मामला किया गया। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि व्यासों के चौक से बिन्नाणी चौक की ओर अपने रिश्तेदार के यहां दीपावली रामा श्यामा करने जा रहे दो नाबालिगों को महिलाओं ने जबरन पकड़ लिया और अपने साथ ले जाने लगी। बच्चों के चिल्लाने पर महिलाएं भाग खड़ी हुई।

जानकारी मिली है कि लालाणी व्यास चौक निवासी केदार नाथ व्यास के पुत्र गिरिराज व विश्वम्भर व्यास के पुत्र गोविन्द अपने रिश्तेदार के यहां जाने को कहकर निकले। करीब आधे घंटे बाद दोनों घबराएं हुए घर आये और गुमशुम होकर कमरे में बैठ गये। काफी देर तक कुछ भी नहीं बोलने पर उनसे पूछताछ की तो उन्होंने सारा घटनाक्रम बताया कि बिन्नाणी चौक जाने वाली गली में कुछ महिलाओं ने उन्हें पकड़ लिया और अपने साथ जाने

- दो नाबालिगों को महिलाओं ने जबरन पकड़ लिया और अपने साथ ले जाने लगी
- बच्चों के चिल्लाने पर महिलाएं भाग गई, बच्चों के पिता ने नयाशहर थाने में परिवाद दिया

के लिये क हा। मना करने पर डराने लगी। इस दौरान गोविन्द ने महिलाओं से कहा सॉरी हमसे क्या गलती हुई है जो आप हमें ले जा रहे हो।

काफी देर बहसबाजी के बाद एक मोटरसाइकिल सवार उधर से निकलता देख दोनों बच्चे चिल्लाये। जिसके बाद महिलाएं घबरा कर वहां से भाग गई। इस घटनाक्रम को लेकर बच्चों के पिता ने नयाशहर थाने में परिवाद दिया है।

किडनैपिंग के इस प्रयास में बच्चों की ट्यूशन पढ़ाने वाली मैडम की सीख काम आई। गिरिराज ने बताया कि उनकी ट्यूशन पढ़ाने वाली मैम ने कहा था कि इस तरह कोई अंजान व्यक्ति तुम्हें पकड़ ले या तुम्हारे को जबरदस्ती उठाने का प्रयास करें तो जोर जोर से चिल्लाना ताकि आसपास के लोगों को इसका पता चल सके और तुम उन अंजान लोगों के चुंगल से बच सको। मैम की बताई इसी बात को याद करते हुए गिरिराज जोर जोर से चिल्लाया। जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस प्रकार के संदेश वायरल किये जा रहे है। जिसमें आमजन को सतर्क रहने के लिये कहा जा रहा है कि कुछ महिलाएं सामान बेचने के बहाने शहर में घूम रही है। जो मौके का फायदा उठाकर बच्चों को चुराने तथा घर में घुसकर तांत्रिक विद्या के जरिये ठगी का काम कर रही है।

# भाईदूज का पर्व उत्साह के साथ मनाया, बहनों ने भाई की सलामती की दुआ मांगी

**अजमेर, (कासं)।** भाई-बहन के प्यार का प्रतीक भैया दूज का पर्व रविवार को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान भाइयों के माथे तिलक से सजे दिखाई दिए। दिनभर बहनों का अपने भाइयों के यहां टीका लगाने के लिए पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। माथे पर टीका लगाते हुए बहनों ने अपने भाइयों की सलामती दीर्घायु की दुआ मांगी। वहीं बाजारों व बस स्टैड पर महिलाओं की चहलकदमी देखने को मिली।

रविवार सुबह से ही क्षेत्र में बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना की। छोटी बहनों में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह था। उधर दूरदराज के क्षेत्रों से अपने भाइयों को तिलक लगाने के लिए आने वाली बहनों के चलते सुबह



भैयादूज पर भाई का तिलक करते हुए बहन।

से ही बसों में काफी भीड़ थी। बहरहाल सुबह से ही दुकानों पर खरीदारी करने के लिए महिलाओं और युवतियों का तांता लगा रहा। मिठाइयों से लेकर

- दुकानों पर खरीदारी करने के लिए महिलाओं और युवतियों का तांता लगा रहा
- मंदिरों में पूजा-के लिए भीड़ उमड़ी

आकर्षक तोहफों की खरीददारी की गई। बहन-भाई के प्रेम को दर्शाता भैया दूज का त्योहार शहर के साथ साथ जिलाभर में धूमधाम से मनाया गया।

भाई-बहन के अटूट प्रेम को सूत्र में पिरोते इस त्योहार को जितना उत्साह बहनों में दिखा उतने ही भाई भी उत्साहित दिखे। भाइयों ने भी अपनी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार दिए। बाजार में महिलाओं और युवतियों ने जमकर खरीदारी की। मंदिरों में इस मौके पर सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए तांता लगा रहा। सबसे ज्यादा भीड़ मिष्ठान भंडारों पर देखी गई। मौके का फायदा उठाते हुए दुकानदारों ने मिठाईयों के भाव बढ़ा दिए। नारियल के रेटों में भी खासा इजाफा देखने को मिला। नारियल (गोला) तीन सौ रुपये प्रति किलो से बढ़कर 400 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिका। भैया दूज में बहनों द्वारा नारियल के साथ मिष्ठान देने का चलन है। फलों के रेट भी आसमान छूते दिखाई दिए। भैया दूज के पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सजग रहा। बाजारों में जाम न लगे और कोई घटना नहीं हो इसके लिए इसके लिए पुलिसकर्मियों की बाजारों व प्रमुख स्थानों पर तैनाती की गई। साथ ही काफी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई।

# खेल जगत



घर पर 3-0 से हारना बहुत मुश्किल है, और इसके लिए आत्मनिरीक्षण की जरूरत है। क्या यह तैयारी की कमी थी, क्या यह खराब शॉट चयन था, या मैच से पहले अभ्यास की कमी थी?- सचिन तेंदुलकर

पूर्व भारतीय बल्लेबाज, भारतीय टीम के 3-0 से हारने पर बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी** — ईशान किशन



ऑस्ट्रेलिया ए ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां भारत ए को चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट मैच में सात विकेट से हराया जिसमें भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन गेंद बदलने के विवाद में फंस गए। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन सुबह अपनी पारी तीन विकेट पर 139 रन से आगे बढ़ाई।कप्तान नाथन मैकस्वीनी (नाबाद 88) और ब्यू वेबस्टर (नाबाद 61) ने चौथे विकेट के लिए 141 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को आसान जीत दिलाई।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल के एक मैच में सर्वाधिक गोल का रिकार्ड ऑस्ट्रेलिया और स्वीजरलैंड के बीच (7-5) खेले गये मैच के दौरान हुआ।

## माइनेनी-रामकुमार की जोड़ी ने जीता सियोल ओपन युगल का खिताब



सियोल (दक्षिण कोरिया), 3 नवंबर। भारत की साकेत माइनेनी-रामकुमार रामनाथन की जोड़ी ने रविवार को फाइनल में मुकाबले में अमेरिका के वासिल किरकोव और नीदरलैंड के बार्ट स्टीवंस की जोड़ी को हराकर सियोल ओपन पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। आज यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने अमेरिका के वासिल किरकोव और नीदरलैंड के बार्ट स्टीवंस की जोड़ी को 6-4, 4-6, 10-3 से हराया। यह भारतीय जोड़ी का चौथा एटीपी चैलेंजर खिताब है। इससे पहले सेमीफाइनल में साकेत मायनेनी और रामकुमार रामनाथन ने दक्षिण कोरिया के नाम जी सुंग और ग्रेट ब्रिटेन के जोशुआ पेरिस को 7(9)-6(7), 6-4 से हराया था। मायनेनी और रामनाथन ने पहले दौर में कोलंबिया के दूसरे वरीय क्रिस्टियन रोड्रिग्ज और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू रोमियोस को हराया था और फिर क्वार्टर फाइनल में कोरियाई वाइल्ड कार्ड जियोंग योंगसोक और पार्क उइसुंग को हराया था।

## अनाहत सिंह ने जीता साल का छठा पीएसए चैलेंजर स्क्वैश खिताब



कॉफ्स हार्बर (ऑस्ट्रेलिया), 3 नवंबर। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने रविवार को जापान की अकारी मिडोरिकावा को 3-0 से हराकर कोस्टा नॉर्थ कोस्ट ओपन 2024 के महिला एकल खिताब जीत लिया। यह अनाहत का इस साल का छठा पीएसए चैलेंजर खिताब है। आज यहां खेले गये फाइनल मुकाबले में 16 साल की अनाहत सिंह ने जापान की छठी वरीयता प्राप्त अकारी मिडोरिकावा को 3-0 (11-6, 11-6, 11-7) से हराकर खिताब अपने नाम किया। भारतीय स्क्वैश स्टार ने पूरे टूर्नामेंट में अपने दबदबे को बरकरार रखा और केवल एक ही गेम गंवाया। उन्होंने सेमीफाइनल में हांगकांग की सातवीं वरीयता प्राप्त किर्स्टी वोंग को 3-1 (11-5, 7-11, 11-7, 11-9) से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि दूसरे राउंड और क्वार्टरफाइनल में हांगकांग की बोबो लाम और हेलेन टांग को हराया था। पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में महिलाओं की टीम और मिश्रित युगल इवेंट में कांस्य पदक जीतने वाली अनाहत सिंह को उनकी वरीयता के कारण पहले राउंड में बाई मिली थी। यह उनका इस वर्ष का छठा खिताब है।

## हीरानन्द कटारिया व नरेन्द्र यादव को सम्मान पत्र प्रदान किया



जयपुर, 3 नवंबर। बी-पॉजिटिव संस्थान ने स्व.जगदीश चौधरी सकारात्मक सोच सम्मान पत्र -2022 अंतराष्ट्रीय खिलाडी हीरानन्द कटारिया के खेल क्षेत्र में किये गए योगदान के लिए सम्मानित किया। 2023 के स्व. जगदीश चौधरी सकारात्मक सोच सम्मान पत्र के लिए नरेंद्रजी यादव को उनके पर्यावरण क्षेत्र में किये गए कार्यों विशेषत 1 लाख बरगद के पेड़ो के वृक्षारोपण के लिए सम्मानित किया। बी प्लस एनजीओ सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तित्व, संस्था, समूह को स्व. जगदीश चौधरी स्मृति पुरस्कार प्रतिवर्ष एनजीओ परिवार द्वारा प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में बी-पॉजिटिव संस्थान के इस वर्ष नये सदस्यों का साफा पहनाकर सम्मान किया गया। सदस्य राजकुमार यादव व रामनिवास यादव ने सभी आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हॉकी इंडिया चैंपियनशिप का 14वां संस्करण, 31 टीमें करेंगी प्रतिस्पर्धा

चेन्नई, 3 नवंबर। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में सोमवार से शुरु हो रही हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का 14वें संस्करण कुल 31 टीमें हिस्सा लेंगी। मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में होने वले इस टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने वाली 31 टीमों को आठ पूल में बांटा गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीम 13 नवंबर को क्वार्टर-फाइनल में आगे बढ़ेगी, उसके बाद 15 नवंबर को सेमीफाइनल और 16 नवंबर को फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्ले-ऑफ होगा।

# कप्तान रोहित शर्मा ने टीम की शर्मनाक हार की जिम्मेदारी ली

मुबंई, 3 नवंबर। कप्तान रोहित शर्मा ने टीम की शर्मनाक हार की जिम्मेदारी ली और कहा कि इसे आसानी से पचाया नहीं जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह उनके करियर का सबसे बुरा दौर है। उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रदर्शन मेरे करियर का सबसे बुरा दौर होगा और मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं।

रोहित ने कहा, श्रृंखला गंवाने की बात पचाना मुश्किल है। श्रृंखला हारना, टेस्ट मैच हारना कभी भी आसान नहीं होता। यह आसानी से पचने वाली बात नहीं है। हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला। न्यूजीलैंड ने पूरी श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन किया। हमने कई गलतियां कीं। उन्होंने आगे कहा, पहले दो टेस्ट में हमने पहली पारी में ज्यादा रन नहीं बनाए। इस मैच में हमने 28 रन की बढ़त हासिल की और फिर मिले लक्ष्य को हासिल किया



जा सकता था। उन्होंने कहा, हम एक इकाई के रूप में विफल रहे। जब आप इस तरह के लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो आप चाहते हैं कि बोर्ड पर रन बने। यह मेरे दिमाग में था लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। जब जो चाहते हो ऐसा नहीं होता तो यह अच्छा नहीं लगता।

भारतीय कप्तान ने बताया कि वह अपने खुद के प्रदर्शन से भी काफी निराश हैं। उन्होंने कहा, मैं कुछ खास योजनाओं के साथ मैदान में उतरता हूं और इस श्रृंखला में वे योजनाएं सफल नहीं हो पाईं। हमने इन परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला और इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, मैं कप्तान के रूप में और बल्लेबाजी में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाया। एक इकाई के रूप में हम मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे।

मैच में अपनी खराब बल्लेबाजी पर विस्तार से बात करते हुए कप्तान ने कहा कि वह अपने खेल की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा, मेरा डिफेंस। मैंने क्रीज पर बहुत ज्यादा देर तक नहीं खेला तो मैंने बहुत ज्यादा डिफेंड नहीं किया। मुझे इस पर गौर करने की जरूरत है।

// पंत के विकेट पर विवाद //

# रोहित बोले-यह निर्णायक विकेट, सबके लिए नियम एक जैसे हों

मुंबई, 3 नवम्बर। मुंबई टेस्ट की आखिरी पारी में ऋषभ पंत के विकेट पर विवाद खड़ा हो गया है। इस फैसले से भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा टेस्ट 25 रन से हार गई। इसी के साथ टीम को 3 से ज्यादा मैचों की सीरीज में घर पर पहली बार क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा।

मैच के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा- पंत का विकेट हमारे लिए निर्णायक रहा। यहां से हम मैच हार गए। हमें उम्मीद थी कि पंत जीत दिला देंगे।

22वें ओवर में भारत ने पंत के रूप में 7वां विकेट गंवाया। शानदार बल्लेबाजी कर रहे ऋषभ पंत 64 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एजाज पटेल ने विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच कराया। यहां पंत ने एजाज की फुल लेंथ बॉल को डिफेंस किया। बॉल बैट-पैड में एक साथ लगी। कीवी टीम ने अपील



की लेकिन अंपायर ने नॉट आउट दिया।

यहां टॉम लैथम ने रिव्यू लिया जिसमें दिख रहा था की बॉल, बैट और पैड के साथ में टकराई है। पंत ने फील्ड अंपायर को समझाने को कोशिश की लेकिन थर्ड अंपायर ने आउट दिया।

# अन्डर-15 एवं अन्डर-17 नेशनल रैंकिंग बैडमिन्टन प्रतियोगिता आज से

## पहले दिन खेले जायेंगे 600 मुकाबले

जयपुर, 3 नवंबर। अन्डर-15 एवं अन्डर-17 नेशनल रैंकिंग बैडमिन्टन प्रतियोगिता गुलाबी नगर के सवाई मानसिंह इण्डोर स्टेडियम पर सोमवार से शुरू होगी। पहले दिन वालिफाइंग राउण्ड के 600 मुकाबले खेले जायेंगे। क्वालिफाइंग राउण्ड 8 नवम्बर की दोपहर तक चलेंगे। प्रतियोगिता के लड़के के अन्डर-15 आयु वर्ग में हेमन्त श्री को पहली व सतीश एस.के. वासुदेव को दुसरी वरीयता मिली हैं। इसी आयु वर्ग की लड़कीयों में मानिया अग्रवाल को पहली व वेंकटेश यागना को दुसरी सीड मिली हैं। लड़को के अन्डर-17 आयु वर्ग में यशहस एम. रेडडी को पहली व अमित राज नटराज को दुसरी वरीयता मिली हैं। इसी आयु वर्ग की लड़कीयों के वर्ग में सीरत बुदवर को पहली व अनुसंजना मुरली को दुसरी सीड मिली हैं।

प्रतियागिता में 2600 से अधिक



खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। चीफ रेफरी पी रामकृष्णैया ने रविवार की शाम प्रतियोगिता का ड्रॉ निकाला। प्रतियोगिता के डिप्टी रेफरी त्रिलोक शुक्ला होंगे। चीफ रेफरी ने ड्रॉ के बाद अम्पयार व तकनीकी अधिकारियों की बैठक ली। प्रतियोगिता के मैच कन्ट्रोलर शिशीर खरे हैं। पहले दिन के मुकाबले प्रातः 08:00 बजे से शुरू होंगे। रविवार को खिलाडियों ने जमकर अभ्यास भी किया।

## भारत का फाइनल में पहुंचना कठिन

# अब ऑस्ट्रेलिया में 4-0 से जीतना ही होगा



मुंबई, 3 नवम्बर। न्यूजीलैंड ने भारत में 3-0 से टेस्ट जीतकर इतिहास रच दिया है। जबकि टीम इंडिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की राह को बहुत मुश्किल बना लिया है। टीम को अब बाकी टीमों पर निर्भर नहीं रहना तो 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली 5 टेस्ट की सीरीज में 4 मैच जीतने ही होंगे।

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने भारत में टेस्ट सीरीज जीतकर फाइनल में पहुंचने के दरवाजे खोल लिए। अगर टीम भारत में हार जाती तो फाइनल की रेस से बाहर हो जाती, लेकिन उसने इतिहास रचा और अपनी उम्मीदें कायम रखीं।

भारत की अपने ही घरेलू मैदान पर शर्मनाक हार के बाद 5 टीमों के फाइनल में पहुंचने के रास्ते खुल गए हैं। भारत और न्यूजीलैंड के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका की टीमें भी फाइनल में जगह बना सकती हैं। पांचों टीमें पॉइंट्स टेबल की टॉप-5 पोजिशन पर भी हैं। वहीं, इंग्लैंड, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश रेस से बाहर हो चुके हैं।वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पिछले 2 फाइनल खेलने वाली टीम इंडिया के लिए इस बार का खिताबी मुकाबला नामुमकिन लग रहा है। टीम न्यूजीलैंड से हारकर पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर खिसक गई है। टीम 74.24 पॉइंट्स से सीधे 58.33 पॉइंट्स पर पहुंच गई है।

भारत की आखिरी टेस्ट सीरीज अब ऑस्ट्रेलिया से ही बाकी है। टीम को वहां 22 नवंबर से 7 जनवरी तक 5 टेस्ट खेलने हैं। भारत ने 3-2 से सीरीज जीत भी ली तो भी टीम फाइनल में नहीं पहुंच पाएगी। 4 टेस्ट जीतकर ही टीम बगैर किसी पर निर्भर हुए फाइनल में जगह बना सकेगी।

हालांकि 4-0 से जीतना बहुत ज्यादा मुश्किल है, क्योंकि टीम विराट कोहली और अंजिक्य रहाणे जैसे दिग्गजों की कप्तानी में भी ऑस्ट्रेलिया जाकर 8 में से 4 ही टेस्ट जीत सकी थी। जबकि अब भारत में 5 टेस्ट हारने का रिकॉर्ड बना चुके रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ऑस्ट्रेलिया जा रही है। पॉइंट्स में जानते हैं 55 से ज्यादा पॉइंट्स रखने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया में कितने मैच जीतने होंगे।

## रोहित घर में 5वां टेस्ट हारे

मुंबई, 3 नवम्बर। रोहित शर्मा ने अभी तक बतौर कप्तान घर में 16 मैच खेले हैं, जिसमें अभी तक वह 5 मुकाबले हार चुके हैं। वहीं अजहरुद्दीन और कपिल देव ने घर पर अपनी कप्तानी में 4-4 मैच हारे थे। इस लिस्ट में मंसूर अली खान पटौदी 27 में से 9 मैच हारकर टॉप पर हैं। न्यूजीलैंड ने इस मैच में भारत को चौथी पारी में जीत के लिए 147 रन का टारगेट दिया था। भारत की पारी 121 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड ने मैच को 25 रन से अपने नाम किया। यह न्यूजीलैंड का डिफेंड किया गया दूसरा सबसे छोटा टारगेट है। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के स्पिनर एजाज पटेल ने तीसरे मैच में 11 विकेट लिए। पहली पारी में 5 और दूसरी में 6 विकेट झटके।

## आरपीसी ने एकतरफा मुकाबले में कानोता पोलो को 10-4 से हराया



जयपुर, 3 नवंबर। पद्मनाभ सिंह की टीम ने कानोता पोलो के खिलाफ 10 गोल दागकर मैच को अपने नाम किया जबकि उनके विरोधी ने सिर्फ 4 गोल किए। रविवार को आरपीसी ने कानोता पोलो को रोमांचक मुकाबले में 10-4 गोल से हराया। सितंबर पोलो सीजन 2024 के अंतर्गत आरपीसी पोलो कप (02 गोल) टूर्नामेंट का फाइनल रविवार को राजस्थान पोलो क्लब मैदान पर खेला गया। इस मुकाबले में टीम आरपीसी विजेता रही। फाइनल मुकाबले में पद्मनाभ का प्रदर्शन काफी दमदार रहा। उन्होंने अपनी टीम के लिए कुल पांच गोल किए। विजेता टीम जयपुर से एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने 5, आर्यन सिंह ने 2 और सिद्धांत सिंह ने 3 गोल कर टीम को जीत दिलाई। वहीं कानोता पोलो की ओर से दिव्यमान सिंह और अनिरुद्ध ने 1-1 गोल किये। कानोता पोलो टीम को दो अंकों का एडवांटेज मिला हुआ था। मैच के एम्पायर ऐलन और लांस वाट्सन ओर रेफ्री रणशेय पुरोहित थे।

// जयपुर ज़िला हैंडबॉल संघ //

## राज्य प्रतियोगिताओं के लिए जयपुर जिले की टीमों का चयन चैंपियनशिपों से

### केवल रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे

जयपुर, 3 नवंबर। जयपुर ज़िला हैंडबॉल संघ ने शनिवार को सत्र 2024-25 की सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर ज़िला हैंडबॉल प्रतियोगिताओं का कैलेंडर जारी कर दिया। इन प्रतियोगिताओं में केवल रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते है। जिनके पास आरएच-पिन नंबर होगा। जिन खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है वे खिलाड़ी राज्य हैंडबॉल संघ की वेबसाइट पर लॉगिन कर रजिस्टर्ड करे।

जयपुर ज़िला हैंडबॉल संघ के मानद सचिव अरुण प्रताप सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 29वी जयपुर ज़िला सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (बालक व बालिका) का सवाई मान सिंह स्टेडियम में 6 से 8 नवंबर तक होगा। इसमें 01.01.2010 को या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकते है। इसी प्रकार 41वी जयपुर ज़िला जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (बालक व बालिका) का आयोजन सवाई मान सिंह स्टेडियम में 9 से 11 नवंबर तक होगा। इसमें 01.01.2005 को या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकते है। उन्होंने बताया कि 47वी जयपुर ज़िला सीनियर हैंडबाल प्रतियोगिता (पुरुष व महिला) का आयोजन सवाई मान सिंह स्टेडियम में 23 से 26 नवंबर तक किया जाएगा। अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के दौरान ही आगामी राज्य प्रतियोगिता के लिये जयपुर के खिलाड़ियों का चयन भी किया जायेगा।

# एसआईएस पिचेस ने आठ नई हाइब्रिड क्रिकेट पिचों का किया निर्माण

हमीरपुर, 3 नवंबर। भारत में उच्च गुणवत्ता वाली क्रिकेट सुविधाओं की बढ़ती मांग को पूरा करते हुए खेल सतह डिजाइन, निर्माण और स्थापना में वैश्विक अग्रणी कम्पनी एसआईएस पिचेस ने आठ नए हाइब्रिड क्रिकेट पिचों का निर्माण पूरा होने की घोषणा की है।

इन आठ पिचों में से चार हमीरपुर के अमतर में अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम और चार अन्य बिलासपुर में लुहनु क्रिकेट स्टेडियम में बनाई गई हैं। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में हाइब्रिड पिचों के सफल निर्माण के बाद ये नई पिचें दोनों स्थानों पर अधिक खेलों की मेजबानी और देश भर में क्रिकेट के बढ़ते उत्साह को पूरा करने की अधिक क्षमता प्रदान करेंगी। अमतर और बिलासपुर में दो-दो पिच मैदान के बीच में बनाई गई हैं जबकि दो-दो अतिरिक्त पिचें समर्पित अभ्यास क्षेत्र में तैयार की गई हैं। नई पिचें बिलासपुर और अमतर दोनों में सभी स्तरों पर क्रिकेटरों के लिए खेल की स्थिति और पेशेवर गुणवत्ता प्रशिक्षण सुविधाओं को बेहतर बनाएंगी। एसआईएस पिचेस ने अमतर के अभ्यास क्षेत्र में विशेष रूप से डिजाइन किए गए टर्फ का 30 वर्ग मीटर विस्तार भी किया है। यह अतिरिक्त टर्फ यहां की क्रिकेट महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भविष्य की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति करेगा।

एसआईएस पिचेस के अंतरराष्ट्रीय सेल्स डायरेक्टर पॉल टेलर ने कहा भारत भर में हाइब्रिड पिचों के लिए बढ़ती रुचि को देखना उत्साहजनक है। बिलासपुर और अमतर में टीमों के साथ काम करना एक अच्छा अनुभव रहा है। ये पिच इन क्लबों को अधिक टिकाऊ सतहों पर अधिक गेम खेलने का मौका देंगे और अंतत यह सुनिश्चित करेंगे कि अधिक से अधिक खिलाड़ी अपने क्रिकेट में सुधार करें और खेल से लाभान्वित हों। अमतर में अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम के क्यूरेटर संजय ठाकुर ने कहा नई हाइब्रिड पिचें हमें अधिक क्षमता प्रदान करेंगी और हम अधिक मैचों की मेजबानी कर पाएंगे। ये पिचें अभ्यास के लिए बेहतर सुविधाएं भी प्रदान करेंगी जिससे हमें अपने क्षेत्र में क्रिकेट के प्रति बढ़ते उत्साह को पूरा करते हुए विभिन्न स्तरों पर प्रतिभाओं को निखारने में मदद मिलेगी। मई में एसआईएस पिचेस ने धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में भारत की पहली हाइब्रिड क्रिकेट पिचें निर्मित की थी।हाइब्रिड पिचें लगातार उछाल, स्थायित्व और बेहतर खेल अनुभव प्रदान करने के लिए प्राकृतिक और कृत्रिम टर्फ तकनीक को मिला कर बनाई जाती हैं।एसआईएसग्रास हाइब्रिड पिचों में प्राकृतिक घास को पांच प्रतिशत पॉलिमर फाइबर के साथ जोड़ा जाता है जो भारत की विविध जलवायु को सहन करने के लिए डिजाइन की गई हैं।

यूनिवर्सल मशीन हाईब्रिड पिच के निर्माण का एक महत्वपूर्ण घटक है जो पहली बार 2017 में एसआईएसग्रास द्वारा विकसित किया गया था। यह क्रिकेट स्टेडियमों और पिचों के अंदर प्राकृतिक टर्फ के साथ पॉलिमर फाइबर का एक छोटा अंश इंजेक्ट करता है। केवल पांच प्रतिशत सिंथेटिक फाइबर के साथ पिच सुनिश्चित करती है कि क्रिकेट के लिए आवश्यक प्राकृतिक विशेषताएं इसमें संरक्षित हैं।रूट एरोटेशन प्रणाली,एसआईएसएयर जैसी तकनीकों के माध्यम से पिच की सेहत तथा लचीलेपन में और सुधार होता है।

# भारत ने अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चार स्वर्ण सहित 17 पदक जीते

नई दिल्ली, 3 नवंबर। भारतीय मुक्केबाजों ने अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य सहित कुल 17 पदक जीते। पदक जीतने वाले मुक्केबाजों में 11 खेलों इंडिया से जुड़े हैं और इनमें से आठ भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के प्रशिक्षु हैं।

अमेरिका के कोलोराडो में आयोजित हुई इस चैंपियनशिप में पार्थवी ग्रेवाल, वंशिका गोस्वामी और हेमंत सांगवान ने स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को समाप्त हुए टूर्नामेंट में 19 में 17 मुक्केबाजों ने पदक जीते। भारत को महिला वर्ग में 10 पदक और पुरुष वर्ग में सात पदक मिले।

पार्थवी ने महिलाओं के 65 किग्रा फाइनल में नीदरलैंड्स की आलिया होपेमा पर 5-0 से जीत दर्ज की। वंशिका ने 80 किग्रा वर्ग में जर्मनी की विक्टोरिया गैट को हराया और कृषा वर्मा ने महिला, 75 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता।

पुरुष वर्ग में हेमंत ने 90 किग्रा वर्ग में अमेरिका के रिशोन सिम्स पर 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत हासिल करके स्वर्ण जीता।

इसके अलावा निशा (51 किग्रा), सुप्रिया देवी थोकचोम (54 किग्रा) और कृतिका वासन (80 किग्रा), चंचल चौधरी (महिला, 48 किग्रा), अंजलि सिंह (महिला, 57 किग्रा), विनी (महिला, 60 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (महिला, 70 किग्रा), राहुल कुंडू (पुरुष, 75 किग्रा) को रजत पदक मिले।

वहीं ऋषि सिंह (पुरुष 50 किग्रा), कृष पाल (पुरुष 55 किग्रा), सुमित (पुरुष 70 किग्रा), आर्यन (पुरुष 85 किग्रा), लक्ष्य राठी (पुरुष 90 से अधिक किग्रा) में कांस्य पदक हासिल किया।

## 175 साइकिल चालकों की बड़ी भागीदारी के बीच टूर डी सनावर संपन्न

शिमला, 3 नवंबर। हिमाचल प्रदेश के सनावर स्थित द लॉरेंस स्कूल की ओर से स्कूल के पूर्व छात्र संगठन द ओल्ड सनावरियन सोसाइटी के सहयोग से आयोजित वार्षिक साइक्लोथॉन टूर डी सनावर का रविवार को आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चार आयु वर्गों में 16 स्कूलों और 20 से अधिक शहरों, जिनमें बेंगलुरु, पुणे और गुवाहाटी शामिल हैं, के 175 साइकिल चालकों ने भाग लिया। हीरो साइकिल्स के चेयरमैन पंकज मुंजाल (जो स्कूल के पूर्व छात्र भी हैं) और ओल्ड सनावरियन सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज सप्रू ने स्कूल के प्रधानाध्यापक हिम्मत सिंह ढिल्लों की मौजूदगी में साइकिलिंग रेस को हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण लक्ष्य जांगिड़ द्वारा किया गया साहसी साइकिल स्टंट शो था, जो एक पेशेवर एमटीबी स्टंट राइडर और चार बार के विश्व चौंपियन होने के साथ-साथ साइकिल स्टंट में विश्व रिकॉर्ड धारक भी हैं। जूनियर वर्ग में लड़कियों में लॉरेंस स्कूल सनावर की आरिनी और लड़कों में स्टोक्स मेमोरियल शिमला के सार्थक ठाकुर ने पहला स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में लड़कियों और लड़कों में क्रमश: लॉरेंस स्कूल सनावर की मनस्वी बडोला और जीएमएसएस के अर्नव ने पहला स्थान प्राप्त किया।

# देवनानी चार देशों की यात्रा पर सोमवार को रवाना होंगे

## वे ऑस्ट्रेलिया में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के 67वें सम्मेलन में भाग लेंगे

जयपुर, 3 नवम्बर। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी चार देशों की यात्रा पर जायेंगे। देवनानी सोमवार को दिल्ली से दोपहर दो बजे आस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे। देवनानी आस्ट्रेलिया में आयोजित राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के 67 वें सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ की बैठक आस्ट्रेलिया में 5 से 8 नवम्बर तक होगी। आस्ट्रेलिया में सम्मेलन में भाग लेने के बाद देवनानी राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के पोस्ट कॉन्फ्रैंस स्टडी टूर के तहत इण्डोनेशिया, सिंगापुर और जापान भी जायेंगे और 20 नवम्बर को दिल्ली वापिस लौटेंगे।

- **5 से 8 नवम्बर सम्मेलन में भाग लेने के बाद देवनानी इण्डोनेशिया, सिंगापुर व जापान भी जायेंगे।**

इस अध्ययन यात्रा के दौरान देवनानी इन देशों में भारत के राजदूतों से मुलाकात करेंगे तथा इन देशों के विधायी निकायों का अवलोकन करेंगे और संसदीय प्रतिनिधियों से लोकतांत्रिक मूल्यों के सुदृढ़ि करण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श करेंगे। इस अध्ययन यात्रा से राजस्थान विधानसभा की कार्यप्रणाली को नई दिशा मिलेगी।


वासुदेव देवनानी

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का यह वार्षिक सम्मेलन है। यह सम्मेलन प्रतिवर्ष अलग-अलग देशों में आयोजित किया जाता है। देवनानी राष्ट्रमंडल ससदीय संघ की भारत क्षेत्र की कार्यकारी समिति के सदस्य भी हैं।

रविवार को विधानसभा में अधिकारीगण ने विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को पुष्प भेंट कर इस विदेश यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी चार देशों की यात्रा के दौरान राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ के सम्मेलन को आस्ट्रेलिया में सम्बोधित करेंगे। यात्रा के दौरान विधान सभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा भी विधान सभा अध्यक्ष के साथ रहेंगे। देवनानी इस विदेश यात्रा के दौरान ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर और जापान में रहने वाले प्रवासी राजस्थानियो, शिक्षाविदो, विभिन्न सामाजिक संगठनों और सिंधी समाज के प्रबुद्धजन से भी मुलाकात करेंगे।

# योगी को धमकी देने वाली महिला मुंबई से गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश, 03 नवंबर। यू.पी. के सी.एम. योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि, आरोपी महिला का नाम फातिमा खान (24) है। उसने शनिवार को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में मैसेज किया था। लिखा था- अगर योगी ने 10 दिन में इस्तीफा नहीं दिया तो बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करेंगे।

महिला ने ऐसा क्यों किया? इस बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। सूत्रों ने बताया कि महिला संपन्न परिवार से है, काफी पढ़ी-लिखी है। पुलिस ने उसे कहां से गिरफ्तार किया। इसका खुलासा नहीं किया है।

दरअसल, शनिवार को मुंबई पुलिस को धमकी भरा मैसेज मिला था। इसके बाद ही मुंबई पुलिस ने यूपी पुलिस को सूचना देने के साथ ही जांच शुरू कर दी थी।

यूपी पुलिस के एक सीनियर पुलिस अफसर ने कहा कि मुंबई पुलिस इसकी जांच कर रही है। शुरुआती जांच में यह भी पता चला है कि महिला मानसिक तौर पर स्वस्थ्य नहीं है।

# मुख्यमंत्री ने "राइज़िंग राजस्थान" के लिए टीम सऊदी अरब भेजी

## उद्योग मंत्री विश्नोई के नेतृत्व में टीम रियाद में इन्वैस्टर मीट में भाग लेगी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 03 नवंबर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में 9 से 11 दिसंबर तक राजधानी जयपुर में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार बड़े पैमाने पर देशी और विदेशी निवेशकों, संस्थाओं और कॉरपोरेट जगत के शीर्ष अधिकारियों से लगातार बैठकें कर रही हैं, ताकि आने वाले समय में प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश हो सके और 'विकसित राजस्थान' के लक्ष्य को पूरा करने की ओर बढ़ाया जा सके।


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- **प्रतिनिधि मंडल में वित्त (व्यय) सचिव नवीन जैन, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव संदेश नायक, डी.एम. आई.सी. के अतिरिक्त आयुक्त नवनीत कुमार भी शामिल हैं।**

इसी कड़ी में रविवार को उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के विश्नोई के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब के दौरे पर रवाना हुआ है। अपनी तीन दिवसीय यात्रा में यह प्रतिनिधिमंडल 4 नवंबर को रियाद में आयोजित इन्वेस्टर मीट में हिस्सा लेगा और सऊदी अरब सरकार के अधिकारियों एवं वहां के सार्वजनिक और निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों और व्यापार और व्यवसाय से जुड़े अन्य स्टेकहोल्डर्स से मुलाकात करेगा। इसमें सऊदी अरब के सहायक निवेश मंत्री इंजी. इब्राहिम युसेफ अल मुबारक से होने वाली मुलाकात शामिल है, जिसके दौरान सउदी अरब को 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के 'पार्टनर कंट्री' के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

सऊदी अरब के दौरे पर जा रहे राज्य सरकार के इस प्रतिनिधिमंडल में, राज्य मंत्री विश्नोई के अलावा, राजस्थान सरकार के वित्त (व्यय) विभाग के सचिव नवीन जैन, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव संदेश नायक, डी.एम.आई.सी. के अतिरिक्त आयुक्त नवनीत कुमार और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

सऊदी अरब से निवेश लाने के उद्देश्य से यह प्रतिनिधिमंडल अलफनार प्रोजेक्ट्स, एसएबीआईसी, एसईडी सीओ कैपिटल, अल मुहाइदीब ग्रुप, जेद्दा चैंबर, बिनज़ागर ग्रुप, बसम ग्रुप और अब्दुल्ला हाशिम कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ बातचीत करेगा।

इसके अलावा, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री विश्नोई सऊदी अरब में भारतीय राजदूत डॉ. सुहेल एजाज खान के साथ रियाद में आयोजित इंडिया फूड फेस्टिवल का संयुक्त रूप से उद्घाटन करेंगे। प्रतिनिधिमंडल सऊदी बिल्ड में इंडिया पैवेलियन के उद्घाटन समारोह, में भी भाग लेगा। साथ-ही-साथ, जेद्दाह में मौजूद एक पुरातात्विक स्थल, ओल्ड बलद का दौरा करेगा और उनके तथा राजस्थान के ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों के बीच साझेदारी के अवसरों की भी तलाश करेगा।

अपने सऊदी अरब प्रवास के दौरान यह प्रतिनिधिमंडल भारतीय मूल के लोगों और अप्रवासी राजस्थानी समुदाय के लोगों, जिन्होंने वहां नाम और प्रसिद्धि अर्जित की है और देश और राजस्थान को गौरवान्वित किया है, से भी मिलेगा और उन्हें अपनी जन्मभूमि से फिर से जुड़ने के लिए आमंत्रित करेगा।

## फर्रूखाबाद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पुलिस एवं पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि अशोक पालीवाल की उम्र करीब 60 वर्ष थी और घटना को अंजाम देने के समय वह घर पर अकेले थे, पत्नी बच्चे मुरादाबाद में थे। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ने बताया कि मृतक के पास से बरामद सुसाइड नोट के अनुसार अशोक पालीवाल ने बीमारी से तंग आकर आत्महत्या की।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक अशोक पालीवाल आज सुबह अपने घर के आंगन में खून से लथपथ पड़े होने की सूचना पुलिस को मोहल्ला पटवन निवासी उनके भाई सुरेश चंद्र पालीवाल ने दी।

# रणथम्भौर में चरवाहे को मारने वाले टाइगर की हत्या

बौंली-बामनवास, 3 नवंबर। सवाई माधोपुर के रणथंभौर नेशनल पार्क के निकट उलियाना गांव के पास एक खेत में टाइगर टी-86 मृत पाया गया।

माना जा रहा है कि, अज्ञात लोगों ने पत्थर एवं धारदार हथियारों से टाइगर की हत्या की है, क्योंकि, उसके शव के पास बडे-बडे पत्थर पाए गए हैं व उसके चेहरे पर धारदार हथियार की गहरी चोट है।

ज्ञातव्य है कि, दो दिन पहले रणथंभौर नेशनल टाइगर पार्क की दीवार के पास उलियाना गांव का एक चरवाहा, भारत लाल मीणा बकरियां चरा रहा था।

उसी समय किसी टाइगर ने उसे मौत के घाट उतार दिया था लेकिन यह पहचान नहीं हो पाई थी कि हमला किस टाइगर ने किया है।

इस मामले को लेकर ग्रामीण आंदोलन कर रहे थे। आज डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने सहमति के बाद आंदोलन खत्म करवाया।

- **नेशनल पार्क के पास उलियाना गाँव के पास एक खेत में टाइगर टी-86 मृत मिला। उसकी हत्या अज्ञात लोगों ने पत्थर और धारदार हथियारों से की।**

इस मामले को लेकर वन विभाग सीधा तौर पर कुछ भी कहने को तैयार नहीं है, लेकिन बाघ टी- 86 की मौत की पुष्टि करते हुए कहा है कि पोस्टमार्टम हो जाने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।


*सवाई माधोपुर के रणथंभौर नेशनल पार्क के निकट उलियाना गांव के पास टाइगर टी-86 की अज्ञात लोगों ने पत्थर एवं धारदार हथियारों से हत्या कर दी।*

# न्यूज़ीलैंड ने भारत दौरे में "क्लीन स्वीप" किया

## भारतीय टीम 92 साल के इतिहास में पहली बार न्यूजीलैंड से होम सीरीज़ 3-0 से हारी है

मुंबई, 03 नवंबर। न्यूज़ीलैंड ने रविवार को तीसरे और अंतिम टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम को 3-0 से क्लीन स्वीप कर इतिहास रच दिया। ज्ञातव्य है कि, यह पहला मौका है जब भारतीय टीम का अपनी ही धरती पर सूपड़ा साफ हो गया है। भारतीय टीम का हाल में घरेलू मैदानों पर शानदार रिकार्ड रहा है, लेकिन न्यूज़ीलैंड ने रविवार को दिखा दिया कि भारत अपने घरेलू मैदान पर अजेय नहीं है।

- **तीसरे टैस्ट में आज न्यूज़ीलैंड ने भारत को 25 रन से हराया। एजाज पटेल मैन ऑफ द मैच तथा बिल यंग प्लेयर ऑफ द सीरिज घोषित हुए।**

टॉम लैथम की कप्तानी वाली न्यूज़ीलैंड की टीम ने रविवार को तीसरे टेस्ट मैच में भारत 25 रनों हराकर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज़ में एतिहासिक क्लीन स्वीप किया। एजाज पटेल को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। वहीं विल यंग को प्लेयर ऑफ द सीरीज़ का पुरस्कार मिला।

न्यूज़ीलैंड ने 92 साल के टेस्ट इतिहास में पहली बार भारतीय टीम को सरज़मीं पर क्लीन स्वीप किया है। न्यूज़ीलैंड टीम ने पहली बार 1955 में भारत का दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से हार गयी थी। सीरीज के तीन मैच ड्रॉ रहे थे। फिर 1965 में न्यूज़ीलैंड की टीम भारत आई और इस बार भी उन्हें एक भी टेस्ट जीतने का मौका नहीं मिला। चार टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत ने न्यूजीलंड को 1-0 से हराया था और तीन मैच ड्रा रहे थे। इसके बाद न्यूज़ीलैंड 1969 में भारत दौरे पर आया और उस वक्त भारतीय धरती पर पहला टेस्ट जीता था। यह तीन मैचों की सीरीज़ न्यूज़ीलैंड 1-1 से बराबरी करने में कामयाब रही थी।

## पैंथर की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्होंने कहा कि लोगों की भीड़ के चलते पैंथर हमलावर हो गया और डरकर छुप कर बैठ गया, हो सकता है कि अंधेरे में रिहायशी इलाका छोड़ जंगल व पहाड़ी में चला गया हो, फिर भी एहतियात के तौर पर लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# पुलवामा से आतंकवादियों का मददगार गिरफ्तार

श्रीनगर, 03 नवंबर। जम्मू-कश्मीर में जहां शनिवार को सुरक्षाबलों ने लश्कर के कमांडर को ढेर कर एक बड़ी सफलता अर्जित की वहीं रविवार को पुलवामा से आतंकवादी के मददगार सज्जाद अहमद डार को गिरफ्तार किया। आरोपी का संबंध आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन से है और लंबे समय से वह उनके लिए काम करता रहा है। सुरक्षाबलों नेसज्जाद अहमद डार के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया।

जानकारी के मुताबिक सज्जाद अहमद डार की गिरफ्तारी मंगलवार को पकड़े गए आतंकी मौलवी दानिश बशीर अहंगर से मिले सुरागों के आधार पर हुई। दानिश को सेना की इंटेलीजेंस विंग की सूचना के आधार पर उस समय पकड़ा गया था जब वह अपनी स्कूटी की डिक्की में ग्रेनेड लेकर जा रहा था। दानिश से मिले सुरागों के आधार पर पुलवामा और उससे सेट इलाकों में निगरानी तेज कर दी गई और सज्जाद अहमद डार को गिरफ्तार कर लिया गया। तफ्तीश में पता चला कि वह हिजबुल मुजाहिद्दीन का पुराना मददगार रहा है।

# यम द्वितीया पर यमुना में दो लाख लोगों ने स्नान किया

## मथुरा के विश्राम घाट पर इस दिन भाई-बहन के स्नान का बहुत धार्मिक महत्व है

मथुरा, 03 नवंबर। यम द्वितीया के पावन पर्व पर रविवार को देश के विभिन्न भागों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने पतित पावन यमुना में स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। स्नान करने वालों में सबसे अधिक संख्या विभिन्न आयु वर्ग के भाई बहनों की थी। एस.एस.पी. शैलेश कुमार पाण्डे के अनुसार, आज यम द्वितीया के स्नान में दो लाख से अधिक लोगों ने यमुना में स्नान किया तथा इस दौरान कहीं पर भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना नही घटी। इसके लिए विशेष योजना बनाई गई थी। इसके तहत विश्राम घाट के स्नान स्थल को नावों से घेरना, बिना रुकावट के बिजली की आपूर्ति करना, महिलाओं के लिए अलग से चेंजिंग रूम बनाना, घाटों पर सादा वर्दी में महिला पुलिस की तैनाती आदि इंतजाम किए गए थे।

- **प्रशासन ने विश्राम घाट के स्नान स्थल का नावों से घेराव, बिना रूकावट बिजली की आपूर्ति, महिलाओं के लिए अलग चेंजिंग रूम, सादावर्दी में महिला पुलिस की तैनाती आदि का विशेष प्रबंध किया।**
- **देवरिया से आये 70 वर्षीय वेद प्रताप एवं लगभग इसी आयु की उनकी बहिन सुनीता ने इसे सुखद अनुभव बताया, वहीं, हल्द्वानी से आए किशोर रवीश और उनकी बहन के लिए यह एक अनूठा अनुभव था।**

धार्मिक ग्रन्थों के अनुसार यम द्वितीया के दिन मथुरा में विश्राम घाट पर भाई-बहन के साथ-साथ स्नान करने के संबंध में रोचक कथा है कि आज के ही दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर तिलक लगाने के लिए गए थे। वहां पर उनकी बहन ने उनका बहुत अधिक सत्कार किया तो प्रसन्न होकर यमराज ने उन्हें वरदान दिया कि यम द्वितीया के दिन जो भाई-बहन साथ-साथ विश्राम घाट मथुरा में यमुना में स्नान करेंगे उन्हें मोक्ष मिलेगा तथा उन्हें यमदूत परेशान नही करेंगे।

इसी के आधार पर आज मथुरा के विश्राम घाट पर विभिन्न आयु वर्ग के भाई बहन ने साथ साथ यमुना में स्नान किया। यह स्नान वैसे तो शनिवार की आधी रात बाद ही शुरू हो गया था किंतु सबसे अधिक भीड़ सुबह 8 बजे से 11बजे के बीच रही।

जिला प्रशासन ने अधिक भीड़ के समय लोगों को स्नान के लिए टुकड़ियों में भेजा। तीर्थयात्रियों ने स्नान के बाद यमुना किनारे स्थित धर्मराज मन्दिर में पूजा अर्चना भी की।

देवरिया से आये 70 वर्षीय वेद प्रताप एवं लगभग इसी आयु की उनकी बहिन सुनीता ने इसे सुखद अनुभव बताया, वहीं, हल्द्वानी से आए किशोर रवीश और उनकी बहन के लिए यह एक अनूठा अनुभव था। गुजरात से आए अधिकांश भक्त अपने साथ यमुना जल ले गए। घीसा पटेल ने बताया कि वे बड़ौदा में अपने घर पर जाकर धार्मिक आयोजन के साथ इस लोटी को खोलेंगे।

## केदारनाथ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थ यात्री श्री केदारनाथ धाम पहुंचे।

उल्लेखनीय है श्री बदरीनाथ धाम के कपाट इस यात्रा वर्ष 17 नवंबर को बंद हो रहे है।श्री गंगोत्री धाम के कपाट बीते शनिवार 02 नवंबर को शीतकाल हेतु बंद हो गये है।

वहीं, पवित्र गुरुद्वारा हेमकुंट साहिब तथा लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट बीते 10 अक्टूबर को बंद हो गये।

द्वितीय केदार मद्महेश्वर जी के कपाट 20 नवंबर को बंद हो रहे है तथा तृतीय केदार तुंगनाथ जी के कपाट कल सोमवार 04 नवंबर को बंद हो रहे है, जबकि चतुर्थ केदार रूद्रनाथ जी के कपाट 17 अक्टूबर को बंद हुए।

## दिल्ली में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एशिया में बौद्ध धर्म की विविध अभिव्यक्ति को एक साथ लाने का एक अनूठा अवसर है। संवाद के माध्यम से, समकालीन चुनौतियों का समाधान और बौद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए, शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एक ज्यादा उदार, स्थायी एवं शांतिपूर्ण विश्व में योगदान देना है, जो हमें मानवता के व्यापक कल्याण का पूर्ण आश्वासन देता है।

# भाजपा झारखंड में आदिवासी-मूलवासी को हटाना चाहती है-हेमंत सोरेन

## उन्होंने कहा, ये लोग खनिज सम्पदा का एक लाख 36 हजार करोड़ बकाया नहीं दे रहे

रांची,03 नवंबर। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यहां ना युनिफॉर्म सिविल कोड (यू.सी.सी.) लागू होगा ना नैशनल रैजिस्टर ऑफ सिटिज़न्स (एन.आर.सी.) होगा, यहां सिर्फ छोटा नागपुर एन्ड संथाल परगना टैनैंसी एक्ट (सी.एन.टी./ एस.पी.टी.) होगा। गढ़ वा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा कि, ये लोग घर परिवार को तोड़ने में लगे हैं। ये विषैला जहर उगलते हैं। उनके आगे विषधर भी असफल है। इन लोगों से बच के रहना है। पांच वर्ष के दौरान हम लोगों ने कितनी चुनौतियों का सामना किया यह आप सभी ने देखा है।

- **एक चुनाव सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखण्ड में ना यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होगा, ना नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिज़न्स, यहाँ केवल छोटा नागपुर एंड संथाल परगना टेनेन्सी एक्ट ही चलेगा।**

उन्होंने गढ़ वा में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (जे.एम.एम.) प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जुमलाबाज भाजपा के लोग यहां आने वाले हैं। ये लोग यहां का बेटा, आदिवासी - मूलवासी को हटाना चाहते हैं। जब हम लोगों ने सरकार गठन के बाद आपके लिए काम करना शुरू किया तो इन लोगों ने झूठे आरोप में मुझे जेल में डाल दिया। इन्हें यहां के आदिवासी- मूलवासी दलित, पिछड़ों से कोई मतलब नहीं है। इन्हें मतलब है तो यहां की खनिज संपदा से है और झारखंड के खनिज संपदा का एक लाख 36000 करोड़ हमारा बकाया ये नहीं दे रहे हैं।

सोरेन ने कहा, यहां की माता बहनों के सम्मान में हम आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। आने वाले 5 वर्षों में हर घर में एक लाख रुपये पहुंचने का काम करेंगे और हम लोगों ने कानून बना दिया है कि जिनके खाते में 1000 जा रहा है, वह 2500 रुपया हो जाएगा। इन्हें अगर मौका लग गया तो यह आपके शरीर से कतरा कतरा खून निकाल लेंगे। पांच वर्ष से ये सत्ता से बेदखल हैं। आज भारतीय जनता पार्टी का पेड़ सूखता जा रहा है। आने वाले समय में फिर 5 साल तक इन्हें बाहर करेंगे और इन्हें जड़ से उखाड़ कर देख देंगे।

सोरेन ने कहा ये लोग कहते हैं जेपीएससी और सीजेएल परीक्षा के जरिए हुई नियुक्ति की सीबीआई से जांच करेंगे। हमने सीजीएल परीक्षा की पूरी जांच कर ली है। लोग चिन्हित हो चुके हैं, जिन्होंने गड़बड़ी करने की कोशिश की, गड़बड़ी तो कर नहीं पाए लेकिन पकड़े जा चुके हैं चुनाव समाप्त होते ही वे सभी जेल जाएंगे।

सोरेन ने केंद्रीय गृहमंत्री को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इनके गृह मंत्री ने कहा है कि नक्सलवाद खत्म कर देंगे। हम पूछना चाहते हैं अगर नक्सलवाद खत्म नहीं हुआ तो पांच चरण में होने वाले चुनाव को दो चरण में कैसे करा रहें हैं। इससे साफ संकेत है कि इस राज्य में नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो चुका है। आने वाला समय बताएगा झूठ क्या है और सच क्या?

उन्होंने कहा, मैं यह जानना चाहता हूं कि बांग्लादेश के साथ अंदर ही अंदर कोई समझौता है क्या? बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री का अपने यहां प्लेन क्यों उतरने दिया? उसे किस आधार पर शरण दे रखी है? यह बताइए, झारखंड में बिजली उत्पादन होता है और बांग्लादेश में सप्लाई करते हैं और बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। बांग्लादेश की सीमा की सुरक्षा भारत सरकार के जिम्मे है, इसमें राज्य सरकार का कोई रोल नहीं। बांग्लादेश से घुसपैठ करने वाले आपके साथी राज्यों से घुसकर आते हैं, वहां क्यों नहीं रोकते हैं घुसपैठ।

सोरेन ने कहा मैया सम्मान योजना क्या मुसलमान के लिए है, हिंदुओं के लिए है, सिखों के लिए, ईसाइयों के लिए है, नहीं, यह योजना सभी के लिए है। यह देश का पहला राज्य है जो देश के कर्मचारी को बुढ़ापे की लाठी पेंशन देने का काम कर रहा है। ये लोग सबके बुढ़ापे लाठी छीन लेना चाहते हैं। ये लोग कहते हैं कि झारखंड सरकार पेंशन नहीं दे रही है। जबकि केंद्र सरकार से मिलने वाला पैसा तुम लोगों ने रोक रखा है। झारखंड के हिस्से का पैसा राज्य सरकार ने ना रोका है न कभी रोकेगी।

# उपचुनाव के बीच मुख्यमंत्री योगी अचानक दिल्ली पहुंचे

नई दिल्ली, 03 नवंबर। उत्तर प्रदेश में विधानसभा की 9 सीटों पर उपचुनाव होने हैं इसी बीच अचानक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली का दौरा कर रहे हैं। उपचुनाव की पूरी बागडोर संभाल रहे मुख्यमंत्री योगी दिल्ली पहुंचते ही यूपी सदन गए और फिर वहां से पीएम मोदी से मिलने के लिए निकले। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी मुलाकात करीब सवा घंटे तक हुई। इस मुलाकात की कोई पुख्ता वजह तो सामने नहीं आई है लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि यूपी की सियासत से जुड़े मुद्दे पर दोनों नेताओं के बीच अहम बातचीत हुई होगी।

मुख्यमंत्री योगी की यह मुलाकात केवल प्रधानमंत्री तक ही सीमित नहीं रही। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने पहुंचे। नड्डा से मुलाकात पर सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि दोनों नेताओं के बीच उपचुनाव और पार्टी संगठन के मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

वहीं सीएम योगी आज रात गृह मंत्री अमित शाह से भी मिलने वाले हैं। सीएम योगी के अचानक दिल्ली दौरे से सियासी गलियारों में सरगर्मी बढ़ गई है। इस मुलाकात के संदर्भ को लेकर कयास लगाने का सिलसिला जारी है।

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलकात की।**
- **योगी के अचानक दिल्ली दौरे से सियासी गलियारों में सरगर्मी बढ़ गई है।**

सीएम योगी के दिल्ली दौरे की अहमियत इसलिए बढ़ गई है क्योंकि राज्य में मीरापुर (मुजफ्फरनगर), कुंदरकी (मुरादाबाद), गाजियाबाद, खैर (अलीगढ़ ), करहल (मैनपुरी), सीसामऊ (कानपुर), फूलपुर (प्रयागराज), कटेहरी (अंबेडकर नगर) और मझवां (मिर्ज़ापुर) में उपचुनाव हो रहे हैं। सीएम के अचानक दिल्ली दौरे की संभावित वजहों में सबसे ज्यादा इसी की चर्चा है। माना जा रहा है कि चुनाव प्रचार को लेकर मंत्रणा के लिए सीएम योगी दिल्ली पहुंचे हैं।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908